राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, शनिवार, 15 जून 2024
वर्ष 05, अंक 256, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

इंटरलॉकिंग में हो रहा भ्रष्टाचार का खेल, अधिकारी मौन...03

मैक्रों, सुनक, जेलेंस्की... G7 Summit ने इतर पीएम मोदी ने जमाई अलग बैठक...12

# गैंडास बुजुर्ग आत्मदाह मामला हाईकोर्ट के निर्देश पर एसआईटी जांच

## समिति गठित जल्द शुरू होगी मामले की जांच

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में थाने द्वारा दलित युवक के दावे वाली ज़मीन कब्ज़ा करने और उसके बाद युवक द्वारा आत्मदाह करने के मामले में अब हाईकोर्ट के निर्देश के बाद पुलिसकर्मियों की संलिप्तता की जांच एसआईटी करेगी, जिसका उत्तर प्रदेश शासन स्तर से गठन कर दिया गया ह। इस समिति में दो उच्च अधिकारियों को नियुक्त किया गया है. इसमें एक एडीजी रैंक के आईपीएस अधिकारी और राजस्व अधिकारी को नामित किया गया है. यह समिति हाईकोर्ट के निर्देशन में कार्य करेगी और जांच के उपरांत अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट को बंद लिफ़ाफ़े में प्रस्तुत करेगी. मृतक दलित युवक की विधवा ने हाइकोर्ट ने रिट याचिका दायर करके इस मामले की सीबीआई से जांच करवाने की मांग की थी, जिस पर लखनऊ खंडपीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिसकर्मियों व अन्य के संलिप्तता की जांच के लिए एसआईटी के गठन की संस्तुति की थी।

**क्या है पूरा मामला :-**

मामला बलरामपुर जिले के गैंडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है. यही पास के धोबहा गांव के रहने वाले, दलित समाज से आने वाले राम बुझारत और उनके परिजनों के दावे वाली निर्माणाधीन थाने के पास एक प्लॉट था. उक्त प्लॉट का मामला सिविल न्यायालय में विचाराधीन था और न्यायालय ने उक्त जमीनी विवाद के मामले में कोर्ट कमीशन कर रखा था 23/10/2023 को जब थाने के गेट से सटे प्लॉट पर निर्माण के लिए पिलर का गड्ढा खुदवाया जाने लगा तो राम बुझारत ने इस अवैध निर्माण को रोकने के लिए तत्काल एक एप्लीकेशन थानाध्यक्ष को दिया. उस दिन महानवमी का त्यौहार मनाया जा रहा था। उसके एक दिन बाद दशहरे के दिन यानी की 24/10/23 को जब पुलिसकर्मियों द्वारा तमाम लोगों की मिलीभगत के साथ थाने के निर्माणाधीन भवन से सटी, जमीन पर जब पिलर खड़ा कर दिया गया तो राम बुझारत बेहद परेशान हो गया. उसने वहीं पर फेसबुक लाइव करते हुए आत्मदाह करके आत्महत्या की कोशिश की।

**6 दिन बाद हुई युवक की मौत :-**

जमीन के एक टुकड़े के लिए आत्मदाह करने वाले राम बुझारत की मौत 6 दिन बाद हो गयी। उसका अंतिम संस्कार भी हो गया लेकिन उसके परिजनों, उसकी पत्नी व बच्चों को न्याय नहीं मिल सका और धीरे-धीरे पीड़ितों की पुलिस व स्थानीय प्रशासन द्वारा न्याय मिलने की उम्मीद भी मरने लगी। आखिरकार, राम बुझारत की पत्नी कुसुमा देवी ने ष्टक्रक्क की धारा 156/3 के तहत न्यायालय में एक वाद दायर कर उक्त मामले में एफआईआर दर्ज करवाने की मांग की. जिला न्यायालय द्वारा मामले में राजस्वकर्मियों व अन्य के खिलाफ तो एफआईआर पंजीकृत किया गया. लेकिन पुलिसकर्मियों पर कतिपय कारणों से स्न्रढ्डक्रनहीं पंजीकृत की गई।

**इस मामले में हुए तमाम खेल :-**

बताया जाता है कि निर्माणाधीन थाना भवन के गेट के बगल यानी बाहर विवादित भूमि पर पुलिस संरक्षण में हुए पिलर का निर्माण देखकर राम बुझारत सहम गया था. पुलिस की दबंगई से उसे अपनी दावे वाली पुश्तैनी जमीन अवैध रूप से कब्जा होकर उसके हाथ से चले जाने का डर उसके मन में बैठ गया था। इसी से आहत व छुब्ध होकर राम बुझारत ने आत्मदाह का रास्ता चुना. इस मामले में डीएम अरविंद सिंह के निर्देश पर अपर जिला अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक नमृता श्रीवास्तव मजिस्ट्रेट जांच की अनुशंसा पर थानाध्यक्ष के साथ ही कार्यदायी संस्था से जुड़े अधिकारियों और पीड़ितों का बयान दर्ज किया। बताया जाता है कि अपर पुलिस अधीक्षक नमृता श्रीवास्तव ने अपनी प्रारंभिक जांच में थाने के प्रभारी पवन कुमार कन्नौजिया को दोषी माना. बताया जाता है उन्हीं की अनुशंसा पर निलंबन की कार्रवाई की गई. लेकिन यह कार्रवाई उनपर व पुलिसकर्मियों पर पर्याप्त नहीं थी। वहीं, दूसरी तरफ स्थानीय स्तर पर पुलिस के द्वारा किया गया खेल आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ था. थाना भवन का निर्माण कर रही कार्यादारी संस्था पुलिस आवास विकास निगम के अफसर की माने तो थानाध्यक्ष ने फोन करके पहले प्लॉट पर पिलर लगाने की बात कही थी. लेकिन थाना भवन के लेआउट से बाहर निर्माण का अधिकार न होने के कारण संस्था के लोगों ने इससे इनकार कर दिया था. इसके बावजूद विवादित जमीन पर पिलर का निर्माण कैसे हो गया, यह सवाल पुलिस व प्रशासन के उच्च अधिकारियों को परेशान कर रहा था।

**न्याय की उम्मीद खो चुका था राम बुझारत :-**

कहा जाता है कि पुलिस ने कार्यदाई संस्था लोगों व अन्य लोगों के साथ मिली भगत करते हुए राम बुझारत के दावे वाली जमीन पर अवैध निर्माण का टाइमिंग को भी बहुत सटीक ढंग चुना था. जिस दिन राम बुझारत के दावे वाली जमीन पर जेसीबी मशीन के माध्यम से पिलर खोदा गया था, उस दिन शनिवार था. उसके एक दिन बाद स्थानीय स्तर पर निर्माण की बात फैलने लगी थी। शनिवार, रविवार को अवकाश था. राम बुझारत ने सोमवार को थाना गैंडास बुजुर्ग पर इस बाबत शिकायती पत्र दिया और उसके दूसरे दिन दशहरे का त्यौहार था. थाने पर उसे करीब 3 घंटे तक बिठाए रखा गया. उसके बाद जब तमाम लोगों हस्तक्षेप किया तो उसे छोड़ा गया. लेकिन उससे कहा गया कि उक्त ज़मीन को पाने के लिए उसे कोर्ट से स्टे आर्डर लाना होगा. गौरतलब है कि 4 दिन छुट्टी होने के करण राम बुझारत को किसी तरह से स्टे आर्डर नहीं मिल सकता था।

**कब्जा करवाकर मंहगे दाम बेचने का था प्लान :-**

सूत्र बताते हैं, निर्माणाधीन थाने की जमीन के गेट के पास हो रहे इस अवैध निर्माण का मकसद दिया था कि छुट्टी के दिनों में राम बुझारत की पड़ी हुई जमीन पर अवैध रूप से पहले कब्जा कर लिया जाएगा. फिर आने वाले समय में कमर्शियल जमीन को महंगे दामों में बेच दिया जाएगा. लेकिन राम बुझारत को जब स्थानीय थाने के स्तर से न्याय मिलता नहीं दिखाई दिया तो उसमें आत्मदाह का प्रयास कर लिया. इस घटना में वह लगभग 60त्न झुलस गया था और और इस तरह से तत्कालीन थानाध्यक्ष समेत अन्य लोगों के अरमानों पर पानी फिर गया। बताया जाता है कि थाना भवन का निर्माण निर्धारित डीपीआर के अनुसार हो चुका था. लेकिन थानाध्यक्ष व अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा ठेकेदार व पुलिस आवास निगम के अधिकारियों तमाम जगहों पर की गई शिकायतों का निस्तारण न होने और स्थानीय स्तर व थाने पर सुनवाई न होने के कारण उसे मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा. एसओ और ठेकेदार की देखरेख में थाना भवन का निर्माण हो रहा था. छुट्टी का दिन होने के कारण अधिकांश श्रमिक भी अवकाश पर थे और इसी दौरान सारा का सारा खेल किया गया।


**जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने उठाया था कदम :-**

उक्त मामले में जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने मजिस्ट्रेट जांच में थानाध्यक्ष और पुलिसकर्मियों की भूमिका को संदिग्ध पाया और उसी समय 27/10/23 थानाध्यक्ष और अन्य पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कानूनी आदेश पुलिस अधीक्षक को दिए, परन्तु 6 महीने बीतने के बाद भी जब पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं कि गई और राम बुझरत का परिवार न्याय के लिए दर-दर भटकता रहा। तब मजबूरन जिला मजिस्ट्रेट अरविंद सिंह ने अपने कोर्ट से 35 पेज का न्यायिक आदेश 30/ 04/ 24 को पवन कन्नौजिया के विरूद्ध पारित किया और पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि थानाध्यक्ष व अन्य संलिप्त पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाए. लेकिन बलरामपुर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गइ।

**तीन पक्ष गए लखनऊ हाईकोर्ट :-**

फिर जब मामला तीन पक्ष हाईकोर्ट गए तो एक-एक करके तमाम तह खुलने लगे. पहला पक्ष पवन कुमार कन्नौजिया डीएम अरविंद सिंह के ज्यूडिशियल ऑर्डर के ख़िलाफ़ और उनके ऊपर कार्रवाई ना करने के लिए हाईकोर्ट गया. दूसरा पक्ष, राजेश वर्मा, जो कि तत्कालीन लेखपाल थे, जिन्हें डीएम ने नैतिकता के आधार पर सस्पेंड कर दिया था और कुसुमा देवी की शिकायत (CRPC 156/3) पर अभियोग पंजीकृत किया गया था. वह राहत पाने के लिए हाईकोर्ट गए. हाईकोर्ट ने लेखपाल के मामले की सुनवाई के दौरान भी पुलिस की कार्य शैली पर नाराज़गी जाहिर की थी और राजेश को अंतरिम राहत देने का काम किया था। हाईकोर्ट ने पवन कन्नौजिया के रिट पर एक महीने आगे का डेट लगाते हुए उनकी सैलरी रिलीज़ करने का आदेश दिया. यानी सैलरी रोकने के मामले में स्टे दिया. वहीं, राजेश वर्मा को अंतरिम राहत प्रदान की, जिससे उनकी गिरफ्तारी ना हो सके और वह जांच में सहयोग करते रहे. कुसुमा देवी के रिट पर हाईकोर्ट ने सख्त लहज़ा अपनाया. तीसरा पक्ष, कुसुमा देवी जो कि आत्मदाह करने वाले युवक की विधवा हैं, वह पूरे मामले की सीबीआई जांच के लिए हाइकोर्ट गई।

**कुसुमा देवी के रिट पर हुआ एसआईटी का गठन :-**




कुसुमा देवी के रेट पर हाईकोर्ट ने आर्डर करते हुए कहा कि इस मामले में पुलिस की जवाबदेही और उसके जांच की प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं है. पुलिस की भूमिका उन्हें प्रथम दृष्टि संदिग्ध नजर आती है. कुसुमा देवी की सीबीआई जांच की मांग को नकारते हुए हाईकोर्ट ने अपनी निगरानी में एक एसआईटी जांच समिति के गठन का आदेश शासन को दिया. हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट कर रखा था कि इसमें आईजी स्तर का अधिकारी शामिल हो जो पूरे मामले की जांच करके रिपोर्ट हाईकोर्ट बेंच को सौंपेगा। हाईकोर्ट के आदेश पर उत्तर प्रदेश सरकार के गृह विभाग ने कार्यवाही करते हुए दो सदस्य के साथ समिति का गठन किया है. इस एसआईटी जहां समिति में जय नारायण सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल लखनऊ व रामप्रकाश, अपर आयुक्त, देवीपाटन मंडल को गृह विभाग द्वारा जिम्मेदारी सोप गई है। बताया जाता है मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर करते हुए डीएम द्वारा दिए गए एफिडेविट व उसमें संलग्न न्यायिक आदेशों को सही माना था. वहीं, बताया जाता है, डीएम के आदेशों से ही पीड़िता कुसुमा देवी को न्याय मिलने की उम्मीद को बल मिला। पीड़िता कुसुम देवी की रिट में की गई अपील और डीएम अरविंद कुमार सिंह द्वारा मजिस्ट्रेट जांच करवाने के पश्चात पारित किए गए. हाइकोर्ट और जिलाधिकारी न्यायिक आदेशों के आधार पर पीड़िता कुसुमा देवी को अब न्याय की उम्मीद जगी ह। वहीं, संज्ञान में आया है कि शासन द्वारा सुझाए नामों पर हाईकोर्ट ने अभी मुहर नहीं लगाई है. हाईकोर्ट ने 12/ 06/ 2024 को रिट की सुनवाई करते हुए कहा था कि आप कुछ नामों की लिस्ट दें हम उनको तय करेंगे कि कौन कौन इस जांच समिति में शामिल होगा।

**कुसुमा बोली भरण पोषण के लिए मिले हक़ और न्याय :-**

पीड़िता कुसमा देवी ने हमसे बात करते हुए बताया कि जांच समिति का गठन किया गया है. इससे कहीं ना कहीं हमें न्याय की उम्मीद जगी है. उन्होंने कहा कि जब जांच पूरी होगी और सारे तथ्य सामने आएंगे तो कौन गलत था और कौन सही. इस बात का पता चल जाएगा. फिलहाल कुशमा देवी का कहना है कि उन्हें उनके पति के प्रति न्याय मिल जाए और उनके बच्चों के भरण पोषण के लिए वह प्लॉट जिसके कारण यह पूरी महाभारत हुई थी. इसके साथ ही दोषियों को सजा मिले। वहीं, इलाके के लोगों में यह मामला अभी भी चर्चा का विषय है. समय समय पर लोग इसकी चर्चा करते रहते हैं. अब देखना होगा कि आगे जांच में क्या क्या तथ्य सामने आते हैं।

# अमरावती को राजधानी बनाने की नायडू की घोषणा।

## किसानों का 4.5 साल पुराना विरोध प्रदर्शन समाप्त

स्वतंत्र प्रभात

दया शंकर त्रिपाठी

आंध्र प्रदेश में शासन परिवर्तन के बाद नए मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू द्वारा आन्ध्र प्रदेश में तीन राजधानियों का प्रारूप समाप्त करके अमरावती को ही राजधानी बनाये रखने की घोषणा के बाद अमरावती फिर से जीवंत हो उठी। आंध्र प्रदेश के अमरावती राजधानी क्षेत्र के किसान, जो पिछली वाईएस जगन मोहन रेड्डी सरकार के राज्य के लिए तीन राजधानियाँ बनाने के फैसले के खिलाफ पिछले साढ़े चार साल से आंदोलन कर रहे थे, ने बुधवार को एन चंद्रबाबू नायडू के राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के कुछ घंटों बाद अपना आंदोलन वापस ले लिया।

गौरतलब है कि हैदराबाद के लिए आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की संयुक्त राजधानी बने रहने की 10 साल की समय सीमा - एपी पुनर्गठन अधिनियम, 2014 द्वारा निर्धारित - इस साल 2 जून को समाप्त होने के साथ, अमरावती को विकसित करने का टीडीपी का प्रस्ताव अब अत्यावश्यक हो गया है।मार्च 2022 में, एपी उच्च न्यायालय ने तत्कालीन वाईएसआरसीपी सरकार को निर्देश दिया कि अमरावती को राज्य की राजधानी के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इसके बाद जगन सरकार ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जहां यह मामला तब से लंबित है।

आंध्र प्रदेश के अमरावती राजधानी क्षेत्र के किसान, जो पिछले साढ़े चार वर्षों से पिछली वाईएस जगन मोहन सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रहे थे। रेड्डी सरकार के राज्य के लिए तीन राजधानियां बनाने के फैसले के विरोध में, एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के कुछ घंटों बाद अपना आंदोलन वापस ले लियअमरावती परिरक्षक समिति (अमरावती संरक्षण समिति) और अमरावती संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) के आह्वान पर किसानों ने बुधवार शाम को थुल्लूर, वेंकटयापलेम और मंडादम जैसे विभिन्न गांवों में अपने तंबू हटा दिए।

अमरावती जेएसी के अध्यक्ष ए शिव रेड्डी ने कहा, "पिछले 1,631 दिनों से सभी समुदायों और जातियों के पुरुष और महिलाएं अमरावती को एकमात्र राजधानी बनाने की मांग को लेकर इन शिविरों में धरना दे रहे थे। अब जब नायडू सत्ता में आ गए हैं और अमरावती के गौरव को बहाल करने की घोषणा की है, तो हमने आंदोलन वापस लेने का फैसला किया है।"

**2019 में जगन मोहन रेड्डी ने तीन राजधानियों की घोषणा की थी।**

वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने के कुछ महीनों बाद 17 दिसंबर, 2019 को जगन मोहन रेड्डी ने राज्य के लिए तीन राजधानियों के निर्माण की घोषणा की - विशाखापत्तनम को कार्यकारी राजधानी और कुरनूल को न्यायिक राजधानी, जबकि विधानसभा की कार्यवाही के संचालन के लिए अमरावती को विधायी राजधानी के रूप में बरकरार रखा गया। इसके परिणामस्वरूप 28,526 किसानों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया और लैंड पूलिंग सिस्टम (एलपीएस) के तहत अमरावती में राजधानी शहर के निर्माण के लिए 34,385 एकड़ तक अपनी जमीन दे दी।उच्च न्यायालय और बाद में सर्वोच्च न्यायालय में कानूनी लड़ाई लड़ते हुए, किसानों ने लाठीचार्ज, मुकदमों और कारावासों का सामना करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन, धरना, पदयात्रा और सड़क अवरोध जारी रखा।

वाईएसआरसीपी के राज्य विधानसभा चुनाव हारने के तुरंत बाद, अधिकारियों ने झाड़ियों और पेड़ों को साफ करना शुरू कर दिया, जो पिछले पांच सालों में अमरावती को बिना किसी विकास के छोड़ दिए जाने के बाद उग आए थे। ए शिव रेड्डी ने कहा, "अब, नायडू के कार्यभार संभालने के बाद, अधिकारियों ने अमरावती रोड पर बिजली की आपूर्ति बहाल कर दी है, जो अब फिर से चमक रही है"।

**अमरावती शहर 2015 में आकार लिया था।**

217 वर्ग किलोमीटर में फैले अमरावती शहर ने 2015 में आकार लिया था, राज्य के विभाजन के बाद नायडू के आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बमुश्किल एक साल बाद। लेकिन 2019 में वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के विधानसभा चुनावों में जीत के बाद इसका विकास रुक गया। यह परियोजना नायडू के दिल के करीब रही है, खासकर तब से जब आंध्र प्रदेश ने हैदराबाद को तेलंगाना में खो दिया , जो 2014 में इससे अलग होकर बना राज्य था।

**नायडू के कार्य काल में सचिवालय हाईकोर्ट भवन विधायक निवास बन कर तैयार थे।**

नायडू के पिछले कार्यकाल के दौरान विधायकों और एमएलसी, एआईएस अधिकारियों और सचिवालय कर्मचारियों के लिए फ्लैट बनाए गए थे, लेकिन अंतिम चरण में काम बाकी था। उनके कार्यकाल के दौरान उद्घाटन किया गया एक उच्च न्यायालय भवन बनकर तैयार है, साथ ही सचिवालय और विधायी परिसर भी बन रहे हैं। 2016 में तैयार किए गए राजधानी शहर के मास्टर प्लान में परियोजना की अनुमानित लागत 50,000 करोड़ रुपये बताई गई थी। योजना कृष्णा नदी के दक्षिणी तट पर गुंटूर जिले में एक ग्रीनफील्ड शहर विकसित करने की थी। शहरी नियोजन कंपनी सुरबाना जुरोंग के नेतृत्व में सिंगापुर की फर्मों का एक संघ मास्टर प्लानर और नियोजन, शहरी डिजाइन, बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास नियोजन के लिए प्रमुख सलाहकार था।

**अमरावती को राजधानी बनाना नायडू का पसंददीदा परियोजना थी।**



अमरावती को राजधानी के रूप में विकसित करना टीडीपी अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू की पसंदीदा परियोजना थी, जिसने राज्य के विभाजन के बाद नायडू के आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बमुश्किल एक साल बाद 2015 में आकार लिया था।हालाँकि, 2019 में, आंध्र प्रदेश की बौद्ध विरासत के नाम पर बने इस शहर का विकास रुक गया था, जब वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) को राज्य विधानसभा चुनावों में भारी जीत दिलाई थी। मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, जगन ने तीन राज्य राजधानियाँ बनाने का निर्णय लिया ङ्क विशाखापत्तनम को "कार्यकारी राजधानी", अमरावती को "विधायी राजधानी" और कुरनूल को "न्यायिक राजधानी÷ ङ्क जिससे अमरावती में सभी निर्माण परियोजनाएँ रुक गईं। अमरावती राजधानी के विकास पर जगन की रोक से उस क्षेत्र के किसान तबाह हो गए, जिन्होंने इस उद्देश्य के लिए अपनी जमीनें दान कर दी थीं।शहर के मास्टर प्लान के अनुसार, जिन लोगों ने जमीन दान की थी, उन्हें नई राजधानी में बनने वाले कई आवासीय टावरों में आनुपातिक रियल एस्टेट स्थान दिया जाना था। जब जगन ने क्षेत्र में सभी निर्माण गतिविधियों को रोक दिया, तो अपनी जमीन दान करने वाले किसानों ने ÷अमरावती को बचाने÷ के लिए एक संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) का गठन करते हुए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू किया था।

**जमीनों का दाम घट गए थे।**

पहले से ही, अमरावती में अचल संपत्ति की कीमतें, जो पिछले पांच वर्षों में सबसे निचले स्तर - 3,500 रुपये प्रति वर्ग गज - पर पहुंच गई थीं, कई गुना बढ़ गई हैं। ÷अब कीमतें 45,000 रुपये प्रति वर्ग गज होने का अनुमान है। तुल्लूर के रियल एस्टेट एजेंट सुभाकर वेमुलापल्ली ने कहा, राजधानी क्षेत्र आंध्र प्रदेश में सबसे अधिक मांग वाला रियल एस्टेट गंतव्य बनने जा रहा है। कई स्थानीय किसानों और रियल एस्टेट एजेंटों ने कहा कि भाजपा, जो अब टीडीपी की सहयोगी है, भी अमरावती को राजधानी बनाने के पक्ष में है, क्योंकि उन्हें अब इससे मोटी कमाई होने की उम्मीद है।अक्टूबर 2015 में जब नायडू ने अमरावती राजधानी की आधारशिला रखी थी, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके साथ थे। मोदी ने सराहना और समर्थन के तौर पर अमरावती में यमुना का पानी और भारत के संसद भवन की मिट्टी लाकर रखी थी। अमरावती को सिंगापुर के मॉडल पर विकसित किया जाना था।

नायडू के लिए अमरावती एक प्रतिष्ठित परियोजना रही है, क्योंकि 2014 में आंध्र प्रदेश से अलग होकर तेलंगाना राज्य बना था, जिसके हैदराबाद पर कब्जा हो गया था। नायडू दो कार्यकाल तक अविभाजित आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे और उन्हें हैदराबाद को देश के प्रमुख आईटी केंद्रों में से एक के रूप में विकसित करने का श्रेय दिया जाता है।

# पटेल नगर में पानी के लिए त्राहिमाम करती जनता का असली गुनहगार क्षेत्र का विधायक दें स्तीफा एस के चौबे



स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली** पटेल नगर इस समय दिल्ली का पटेल नगर पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहा है पटेल नगर विधान सभा के पंजाबी बस्ती, होली चौक, नेपाली मंदिर, गुलशन चौक, गायत्री कॉलोनी, अंबेडकर पार्क, शिव मंदिर, जोगी बस्ती, भील बस्ती सीताराम पार्क क्षेत्र की भौगोलिय स्थिति पहाड़ी पर बसे होने के कारण ऊंची नीची है जिसके कारण नल से जल की सप्लाई आज तक नही हो पाई, उपरोक्त इन क्षेत्रों में टैंकर से पानी आना संभव हो पाता है जबकि चुनाव चाहे कोई भी हो सब के सब उम्मीदवार उपरोक्त क्षेत्रों में पहला मुद्दा नल से जल देने का ही बनाते है और इसी मुद्दे पर वोट मांगते है। इसी तरह वादा करके विगत विधान सभा चुनाव में यहां के विधायक माननीय राज कुमार आनंद भी विधायक बने जिन्होंने सब उम्मीदवारों से दो कदम आगे बढ़ाकर बोला था कि चुनाव जीतने के बाद छः महीने में नल से जल जनता को दे दूंगा। अब स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि जनता घूट भर पानी के लिए तरस रही क्योंकि टैंकर माफिया का कारोबार अपने चरम स्तर पर पहुंच चुका है जिसमे पूरा सहयोग दिल्ली जल बोर्ड के साथ चुने गए विधायक व उनके लोगों की है। आज हमारे विशेष संवाददाता ने क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी व राजनीतिक कार्यकर्ता एस के चौबे से बात किए जिसके दौरान एस के चौबे ने पानी के लिए तरसती जनता की समस्या का जिम्मेदार क्षेत्र के विधायक को माना और उन्होंने ने बताया कि पटेल नगर की जनता का दुर्भाग्य रहा कि ऐसे विधायक को इस जनता ने चुना क्योंकि जिस 50 डिग्री सेल्सियस तापमान में बाहर निकलने के बाद आदमी झुलस जाता हो उस तापमान में जनता पानी के लिए भटक रही है और ये जनता के द्वारा चुना हुआ विधायक सेवा करने के बजाय भगोड़ों की तरह जनता को मरता छोड़ राजनीति करने में मशगूल है। अगर विधायक में थोड़ी सी भी इंसानियत है तो जनता को इस गंभीर समस्या से निकाले या इस्तीफा देकर घर में बैठ जाय और भी चौबे ने सीधे जल बोर्ड के अधिकारियों को भी चेतावनी दिए कि इस गंभीर समस्या से जनता को निजात दिलाए अन्यथा जनता से सीधा सामना करना पड़ेगा इन जल बोर्ड के शोहदे अधिकारियों को। जनता को पानी किसी भी हाल में उपलब्ध कराना होगा उसके लिए जल बोर्ड टैंकर की व्यवस्था चाहे कैसे भी करें। आज टैंकर न होने का रोना रोकर जल बोर्ड लोगों को प्यासा नही मार सकता। अगर एक हफ्ते में पानी की समस्या का निदान जल बोर्ड द्वारा नही किया गया तो जनता सड़क पर उतरने को मजबूर होगी।

## कानपुर में प्रचंड गर्मी से दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा

**कानपुर।** कानपुर जनपद में अभी भी गर्मी सितम ढा रही है आज कानपुर का दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री रहा लोग दोपहर में घर से नहीं निकल रहे हैं और दुकानदार भी दोपहर में दुकानें बंद करके घर पर ही आराम कर रहे हैं क्यों कि दोपहर में ग्राहक भी नहीं आ रहे हैं। आज 14 जून तक इतनी प्रचंड गर्मी कि कूलर,एसी भी ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। गर्मी इतनी है कि घर से निकलने पर ऐसा लगता है कि कोई जला रहा हो। लोग केवल अब वर्षात का ही इंतजार कर रहे हैं। इधर मौसम विभाग की सूचना के अनुसार अभी मानसून आने में कुछ दिन और लगेंगे। जब तक इस गर्मी को लोगों को सहन करना पड़ेगा। एक दो वर्षात के बाद ही गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कनपटी पर तमंचा सटाकर युवक को धमकाने के आरोप में केस दर्ज



**बस्ती।** बस्ती जिले में तमंचा सटाकर युवक को धमकाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो लालगंज थानाक्षेत्र का बताया जा रहा है, पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। वही वीडियो वायरल होने के बाद एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने एसओ को केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस की जांच में पता चला कि एक आरोपी लालगंज और दूसरा मुंडेरवा थानाक्षेत्र का रहने वाला है। वीडियो फुटेज में आरोपी तमंचा सटाकर तिघरा निवासी अमित को धमकी दे रहा है। पीड़ित युवक के पिता की तहरीर पर आरोपी मंजीत निवासी जिगिनादेव और शिवा निवासी खखरा अमानाबाद के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इस मामले सीओ सत्येन्द्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर उन्हें दबिश देने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही युवकों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में पॉक्सो और एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज



**बस्ती** बस्ती जिले के लालगंज थानाक्षेत्र में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता को घर में अकेले पाकर कई बार अपनी हवस का शिकार बनाया था। चार माह की गर्भवती होने के बाद उसने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की जांच सीओ रुधौली ने शुरु कर दी है। तहरीर के मुताबिक दलित परिवार की किशोरी आरोपी के घर बर्तन धुलने जाती थी। वहीं से आरोपी मिलने-जुलने लगा और जब घर पर कोई नहीं होता तो लड़की से दुष्कर्म करता था। जब परिवार के लोगों ने उसके शरीर में बदलाव देखा और तो अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने बताया कि वो चार माह की गर्भवती है। बुधवार को लड़की के पिता ने उसको लेकर थाने में जाकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी आकाश गुप्ता निवासी ग्राम खोरिया के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### विद्युत विभाग की लापरवाही का दंश झेल रहे ग्रामीण



**हरैया सतधरवा बलरामपुर** आपको बताते चले यह पूरा मामला जनपद बलरामपुर के विकासखंड हरैया सतधरवा के ग्राम पंचायत पहरूया बनघुसरी का है जो कि बजरडीह से पहरूया बनघुसरी के लिए जाने वाली 11000 लाइन के तीन पोल टूट जाने के कारण यहां की विद्युत व्यवस्था पिछले दस दिनों से पूरी तरह बाधित है ऐसे में भीषण गर्मी से ग्रामीण अंचल के आमजन परेशान है कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत करने पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है

यहां के ग्रामीण गंगाराम वर्मा, समय प्रसाद ,चेतराम वर्मा, राम अभिलाख मौर्य, लालता प्रसाद मौर्य, राम शंकर , शिवानंद पांडे, रामकेवल, राजेश वर्मा आदि लोगों का कहना है कि पिछले 10 दिनों से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह बाधित है हमने कई बार कंप्लेंन भी किया है अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है हमारे संवाददाता द्वारा विद्युत विभाग के एसडीओ से संपर्क करने पर बताया गया शिकायत मिली है जल्द ही शिकायत का निस्तारण कर विद्युत व्यवस्था बहाल किया जाएगा।




## विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सेवा ब्लड बैंक एवं रोटरी क्लबबस्ती सेंट्रल ने रक्तदाताओ को सम्मान देकर किया उत्साहित

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सेवा ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं ब्लड डोनर ड्ड समाजसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर एस दुबे द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हर साल 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। ताकि रक्तदान को बढ़ावा दिया जा सके। रक्तदान से दूसरे को जीवन दान दिया जा सकता है इसलिये इस महादान में सभी को बढ़- चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिये। कई बार मरीजों के शरीर मे खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी अन्य व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पर जाती है ऐसे ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिये लोगों को रक्तदान के लिये आगे आना चाहिये। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि अपर चिकित्सा अधिकारी डॉ एस बी सिंह ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदान करें और रक्तदान के लिये दूसरों को जागरूक करें। रोटरी क्लब बस्ती सेंट्रल से चार्टर सचिव एल के पाण्डेय ने कहा कि रक्त की आवश्यकता किसी को भी पड़ सकती है इमरजेंसी में और उसके लिए ब्लड बैंक में खून का होना जरूरी है इसीलिए विभिन्न क्षेत्रों में लगातार ब्लड डोनेशन कैंप लगाया जाता है। कहा कि हमारी संस्था सेवा ब्लड बैंक के साथ गाँवो में लोगो को निरंतर जागरूक कर रही है और रक्तदान से होने वाले लाभ को विस्तार दे रही है। सभी लोगों से विशेष अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग रक्तदान करें।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब बस्ती सेंट्रल , साथी हाथ बढ़ाना ट्रस्ट, बस्ती घर फाउंडेशन, उत्थान चेरिटेबल ट्रस्ट, विशाल नर्सिंग होम सहित अनेको संस्था से लोगो ने रक्त दान किया। कार्यक्रम में सेवा ब्लड बैंक से रक्तकोष अधिकारी डॉ अनिल श्रीवास्तव एवं रक्त कोष के सचिव नीरज अग्रवाल, रो कवीश अवरोल, रो अच्यूत अग्रवाल, रो श्याम धर सोनी, तारक जायसवाल, नंदकिशोर गुप्ता, कृष्णनंदन उपाध्याय, राना नागेश प्रताप सिंह,शिखर सावलानी, गौरव सिंह, आदर्श सिंह, श्याम नारायण यादव, दिव्यांशु दूबे, अभिषेक शुक्ला, राजेश सिंह, ओपी पटेल, पंकज।

## विश्व योग दिवस पर योग यज्ञ साथ साथ होंगे- ओम प्रकाश आर्य

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती** विश्व योग दिवस 21 जून के दिन किसान डिग्री कॉलेज बस्ती में होने वाले योग प्रोटोकॉल अभ्यास के समय योग और यज्ञ एक साथ चलेंगे। मालवीय रोड स्थित हरी मैरिज हाल में डा प्रवेश कुमार मुख्य संरक्षक पतंजलि योग समिति की अध्यक्षता में आज प्रगति बैठक में यह जानकारी देते हुए ओम प्रकाश आर्य जिला भारत स्वाभिमान ट्रस्ट यूनिट बस्ती ने बताया कि जिले के सभी तहसीलों में संस्था के योग शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा योग प्रोटोकाल का अभ्यास कराया जा रहा है। संस्था अन्य सामाजिक संस्थाओं और प्रशासन को योग प्रोटोकॉल के अभ्यास में योग शिक्षकों के माध्यम से मदद करेगी। डा नवीन संयुक्त सचिव इंडियन योग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने बताया कि जन जन को योग से जोड़ने के लिए सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से सम्पर्क करने का दायित्व डा वीरेन्द्र त्रिपाठी महामंत्री पतंजलि योग समिति बस्ती को सौंपा गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष नवल किशोर चौधरी को व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर रश्मि गुप्ता महामंत्री महिला पतंजलि योग समिति बस्ती ने कहा कि बबली शर्मा, पुष्पा सिंह, मीरा सिंह, सत्या पाण्डेय, रजनी मिश्रा,सहित अनेक बहनों को जिले के विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कराने के लिए भेजा जाएगा। इस अवसर पर जवाहर लाल, सुभाष चन्द्र आर्य, राममोहन पाल, अजीत कुमार पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, सुरेंद्र शर्मा, चंद्रप्रकाश चौधरी, गरुड़ ध्वज पाण्डेय, रत्नेश कुमार मिश्रा, विजय कुमार, हिमांशु यादव, भानु बाबू, रामनाथ आदि को जनसंपर्क कर लोगों को जानकारी देने का दायित्व सौंपा गया।

## बस्ती में सुबह टहल रहे तीन बुजुर्ग बस की चपेट में आने से दो की मौत

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले के मुंडेरवा कस्बे में बृहस्पतिवार को सुबह टहलने निकले तीन बुजुर्गों को रोडवेज बस ने कुचल दिया। तीनों को अस्पताल ले जाया गया जहां दो की मौत हो गई। मुंडेरवा कस्बा निवासी राजेंद्र चौधरी (72), बाबूराम भट्ट (70) और रामचंद्र गुप्त (55) रोजाना की तरह गुरुवार की भोर में मुंडेरवा कस्बे से कांटे मार्ग पर टहलने निकले थे। उमरी अहरा गांव से थोड़ी दूर मस्जिद के पास बस्ती की ओर से आ रही रोडवेज बस ने उन्हें कुचल दिया। आसपास के लोग दौड़े लेकिन चालक ने गति बढ़ा दी और वह बस लेकर संतकबीरनगर की तरफ भाग निकाला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची मुंडेरवा पुलिस ने तीनों घायलों को तत्काल कैली हॉस्पिटल भिजवाया। यहां चिकित्सकों ने राजेंद्र चौधरी को मृत घोषित कर दिया। गम्भीर रूप से घायल बाबूराम भट्ट को बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में सहजनवां के पास उनकी भी मौत हो गई। तीसरे घायल रामचन्द्र गुप्त को इलाज के बाद चिकित्सकों ने घर भेज दिया। रामचंद्र गुप्त ने बताया कि रोडवेज की बस ने पीछे से ठोकर मार दी। राजेंद्र चौधरी और बाबूराम भट्ट क्षेत्र के किठउरी गांव के मूल निवासी थे।

## सिपाही को छात्रा से अश्लील बात करना पड़ा भारी

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में तत्कालीन सीओ सिटी विनय सिंह चौहान का प्रकरण थमा ही नहीं था कि एक बार फिर बस्ती पुलिस विभाग के सिपाही की करतूत से खाकी शर्मसार हो गई। ताजा प्रकरण में एक सिपाही ने फोन पर छात्रा से अश्लील बात की। बातचीत का रिकार्ड सोशल मीडिया 'एक्स' पर वायरल होने के बाद डायल 112 के सिपाही पवन यादव को लाइन हाजिर कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो क्लिप के सत्यता की पुष्टि नहीं करता।

आरोप है कि मुंडेरवा थाने के एक गांव मे भूमि विवाद की सूचना पर वहां गए सिपाही ने छात्रा कि मोबाइल नंबर ले लिया था। आरोप है कि डायल 112 में तैनात सिपाही ने फोन पर छात्रा से अश्लील बात की। जिसका वायरल ऑडियो सामने आया है। कांस्टेबल और छात्रा की बातचीत के आडियो को 'एक्स 'पर पोस्ट कर कार्रवाई किए जाने की बात कही गई। ऑडियो क्लिप सामने आने के बाद सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया गया है। वायरल हो रहा सिपाही और छात्रा के बीच का ऑडियो 36 सेकेंड का है। जिसमें सिपाही, छात्रा की बॉडी को लेकर अश्लील बातें कर रहा है। जिसका विरोध भी छात्रा कर रही है, लेकिन सिपाही हंसकर बात को टाल देता है। यह ऑडियो वाट्सएप के कई ग्रुपों पर भी शेयर किया गया है। इस बाबत अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने बताया को लाइन हाजिर किया गया है।

## स्वक्षता अभियान में नवनिर्मित आदर्श नगर पंचायत साबित हो रहा फिसड्डी

**● कचरे के जगह जगह डंपिंग से स्थानीय जनता का जीना दुश्वार**

**आधे अधुरे नाली ढक्कन के कारण स्थानीय लोगों में गुस्सा**




**बलरामपुर** नगर पंचायत को बने लगभग 3 साल गुजर जाने के बाद भी नगर में साफ-सफाई की व्यवस्था को मानो ग्रहण लग गया है। पंद्रह वार्ड में सफाई व्यवस्था बदहाल है। एक ओर स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने को लेकर सरकार स्वक्षता का महा अभियान चला स्वक्षता पखवारा मना रहा और लाखों करोड़ों की खर्च की जा रही है लेकिन फिर भी इतना धन खर्च के बाद भी नगर पंचायत गैसड़ी के स्वक्षता की तस्वीर जो दिख रही वह काफी दयनीय है ।इसके बाद भी जिम्मेदार के द्वारा सुध नहीं ली जा रही है। नगर पंचायत के नालियों के पानी का जमाव होने से जनता परेशान है हाल यह है कि नाली पर ढक्कन लगाने का कार्य भी अधूरा है इसके साथ नालों में गन्दगी का अंबार देखा जा रहा है ।जिसके कारण उठती बदबू से लोग परेशान हो रहे हैं। इसी प्रकार वार्डो में कचरे का ढेर लगा है। जलनिकासी व टूटी सड़को की समस्या भी नगर गैसड़ी में देखी जा रही है नाली से निकासी नहीं होने से कई स्थानों पर प्रदूषित जल सड़को पर बहता देखा जा रहा जिसकी जानकारी सूत्रों के द्वारा मिल रही।नगर में कूड़ेदान की बदबू से लोगों का बुरा हाल है। नगर पंचायत में स्वच्छता अभियान की स्थित काफी खराब स्थिति में है। लोगों ने बताया यह सब नगर पंचायत की उदासीनता का परिणाम है। रोड किनारे पसरी गंदगी के कारण दुकानदार व्यापारी भी परेशान हैं। रोड किनारे चलने वाले लोगों को नाक में रूमाल रखकर आना-जाना पड़ता है। जबकिं इस सम्बंध में सफाई कर्मचारी भी गंभीर नहीं है। इन सबके बाद भी जनप्रतिनिधि भी रूचि नहीं दिखाते हैं। इन सबके कारण स्थानीय लोगों को परेशान होना पड़ता है। देखने वाली बात यह है कि जब नगरीय क्षेत्र गैसड़ी का यह आलम है तो अन्य वार्डो में क्या स्थित होगी यह जांच का विषय है । इस मामले में जब अधिशासी अधिकारी और जनप्रतिनिधि नगर अध्यक्ष को फोन लगाया गया तो उनका फोन नही उठने से पक्ष नही मिल सका।

## मिट्टी खनन पर नही लग रहा अंकुश क्षेत्र की सड़कों पर फर्राटे भर्ती मिट्टी की ट्रालियां

**● स्वच्छ भारत मिशन और पर्यावरण संरक्षण को पलीता लगा रहे खनन माफिया**

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर** प्रदेश की योगी सरकार के कड़े आदेश के बाबजूद खनन अधिकारी और पुलिस की साठ गाठ से चल रहा है अवैध खनन के काले कारोबार से मिट्टी के लदे ट्रैक्टर व डंपर से मुख्य बाजार की पूरी रोड पर मिट्टी ही मिट्टी दिख रही। सूत्र बताते है कि पूरी रात मिट्टी से लदे ट्रैक्टर निकल रहे है जिसके कारण ट्रैक्टर से दुर्घटना होती है। मिट्टी की वाहन बाजार में धूल उड़ाकर निकलते रहते है और जिससे संक्रमित बीमारियों के फैलने की आशंका भी रहती है ।

वही अगर सूत्रों की बात करे तो बलरामपुर जनपद में अवैध खनन करने वालों की जड़े बहुत मजबूत है।इसके ख़िलाफ़ आम आदमी मूक बना हुआ है।वही अधिकारी धन उगाही में कोई कमी नही छोड़ रहें।आप इस बात को इस तरह से खुद ही समझ सकते हो कि नगर के बीचो बीच से मिट्टी के लदे ट्रैक्टर और डंफर कैसे निकल रहे और गस्त करती पुलिस की निगाह उनपर न पड़ी हो ऐसे ही जनपद के अन्य स्थानों पर भी अवैध खनन के कारनामे चल रहे जो जांच का विषय है ।जिसमे खनन अधिकारी की चुप्पी बड़ा सवाल पैदा कर रहा है ।जिस पर एक पुरानी कहावत सही बैठती है जब सैंया भये कोतवाल तो फिर डर काहेका।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पेडरिया विकास खंड गौर जनपद बस्ती

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जनपद बस्ती में मनरेगा, राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त, बी. आर. जी. एफ. एक अन्य योजना के अर्न्तगत वर्ष 2024/2025 कराये जाने वाले कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदाएं इच्छुक आपूर्तिकर्ताओ से दिनोंक 14/06/2024 से दिनाँक 19/06/2024 को 2.00 बजे तक आमांत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदाएं ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत की उपस्थित में निविदाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष उसी दिन उपराहन 2.00 बजे निविदा खोली जायेगी। किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से नियमानुसार निविदा मूल्य प्राप्त की जा सकती है। निविदा दाता नियतानुसार 1-टिन नं0 2-पेन नं0 की मूल प्रतियों प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**शर्ते**

1. अनुबंध गठन के समय धरोहर धनराशि 6 प्रतिशत एन.एस.सी/एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अनुमान्य ग्राम पंचायत पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जोग्राम पड़रिया के पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जमा करना होगा।
2. न्यूनतम दर वाले निविदादाता/आपूर्तिकर्ता आदेश उपरान्त 7 दिनो के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की सीमा क्षेत्र के किसी भी स्थल पर हो सकती है। अधोमानक सामग्री क्षेत्र के आपूर्ति होने पर आपूर्ति आदेश निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी ।
4. नियमानुसार देय आयकर, व्यापारकर, रायल्टी, स्टैम्प ड्यूटी आदिर देना आवश्यक होगा 1
5. सशर्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
6. प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रो में पहले यह परीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता ने समस्त वाच्छित प्रमाणपत्र को संलग्न किया है। या नहीं इनमें किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर निविदादाता द्वारा दी गयी दरें तुलनात्मक विवरण में अंकित नही की जायेगी ।
7. निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत पड़रिया के पास सुरक्षित अधिकार होगा।

**ग्राम प्रधान राशिदा खातून**
**ग्राम पंचायत पेडरिया**
**विकास खंड गौर, जनपद बस्ती**

**सचिव आरती सिंह**
**ग्राम पंचायत पेडरिया**
**विकास खंड गौर जनपद बस्ती**

## कार्यालय ग्राम पंचायत खुटहना विकास खंड गौर, जनपद बस्ती

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जनपद बस्ती में मनरेगा, राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त, बी. आर. जी. एफ. एक अन्य योजना के अर्न्तगत वर्ष 2024/2025 कराये जाने वाले कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदाएं इच्छुक आपूर्तिकर्ताओ से दिनोंक 14/06/2024 से दिनाँक 19/06/2024 को 2.00 बजे तक आमांत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदाएं ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत की उपस्थित में निविदाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष उसी दिन उपराहन 2.00 बजे निविदा खोली जायेगी। किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से नियमानुसार निविदा मूल्य प्राप्त की जा सकती है। निविदा दाता नियतानुसार 1-टिन नं0 2-पेन नं0 की मूल प्रतियों प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**शर्ते**

1. अनुबंध गठन के समय धरोहर धनराशि 6 प्रतिशत एन.एस.सी/एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अनुमान्य ग्राम पंचायत पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जो ग्राम खुटहना के पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जमा करना होगा।
2. न्यूनतम दर वाले निविदादाता/आपूर्तिकर्ता आदेश उपरान्त 7 दिनो के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की सीमा क्षेत्र के किसी भी स्थल पर हो सकती है। अधोमानक सामग्री क्षेत्र के आपूर्ति होने पर आपूर्ति आदेश निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी ।
4. नियमानुसार देय आयकर, व्यापारकर, रायल्टी, स्टैम्प ड्यूटी आदिर देना आवश्यक होगा 1
5. सशर्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
6. प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रो में पहले यह परीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता ने समस्त वाच्छित प्रमाणपत्र को संलग्न किया है। या नहीं इनमें किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर निविदादाता द्वारा दी गयी दरें तुलनात्मक विवरण में अंकित नही की जायेगी ।
7. निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत खुटहना के पास सुरक्षित अधिकार होगा।

**ग्राम प्रधान राम दुलारे**
**ग्राम पंचायत खुटहना**
**विकास खंड गौर जनपद बस्ती**

**सचिव वीरेंद्र कुमार**
**ग्राम पंचायत खुटहना**
**विकास खंड गौर जनपद बस्ती**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सुकरौली विकास खंड गौर जनपद बस्ती

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जनपद बस्ती में मनरेगा, राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त, बी. आर. जी. एफ. एक अन्य योजना के अर्न्तगत वर्ष 2024/2025 कराये जाने वाले कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदाएं इच्छुक आपूर्तिकर्ताओ से दिनोंक 14/06/2024 से दिनाँक 19/06/2024 को 2.00 बजे तक आमांत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदाएं ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत की उपस्थित में निविदाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष उसी दिन उपराहन 2.00 बजे निविदा खोली जायेगी। किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से नियमानुसार निविदा मूल्य प्राप्त की जा सकती है। निविदा दाता नियतानुसार 1-टिन नं0 2-पेन नं0 की मूल प्रतियों प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**शर्ते**

1. अनुबंध गठन के समय धरोहर धनराशि 6 प्रतिशत एन.एस.सी/एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अनुमान्य ग्राम पंचायत पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जो ग्राम सुकरौली के पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जमा करना होगा।
2. न्यूनतम दर वाले निविदादाता/आपूर्तिकर्ता आदेश उपरान्त 7 दिनो के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की सीमा क्षेत्र के किसी भी स्थल पर हो सकती है। अधोमानक सामग्री क्षेत्र के आपूर्ति होने पर आपूर्ति आदेश निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी ।
4. नियमानुसार देय आयकर, व्यापारकर, रायल्टी, स्टैम्प ड्यूटी आदिर देना आवश्यक होगा 1
5. सशर्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
6. प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रो में पहले यह परीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता ने समस्त वाच्छित प्रमाणपत्र को संलग्न किया है। या नहीं इनमें किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर निविदादाता द्वारा दी गयी दरें तुलनात्मक विवरण में अंकित नही की जायेगी ।
7. निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सुकरौली के पास सुरक्षित अधिकार होगा।

**दीनानाथ ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत सुकरौली**
**विकास खंड गौर जनपद बस्ती**

**वीरेंद्र कुमार**
**सचिव ग्राम पंचायत सुकरौली**
**विकास खंड गौर जनपद बस्ती**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सुपेलवा विकास खंड बस्ती सदर जनपद बस्ती

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जनपद बस्ती में मनरेगा, राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त, बी. आर. जी. एफ. एक अन्य योजना के अर्न्तगत वर्ष 2024/2025 कराये जाने वाले कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदाएं इच्छुक आपूर्तिकर्ताओ से दिनोंक 14/06/2024 से दिनाँक 19/06/2024 को 2.00 बजे तक आमांत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदाएं ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत की उपस्थित में निविदाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष उसी दिन उपराहन 2.00 बजे निविदा खोली जायेगी। किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से नियमानुसार निविदा मूल्य प्राप्त की जा सकती है। निविदा दाता नियतानुसार 1-टिन नं0 2-पेन नं0 की मूल प्रतियों प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**शर्ते**


1. अनुबंध गठन के समय धरोहर धनराशि 6 प्रतिशत एन.एस.सी/एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अनुमान्य ग्राम पंचायत पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जो ग्राम सुपेलवा के पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जमा करना होगा।
2. न्यूनतम दर वाले निविदादाता/आपूर्तिकर्ता आदेश उपरान्त 7 दिनो के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की सीमा क्षेत्र के किसी भी स्थल पर हो सकती है। अधोमानक सामग्री क्षेत्र के आपूर्ति होने पर आपूर्ति आदेश निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी ।
4. नियमानुसार देय आयकर, व्यापारकर, रायल्टी, स्टैम्प ड्यूटी आदिर देना आवश्यक होगा 1
5. सशर्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
6. प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रो में पहले यह परीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता ने समस्त वाच्छित प्रमाणपत्र को संलग्न किया है। या नहीं इनमें किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर निविदादाता द्वारा दी गयी दरें तुलनात्मक विवरण में अंकित नही की जायेगी ।
7. निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सुपेलवा के पास सुरक्षित अधिकार होगा।

**धीरेन्द्र कुमार**
**ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सुपेलवा**
**विकास खंड बस्ती सदर जनपद बस्ती**

**दिनेश शुक्ल**
**सचिव ग्राम पंचायत सुपेलवा**
**विकास खंड बस्ती सदर जनपद बस्ती**

# संक्षिप्त ख़बरें

## अपर पुलिस आयुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं और दिये दिशा-निर्देश



कानपुर। अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर द्वारा अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं को सुना गया। और उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि लोगों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए।

## फीलखाना थाना क्षेत्र में शव मिलने से मचा हड़कंप



**कानपुर।** आज सुबह थानाक्षेत्र फीलखाना स्थित नाले में एक शव पड़े होने की सूचना मिलने पर हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली अर्चना सिंह ने बताया कि थाना फीलखाना पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को नाले से बाहर निकाला गया, फील्ड यूनिट द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गयी, थाना फीलखाना पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भर पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया गया है शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## सांसद राकेश राठौर ने खैराबाद थाने का किया घेराव



**सीतापुर** उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर खैराबाद थाने पहुंचे और अपने समर्थकों के साथ जमीन पर बैठ गए। राकेश राठौर एक नाबालिक लड़की को पुलिस हिरासत में लिए जाने को लेकर थाने पहुंचे थे। सांसद के थाना परिसर में धरने पर बैठने की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी प्रकाश कुमार, बिसवां सीओ सहित भारी पुलिस बल भी खैराबाद थाने पहुंच गया। एडिशनल एसपी प्रकाश कुमार और कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की काफी देर तक बातचीत होती रही।सांसद राकेश राठौर ने बताया कि वह थाने में एक प्रकरण को लेकर आए हैं। जिसमें लड़की को लाया गया है उसका नाम न एफआईआर नहीं है और ना एनसीआर में है। फिर भी पुलिस उसे कई घंटे से थाने में बैठाए हुए हैं। इतना ही नहीं सांसद राकेश राठौर ने जमीन पर बैठने के सवाल को लेकर कहा की वह अपनी मर्जी से जमीन पर बैठे थे तो उन्होंने कहा की जिन कुर्सियों पर दलाल बैठते हैं वह उन कुर्सियों पर नहीं बैठेंगे और जमीन में ही बैठेंगे। वही सांसद राकेश राठौर ने पुलिस के अधिकारियों पर सीयूजी नंबर ना उठाने का भी आरोप लगाया। इतना ही नहीं राकेश राठौर कई घंटे तक थाने में जमीन पर बैठे रहे। पुलिस के मान मनौवल के बाद माने और कुछ घंटे का समय पुलिस के मनाने पर वह थाने से चले गए। कांग्रेस सांसद राकेश राठौर ने यह भी कहा कि वह मुख्यमंत्री से मिलकर इस पूरे प्रकरण से अवगत कराएंगे।

## आगामी त्योहारों को लेकर मंडलायुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण



कानपुर। आगामी त्योहारों और गंगा दशहरा और बकरीद पर किसी तरह की कोई असुविधा न हो और त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो इसके लिए प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है और स्थलीय निरीक्षण कर रहा है। आज मंडलायुक्त कानपुर मंडल ने आगामी त्यौहारों (गंगा दशहरा व बकरीद) के दृष्टिगत की जा रहीं आवश्यक तैयारियों एवं कानून व्यवस्था के संबंध में मंडल के जनपदों के जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी, नगर आयुक्त एवं पुलिस अधिकारियों के साथ कानपुर नगर स्थित अटल घाट एवं बिठूर के विभिन्न घाटों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। मंडलायुक्त अमित गुप्ता के साथ जिलाधिकारी कानपुर नगर भी मौजूद थे।

# अखिलेश यादव जैसा कोई दूसरा नेता नही - मुलायम सिंह यादव

**● - सपा प्रमुख से आल इंडिया यादव महासभा के पदाधिकारियों ने भेंट कर सहयोग का दिया भरोसा**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर देहात।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से आल इंडिया यादव महासभा के पदाधिकारियों ने भेंट कर पार्टी की शानदार जीत के लिए उन्हें बधाई देकर 27 में प्रदेश में सपा सरकार बनाने के लिए हर तरह से सहयोग करने का भरोसा भी दिया जिसपर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया शुक्रवार सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2024 के चुनाव में प्रदेश के अधिवक्ताओं द्वारा दिये गए सहयोग की भूरि भूरि प्रशंसा की।उन्होंने मुलायम सिंह यादव एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष ऑल इंडिया यादव महासभा अधिवक्ता प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश , प्रदेश सचिव समाजवादी अधिवक्ता सभा और उनके टीम के सदस्यों की हौसला अफजाई कर मुलायम सिंह यादव की पीठ थपथपाते हुए कहा कि सभी लोग 2027 के चुनाव में पूरी शिद्दत के साथ लगे और सरकार बनने पर अधिवक्ताओं की सभी मांगे पूरी की जाएगी। उन्होंने प्रदेश के भिन्न-भिन्न कोने से आए यादव महासभा के पदाधिकारियों से कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ-साथ यादव समाज को उड़ीसा छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश को भी विशेष तौर पर समाज को जागने का काम करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आल इंडिया यादव महा सभा के प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव एडवोकेट के रसूलाबाद क्षेत्र का निवासी होने की जानकारी पर उन्हें बधाई देकर कहा कि रसूलाबाद के लोग बहुत बहादुर और बधाई के पात्र है।



आल इंडिया यादव महासभा अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने कहा कि देश और प्रदेश की राजनीति में गरीबों मजलुमो असहायों की मदद करने वाला अखिलेश यादव जैसा कोई नेता नही है और आज इसी का परिणाम है समाजवादी पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं की ताकत पर प्रदेश में 37 सीटें जीतकर देश मे इतिहास रच दिया। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात करने वालो में ऑल इंडिया यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कप्तान सिंह यादव, महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रभा यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आनंद सिंह यादव, प्रवक्ता रणवीर सिंह यादव, प्रदेश महासचिव अधिवक्ता सभा अरविंद सिंह यादव ,सचिव अधिवक्ता सभा राजेश सिंह यादव, जिला अध्यक्ष अजीत सिंह यादव, शिवांश यादव, जिलाध्यक्ष फतेहपुर राजेश यादव, जिलाध्यक्ष सम्भल संगीता यादव, जिलाध्यक्ष अमरोहा विमल यादव, प्रमोद चौधरी सचिन यादव , सुनील यादव सहित अन्य सदस्य रहे जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सभी लोगो को पार्टी की जीत पर बधाई दी।

# इंटरलॉकिंग में हो रहा भ्रष्टाचार का खेल,अधिकारी मौन

स्वतंत्र प्रभात

**बीकेटी।** प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ भले ही ना खाऊंगा ,ना खाने दूँगा का नारा देते हो, लेकिन राजधानी के बीकेटी विकास खंड में जमीनी हकीक़त इन सब से परे है।विकासखंड बीकेटी के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोहना कला में बनाई जा रही लगभग 60 मीटर इंटरलाकिंग निर्माण कार्य में धड़ल्ले से घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।गांव के लोगों ने ठेकेदार और प्रधान सहित ब्लाक के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।मुख्यमंत्री योगी भ्रष्टाचारियों पर नकेल लगाने की पूरी तरह से कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बीकेटी ब्लाक में मनचाहे ठेकेदारों को सड़क और नाली निर्माण का टेंडर दिया जाता हैं और यह ठेकेदार सड़क और नाली निर्माण में भ्रष्टाचार की ईट लगाने से बाज नहीं आते। गोहना कला गांव में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में पीली ईट का प्रयोग किया जा रहा है। विकास के नाम पर इस भ्रष्टाचार के खेल में अधिकारी भी मौन बैठे हैं। किन्तु विकास के नाम पर गांव में कुछ नया नहीं हुआ। ग्राम विकास अधिकारी,व जेई की उदासीनता के चलते क्षेत्र के गावों को उचित विकास की डगर नहीं मिल पा रही है। इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों न बताया कि मानक विहीन कार्य किया जा रहा है,लेकिन ठेकेदार सुनता नहीं हैं। गांव के लोगों ने बताया कि खुलेआम पीले ईट से निर्माण कराया जा रहा है। पक्की जोड़ाई में मोरंग ,रेत व सीमेंट भी मानक के अनुसार नहीं मिलाया जा रहा है। इससे सड़क चंद दिनों में ही जगह-जगह टूटने लग जाएगी।



**इंटरलाकिंग की बॉक्सिंग में लग रही पीली ईट**

इंटरलॉकिंग के हो रहे निर्माण में जमकर धांधली हो रही है। इंटरलॉकिंग में पीली ईटों से बॉक्सिंग की जा रही है। जबकि मजबूती के लिए अव्वल ईटों से बॉक्सिंग का निर्माण कार्य होने की बात बताई जा रही है। इसके साथ जोड़ाई के लिए जो मैटेरियल उपयोग किया जा रहा है उसमें भी जमकर लापरवाही की जा रही है इसके चलते कुछ दिन बाद ही सड़क बर्बाद हो जायेगी।

इंटरलॉकिंग कार्य में अगर ग्राम प्रधान द्वारा गड़बड़ी की जा रही है तो इसकी एक टीम बनाकर जांच कराई जाएगी अगर कोई गड़बड़ी है तो कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। पूजा पांडे खंड विकास अधिकारी बीकेटी लखनऊ

# बकरीद एवं गंगा दशहरा को लेकर कमिश्नरेट पुलिस एलर्ट

**● - आज जुमे की नमाज को देखते हुए मिश्रित आबादी क्षेत्र में और मस्जिदों के पास भारी पुलिस बल एकत्र रहा। और पेट्रोलिंग की गई।**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आने वाले पर्व बकरीद और गंगा दशहरा को लेकर कमिश्नरेट पुलिस पूरी तरह से एलर्ट है। और आज जुमे की नमाज को देखते हुए सिविल पुलिस, आर्म पुलिस व पीएसी के जवानों ने पूरे क्षेत्र में डोमिनेशन की कार्यवाही और पेट्रोलिंग की कार्यवाही की जिससे कि आम जन मानस में सुरक्षा की भावना रहे। बकरीद के त्योहार पर पुलिस काफी चौकन्ना है ताकि किसी भी आपराधिक तत्वों के द्वारा किसी तरह की कोई ऐसी कोशिश न हो जिससे कि माहौल बिगड़े। यह जानकारी देते हुए डीसीपी सेंट्रल राम सेवक गौतम ने बताया कि आज दिनांक 14 जून को जुमे की नमाज़ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त, सेन्ट्रल श्री राम सेवक गौतम द्वारा पीएसी व पुलिस बल के साथ थानाक्षेत्र बेकनगंज व अनवरगंज क्षेत्र में भ्रमण कर जायजा लिया गया व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि हर आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है ताकि किसी प्रकार का कोई ऐसा कृत्य न हो जिससे की माहौल बिगड़े। उन्होंने बताया कि बकरीद पर किसी भी प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी नहीं होगी केवल उन्हीं जानवरों की होगी जो कि अलाउड हैं इसके अलावा कुर्बानी उसी जगह होगी जो पहले से चिन्हित हैं।



# बड़े अधिकारी के आने पर ही क्यों जागती है रामादेवी पुलिस

**● - वर्तमान टीआई और टीएसआई नहीं सम्हाल पा रहे हैं रामादेवी चौराहे की व्यवस्था।**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** ये आये दिन की बात हो गई है। रामादेवी से हूटर बजाती हुई गाड़ियां निकलती चाली जाती हैं चाहे हूटर उन्हें अलाउड न हो। काली फिल्म चढ़ी गाड़ियां बहुत संख्या में निकलती देखी जा सकती हैं। अवैध टैंपो स्टैंड को हटाने की किसी की हिमाकत नहीं है। जब कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट आदेश है कि अवैध टैंपो स्टैंड तुरंत हटाए जाएं। आज दिनांक 14 जून को एसीपी यातायात रामा देवी चौराहे पर आई और फिर से अतिक्रमण हटाने, काली फिल्म हटाने व हूटर हटाने की कार्यवाही शुरू हो गई। लेकिन क्या टीएसआई वहां व्यवस्था सम्हाल नहीं पा रहे हैं या जानबूझ कर यह सब हो रहा है। समस्या एक नहीं है। लखनऊ रोड पर बड़ी संख्या में प्राइवेट वाहन उन्नाव और लखनऊ की सवारी भरके ले जाते हैं जो कि प्रतिदिन रोडवेज को लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं।

यह सब किसके इशारे पर चल रहा है अवैध टैंपो स्टैंड क्यों चलने दिया जा रहा है इसका जबाब किसी के पास नहीं है। एसीपी यातायात के रामादेवी पर आते ही टीआई पूर्वी जोन व टीएसआई पूर्वी रामादेवी चौराहा पर ब्लैक फिल्म व हूटर का अभियान चलाते दिखे उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही भी की गयी। लेकिन आम दिनों में यह जस का तस चलता रहता है। निगाह जानवर भरे वाहनों पर रहती है कि किसी तरह वो पकड़ में आए।





# दृढ़ संकल्प, अनुशासन, कड़ी मेहनत और मानसिक शक्ति से हर इच्छा पूरी हो सकती है- मैरी कॉम,भारतीय ओलंपिक पदक विजेता (मुक्केबाजी)

स्वतंत्र प्रभात

दिल्ली पुलिस की महिलाओं एवं बच्चों की विशेष यूनिट की ओर से बालिकाओं के लिए 20वें आत्मरक्षा तकनीक ग्रीष्मकालीन शिविर-

**● - अजय चौधरी, विशेष पुलिस आयुक्त एवं उनकी पुलिस अधिकारियों की टीम के कुशल नेतृत्व में आत्मरक्षा शिविर-2024 में 12,327 छात्राओं ने भाग लिया।**

2024 का *समापन समारोह* पीएम श्री केन्दीय विद्यालय नंबर 3, नारायणा के परिसर में आयोजित किया गया । आत्मरक्षा तकनीक ग्रीष्मकालीन शिविर-2024 का आयोजन 29.05.2024 से 13.06.2024 तक सुबह 8 बजे से 10 बजे तक पूरी दिल्ली में 10 अलग-अलग स्थानों पर किया गया जो इस प्रकार हैं-1. पीएम श्री केवी, गोल मार्केट, दिल्ली 2. पीएम श्री के सेक्टर-3 रोहिणी दिल्ली 3. पीएम श्री केवी एंड्रयूज गंज नई दिल्ली, 4. पीएम श्री केवी नंबर 3 नारायणा दिल्ली कैंट नई दिल्ली 5. लक्ष्मण पब्लिक स्कूल, हौज खास दिल्ली, 6. डीएवी पब्लिक स्कूल, वेस्ट पटेल नगर दिल्ली 7. पीएम श्री केवी, सी-2, जनकपुरी नई दिल्ली 8. पीएम श्री केवी, नंबर 2, गुरुगांव रोड दिल्ली कैंट। नई दिल्ली 9. बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डिफेंस एन्क्लेव, विकास मार्ग नई दिल्ली 10. सर्वोदय बाल विद्यालय महरौली, नई दिल्ली । समर कैंप के दौरान नुक्कड़ नाटक और लिंग संवेदीकरण सभी स्थानों पर नए कानूनों के बारे में कार्यक्रम और व्याख्यान और जागरूकता भी आयोजित की गई। शिविर का समापन समारोह आज 13.06.2024 को प्रातः 08.30 बजे पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 3, नारायणा दिल्ली में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय ओलंपिक मुक्केबाज और पूर्व संसद सदस्य मैरी कॉम ने कहा कि दृढ़ संकल्प, अनुशासन, कड़ी मेहनत और मानसिक शक्ति से कोई भी व्यक्ति वह चीजें हासिल कर सकता है जो वह चाहता है। सम्मानित अतिथि स्वाति शर्मा, आईएएस, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने एक अत्यधिक प्रेरक भाषण दिया जिसे छात्राओं ने बहुत सराहा। उन्होंने कहा कि वह केंद्रीय विद्यालय का उत्पाद हैं और इससे कई युवा लड़कियों को प्रेरणा मिली। सम्मानित अतिथि एस एस चौहान, उपायुक्त केवीएस ने कहा कि इस शिविर के आयोजन से दिल्ली पुलिस की महान पहल ने छात्रों को आत्मविश्वासी बना दिया है। अजय चौधरी, विशेष पुलिस आयुक्त, एसपीयूडब्ल्यूएसी ने अपने अद्भुत भाषण के दौरान कहा कि महिलाओं की सुरक्षा दिल्ली पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और दर्शकों में मौजूद हर लड़की में मैरी कॉम और स्वाति शर्मा बनने की क्षमता है। दिल्ली पुलिस का प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि शहर की महिलाएं न केवल सुरक्षित रहें बल्कि हर मायने में सशक्त भी हों और महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष पुलिस इकाई इस लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध है।

अजय चौधरी, विशेष पुलिस आयुक्त ने विजय गौड़ ब्यूरो चीफ को बताया कि एक स्वस्थ परिवार, सुरक्षित समाज और प्रगतिशील राष्ट्र की ओर जाने का एकमात्र रास्ता एक सशक्त महिला है। महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष पुलिस इकाई महिलाओं को सशक्त बनाने और उनमें आत्मविश्वास की भावना, कानूनी जागरूकता पैदा करने और उनकी शिकायतों का समाधान करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए, स्कूल और कॉलेज के छात्रों, गृहिणियों, आरडब्ल्यूए आदि के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। लड़कियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है कि वे असामाजिक तत्वों के हमलों से खुद को बचाने के लिए दुपट्टा, पेन और हैंडबैग जैसी चीजों का उपयोग कैसे करें। चेन या बैग छीनना, आपराधिक हमला आदि। प्रशिक्षण महिलाओं के आत्मसम्मान को बढ़ाने में मदद करता है ताकि वे असुरक्षित और अपमानित महसूस न करें। उन्होंने बताया कि इस पहल के माध्यम से अब तक 559546 से अधिक लड़कियों/ महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। समाज से बहुत सराहना प्राप्त करने के बाद और समय- समय पर आयोजित होने वाले नियमित शिविरों के अलावा इन आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सफलता को देखते हुए, इस इकाई द्वारा ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन छुट्टियों के दौरान पूरी दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर वार्षिक ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन शिविर भी आयोजित किए जाते हैं।

कार्यक्रम संयोजन का कुशल नेतृत्व अजय चौधरी, विशेष पुलिस आयुक्त एवं उनकी पुलिस अधिकारियों की टीम के सदस्य पी एन खिरमे संयुक्त आयुक्त पुलिस, बी एल सुरेश उपायुक्त पुलिस, सहायक आयुक्त पुलिस रेनू लता एवं अवनीश कुमार पाठक विद्यालय प्रिंसिपल ने किया। कार्यक्रम संयोजन में पुलिस निरीक्षक सरोज (इंचार्ज सेल्फ डिफेन्स), महिला उप निरीक्षक कमलेश सहायक उप निरीक्षक (कोच) परवीन भारद्वाज, प्रधान सिपाही मीनाक्षी का सक्रिय योगदान रहा। मंच का कुशल संचालन सहायक उप निरीक्षक भारती ने किया।






## आगामी त्योहारों को लेकर मंडलायुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण



**कानपुर।** आगामी त्योहारों और गंगा दशहरा और बकरीद पर किसी तरह की कोई असुविधा न हो और त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो इसके लिए प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है और स्थलीय निरीक्षण कर रहा है। आज मंडलायुक्त कानपुर मंडल ने आगामी त्यौहारों (गंगा दशहरा व बकरीद) के दृष्टिगत की जा रहीं आवश्यक तैयारियों एवं कानून व्यवस्था के संबंध में मंडल के जनपदों के जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी, नगर आयुक्त एवं पुलिस अधिकारियों के साथ कानपुर नगर स्थित अटल घाट एवं बिठूर के विभिन्न घाटों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। मंडलायुक्त अमित गुप्ता के साथ जिलाधिकारी कानपुर नगर भी मौजूद थे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बगहा विकास खंड बीकेटी जनपद लखनऊ**

**वार्षिक निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024/ 25 के लिए मनरेगा पंचम वित्त आयोग 15वां वित्त आयोग एसबीएम, slwm ,गौ आश्रय केंद्र व अन्य योजना अंतर्गत अंत्येष्ठ स्थल विकास कार्यक्रम आंगनबाड़ी पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय ,इंटरलॉकिंग ओडीएफ ,खड़ंजा, आईसीसी सेंटर , नापेड, वर्मी कंपोस्ट सिल्ट कैचर फिल्टर चैंबर नाली प्लास्टिक बैंक सोकपिट सामुदायिक घूर गड्ढा, ई रिक्शा सोलर लाइट ठेलिया 2sp प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र फर्नीचर गौ आश्रय केंद्र निर्माण ,प्रशासनिक सामग्री पुस्तक आदि निर्माण हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु फर्म मालिको भट्ठा मालिकों से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नवत है

सामग्री- सीमेंट ,देसी बालू मौरंग 40 एमएम गिट्टी, ईट प्रथम श्रेणी, सरिया ,इंटरलॉकिंग ब्रिक्स ,सीधा खंजड, पॉलीथिन, शीट ,ईट आधा, ईट गिट्टी, सेकंड बालू, ह्यूम पाइप, दरवाजा, खिड़की, रोशनदान, टाइल्स ,पीवीसी पाइप, मोटर बोरिंग, सबमर्सिबल, पेंट, फाइबर ,एल्युमिनियम ,लोहा ,टीन, दिव्यांग शौचालय, नल रिबोर एवं नल मरम्मत ग्राम पंचायत में कुर्सी रखने का कार्य शेड साइन दिव्यांग शौचालय प्राथमिक विद्यालय/ पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैंडपंप रिपोर कार्य प्लंबर स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट बेंच हैंडपंप रिपोर्ट व मरम्मत कार्य बोर्ड ई रिक्शा ठेलिया भूसा सप्लाई आदि उक्त सामग्री हेतु इक्षुक मान्य आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के अंदर 1 बजे तक निविदा ग्राम पंचायत अध्यक्ष /कार्यालय सचिव कार्यालय में जमा कर सकते हैं, जो निविदा जमा करने की अंतिम दिवस को 2 बजे अपराह्न में निविदादाता फर्म मालिकों प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय में खोले जाएंगे निविदा फर्म किसी भी कार्य दिवस में निशुल्क प्राप्त किया जा सकते हैं प्राप्त निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**प्रधान श्री मती सोनी रूपाली**
**ग्राम पंचायत बगहा**
**विकास खंड बीकेटी जनपद**
**लखनऊ**

**सचिव राजेंद्र कुमार**
**ग्राम पंचायत बगहा**
**विकास खंड बीकेटी जनपद**
**लखनऊ**

**कार्यालय ग्राम पंचायत परसहिया विकास खंड बीकेटी जनपद लखनऊ**

**वार्षिक निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024/ 25 के लिए मनरेगा पंचम वित्त आयोग 15वां वित्त आयोग एसबीएम, slwm ,गौ आश्रय केंद्र व अन्य योजना अंतर्गत अंत्येष्ठ स्थल विकास कार्यक्रम आंगनबाड़ी पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय ,इंटरलॉकिंग ओडीएफ ,खड़ंजा, आईसीसी सेंटर , नापेड, वर्मी कंपोस्ट सिल्ट कैचर फिल्टर चैंबर नाली प्लास्टिक बैंक सोकपिट सामुदायिक घूर गड्ढा, ई रिक्शा सोलर लाइट ठेलिया 2sp प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र फर्नीचर गौ आश्रय केंद्र निर्माण ,प्रशासनिक सामग्री पुस्तक आदि निर्माण हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु फर्म मालिको भट्ठा मालिकों से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नवत है

सामग्री- सीमेंट ,देसी बालू मौरंग 40 एमएम गिट्टी, ईट प्रथम श्रेणी, सरिया ,इंटरलॉकिंग ब्रिक्स ,सीधा खंजड, पॉलीथिन, शीट ,ईट आधा, ईट गिट्टी, सेकंड बालू, ह्यूम पाइप, दरवाजा, खिड़की, रोशनदान, टाइल्स ,पीवीसी पाइप, मोटर बोरिंग, सबमर्सिबल, पेंट, फाइबर ,एल्युमिनियम ,लोहा ,टीन, दिव्यांग शौचालय, नल रिबोर एवं नल मरम्मत ग्राम पंचायत में कुर्सी रखने का कार्य शेड साइन दिव्यांग शौचालय प्राथमिक विद्यालय/ पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैंडपंप रिपोर कार्य प्लंबर स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट बेंच हैंडपंप रिपोर्ट व मरम्मत कार्य बोर्ड ई रिक्शा ठेलिया भूसा सप्लाई आदि उक्त सामग्री हेतु इक्षुक मान्य आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के अंदर 1 बजे तक निविदा ग्राम पंचायत अध्यक्ष /कार्यालय सचिव कार्यालय में जमा कर सकते हैं, जो निविदा जमा करने की अंतिम दिवस को 2 बजे अपराह्न में निविदादाता फर्म मालिकों प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय में खोले जाएंगे निविदा फर्म किसी भी कार्य दिवस में निशुल्क प्राप्त किया जा सकते हैं प्राप्त निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**प्रधान रविंद्र कुमार**
**ग्राम पंचायत परसहिया**
**विकास खंड बीकेटी जनपद**
**लखनऊ**

**सचिव पवन वर्मा**
**ग्राम पंचायत परसहिया**
**विकास खंड बीकेटी जनपद**
**लखनऊ**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हरावा विकास खंड बीकेटी जनपद लखनऊ**

**वार्षिक निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024/ 25 के लिए मनरेगा पंचम वित्त आयोग 15वां वित्त आयोग एसबीएम, slwm ,गौ आश्रय केंद्र व अन्य योजना अंतर्गत अंत्येष्ठ स्थल विकास कार्यक्रम आंगनबाड़ी पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय ,इंटरलॉकिंग ओडीएफ ,खड़ंजा, आईसीसी सेंटर , नापेड, वर्मी कंपोस्ट सिल्ट कैचर फिल्टर चैंबर नाली प्लास्टिक बैंक सोकपिट सामुदायिक घूर गड्ढा, ई रिक्शा सोलर लाइट ठेलिया 2sp प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र फर्नीचर गौ आश्रय केंद्र निर्माण ,प्रशासनिक सामग्री पुस्तक आदि निर्माण हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु फर्म मालिको भट्ठा मालिकों से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नवत है

सामग्री सीमेंट ,देसी बालू मौरंग 40 एमएम गिट्टी ईट प्रथम श्रेणी सरिया इंटरलॉकिंग ब्रिक्स सीधा खंजड पॉलीथिन शीट ईट आधा ईट गिट्टी सेकंड बालू ह्यूम पाइप दरवाजा खिड़की रोशनदान टाइल्स पीवीसी पाइप मोटर बोरिंग सबमर्सिबल पेंट फाइबर एल्युमिनियम लोहा टीन दिव्यांग शौचालय नल रिबोर एवं नल मरम्मत ग्राम पंचायत में कुर्सी रखने का कार्य शेड साइन दिव्यांग शौचालय प्राथमिक विद्यालय/ पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैंडपंप रिपोर कार्य प्लंबर स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट बेंच हैंडपंप रिपोर्ट व मरम्मत कार्य बोर्ड ई रिक्शा ठेलिया भूसा सप्लाई आदि उक्त सामग्री हेतु इक्षुक मान्य आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के अंदर 1 बजे तक निविदा ग्राम पंचायत अध्यक्ष /कार्यालय सचिव कार्यालय में जमा कर सकते हैं, जो निविदा जमा करने की अंतिम दिवस को 2 बजे अपराह्न में निविदादाता फर्म मालिकों प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय में खोले जाएंगे निविदा फर्म किसी भी कार्य दिवस में निशुल्क प्राप्त किया जा सकते हैं प्राप्त निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**प्रधान अमित बाजपेई**
**ग्राम पंचायत कुम्हरावा**
**विकास खंड बीकेटी जनपद**
**लखनऊ**

**सचिव पवन वर्मा**
**ग्राम पंचायत कुम्हरावा**
**विकास खंड बीकेटी जनपद**
**लखनऊ**

**कार्यालय ग्राम पंचायत करौंदी विकास खंड बीकेटी जनपद लखनऊ**

**वार्षिक निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024/ 25 के लिए मनरेगा पंचम वित्त आयोग 15वां वित्त आयोग एसबीएम, slwm ,गौ आश्रय केंद्र व अन्य योजना अंतर्गत अंत्येष्ठ स्थल विकास कार्यक्रम आंगनबाड़ी पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय ,इंटरलॉकिंग ओडीएफ ,खड़ंजा, आईसीसी सेंटर , नापेड, वर्मी कंपोस्ट सिल्ट कैचर फिल्टर चैंबर नाली प्लास्टिक बैंक सोकपिट सामुदायिक घूर गड्ढा, ई रिक्शा सोलर लाइट ठेलिया 2sp प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र फर्नीचर गौ आश्रय केंद्र निर्माण ,प्रशासनिक सामग्री पुस्तक आदि निर्माण हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु फर्म मालिको भट्ठा मालिकों से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नवत है

सामग्री- सीमेंट ,देसी बालू मौरंग 40 एमएम गिट्टी, ईट प्रथम श्रेणी, सरिया ,इंटरलॉकिंग ब्रिक्स ,सीधा खंजड, पॉलीथिन, शीट ,ईट आधा, ईट गिट्टी, सेकंड बालू, ह्यूम पाइप, दरवाजा, खिड़की, रोशनदान, टाइल्स ,पीवीसी पाइप, मोटर बोरिंग, सबमर्सिबल, पेंट, फाइबर ,एल्युमिनियम ,लोहा ,टीन, दिव्यांग शौचालय, नल रिबोर एवं नल मरम्मत ग्राम पंचायत में कुर्सी रखने का कार्य शेड साइन दिव्यांग शौचालय प्राथमिक विद्यालय/ पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैंडपंप रिपोर कार्य प्लंबर स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट बेंच हैंडपंप रिपोर्ट व मरम्मत कार्य बोर्ड ई रिक्शा ठेलिया भूसा सप्लाई आदि उक्त सामग्री हेतु इक्षुक मान्य आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के अंदर 1 बजे तक निविदा ग्राम पंचायत अध्यक्ष /कार्यालय सचिव कार्यालय में जमा कर सकते हैं, जो निविदा जमा करने की अंतिम दिवस को 2 बजे अपराह्न में निविदादाता फर्म मालिकों प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय में खोले जाएंगे निविदा फर्म किसी भी कार्य दिवस में निशुल्क प्राप्त किया जा सकते हैं प्राप्त निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**प्रधान श्री मती लालमनी**
**ग्राम पंचायत करौंदी**
**विकास खंड बीकेटी जनपद**
**लखनऊ**

**सचिव राजेंद्र कुमार**
**ग्राम पंचायत करौंदी**
**विकास खंड बीकेटी जनपद**
**लखनऊ**

## संक्षिप्त ख़बरें

### खस्ताहाल सड़क पर डीसीएम पलटा, बाल बाल बचे चालक व परिचालक

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के फतेहपुर रोड पर पूरेगुर्दी गांव के निकट शुक्रवार को सड़क के बीचोबीच बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण धान की भूसी लादकर जा रहा एक डीसीएम असंतुलित होकर सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि उसमें सवार चालक व परिचालक बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि फतेहपुर की ओर से भूसी लाद कर आ रहा एक डीसीएम अचानक सड़क के बीचो-बीच गड्ढे होने के कारण पलट गया। चालक व परिचालक दोनों ही डीसीएम में फंस गए। मौके पर मौजूद लोगों की ओर से दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि दोनों चोटिल नहीं हुए। स्थानीय लोगों ने बताया कि कस्बे के गांधी चौराहा से लेकर सेमरपहा तक सड़क खस्ता हाल हो चुकी है। जगह-जगह सड़क पर गड्ढे बन गए हैं। जिससे आए दिन बाइक सवार व राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

### छेड़छाड़ के विरोध में महिला एवं उसके परिवारीजनों को पीटा

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासिनी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पड़ोसी गांव का रहने वाला युवक अनिल उर्फ गोलू यादव उसे फोन पर पिछले छः माह से परेशान कर रहा था। जब उसके परिवारीजनों ने जब एतराज जताया तो आरोपित व उसके परिवार के लोगों ने उसके देवर व उसके पति के साथ मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपित व उसके दो अन्य परिजनों के विरुद्ध छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले में कार्रवाई की गई।

### औचक निरीक्षण पर पहुंचे मण्डलायुक्त

**अम्बेडकर नगर।** विकास खंड कटेहरी में श्रवण क्षेत्र में विकास कार्यो की जमीनी हकीकत को परखने के लिए मण्डलायुक्त बरिष्ठ अधिकारियों की केन्द्रीय टीम द्वारा नीरीक्षण किया गया जिसमें मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जिला विकास अधिकारी, डी सी मनरेगा आर पी मिश्रा,खण्ड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार यादव, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा दिनेश राम, ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ अम्बेडकर नगर के जिला अध्यक्ष शिवकुमार मौर्य, ग्राम पंचायत सचिव अनिल सिंह,अमन दूवे, ब्लाक अध्यक्ष राम प्रीति, राम लौट, देवनारायण यादव, जिला मीडिया प्रभारी निजामुद्दीन, ग्राम प्रधान चिउटीपारा शकुंतला देवी, प्रधान प्रतिनिधि राम सनेही पंचायत सहायक ज्योति, रामू शर्मा प्रधान कुड़िया, रोजगार सेवक अमित मिश्रा,एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### दो बाईकों में हुई भिड़ंत महिला साहित चार लोग घायल एक की हालत गंभीर जिला रेफर

**महराजगंज रायबरेली।।** कोतवाली क्षेत्र के कुशढी सागरपुर चौराहे के पास दो बाइकों में आपस में भिड़ंत हो जिससे एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी महराजगंज लाया गया जहां एक की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। राम राज 45 पुत्र देवता दीन निवासी पूरे लीला मजरे कोटवा मोहम्मदाबाद अपनी पत्नी ज्ञानवती को बाइक पर बैठा कर महराजगंज से गांव जा रहा था। तभी कुशढीसागरपुर चौराहा के पास सामने से आ रही एक बाइक से उसकी बाइक भिड़ंत हो गई इससे दोनों घायल हो गए वहीं दूसरी बाइक पर सवार राजपुर सीवन के रहने वाले अनिल कुमार तिवारी 50 पुत्र अर्जुन तिवारी व राजेश मौर्या 52 पुत्र विशेषर को भी चोटे आई हैं, स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एंबुलेंस की मदद से चारों को सीएचसी महराजगंज लाया गया जहां राम राज की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### चोरी के माल के साथ तीन चोर पकड़े

अलीगढ़,। थाना बन्नादेवी पुलिस टीम ने तीन शातिर चोर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के अभियोगों से संबंधित माल 51500 रुपये व स्कूटी बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक बन्नादेवी के नेतृत्व में थाना बन्नादेवी पुलिस टीम द्वारा दौराने चैकिंग तीन आरोपी सोहेल खाँ पुत्र मुजफ्फर अली निवासी गली नं0 13 देवी नगला थाना महुआखेडा , पंकज ठाकुर पुत्र पप्पन ठाकुर निवासी कासीराम आवास कालोनी सारसौल बन्नादेवी , अभिषेक शर्मा पुत्र गोपाल शर्मा नि0 गली नं0 1 हनुमानपुरी कालीदह तिराहा थाना सासनीगेट अलीगढ़ को बरामदशुदा माल मशरूका 51500 रुपये व चोरी की स्कूटी सहित गिरफ्तार किया गया है।

## विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर डीएम व एसपी ने किया रक्तदान

**● संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज में स्थापित ब्लड बैंक का फीता काटकर किया उद्घाटन**

स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज पहुंचकर ब्लड बैंक में रक्तदान किया। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज में स्थापित ब्लड बैंक का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिला अस्पताल में ब्लड बैंक की स्थापना हुई है इससे जरूरतमंदों को ब्लड की दिक्कत नहीं होगी, हर जरूरतमंद को ब्लड मिलेगा। उन्होंने कहा कि मरीज को समय रहते ब्लड मिल जाए तो उसकी जान बच सकती है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के उपरांत घायल व्यक्ति को रक्त की जरूरत होती है जिसके लिए अभी तक उसके रिश्तेदार, सगे-संबंधियों को इधर-उधर भटकना पड़ता था अब जिला अस्पताल में ब्लड बैंक की स्थापना हो जाने से उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग जो स्वस्थ हैं वह रक्तदान जरूर करें क्योंकि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता, रक्तदान कर महादानी बने। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए तथा उपस्थित सभी डॉक्टर व स्टाफ को मरीजों के साथ बहुत ही शालीन व्यवहार करने को कहा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रक्तदान करना बहुत ही पावन कार्य है जिन लोगों ने रक्तदान किया है वह बधाई के पात्र हैं रक्तदान भगवान के द्वारा दिए जीवन को बचाने का कार्य करता है जो लोग स्वस्थ हैं वह रक्तदान जरूर करें आपका यह कार्य किसी का जीवन बचा सकता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक से वहां पर पुलिस चौकी खोलने का अनुरोध किया



जिस पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला अस्पताल में पुलिस चौकी पहले से संचालित है पुलिस चौकी में चौकी इंचार्ज की पोस्टिंग कर दी जाएगी जिससे जिला अस्पताल आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बीपी सिंह, सीओ गौरीगंज मयंक द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त

**● पारा पहुंचा 46 प्रशासन में जारी किया हीटवेव से बचाव कर, स्वस्थ्य रहने के उपाय**

स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** इन दिनों भीषण गर्मी के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त व्यक्त है तापमान 46 डिग्री पहुंच चुका है ऐसे में क्या इंसान और क्या पशु पंछी सभी परेशान नजर आ रहे हैं। जिसको देखते हुए अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी हीट वेव बुलेटिन के अनुसार आने वाले 05 दिनों में उष्ण लहर लू की संभावना है जिससे आगामी दिनों में तापमान बढ़ने की सम्भावना के कारण जिला आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आम नागरिकों के लिए हीटवेव लू से बचाव हेतु आवश्यक उपायों को अपनाने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि दोपहर में 12ः00 से 4ः00 बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में बाहर ना निकले यदि अपरिहार्य कारणों से बाहर निकलना पड़ रहा है तो छाता का प्रयोग अवश्य करें, हल्के वस्त्र तथा सिर को ढक कर बाहर निकले तथा आवश्यकतानुसार पानी की बोतल अवश्य साथ में रखें। समस्त ईट भट्ठा के मालिकों, निर्माण कार्यदायी संस्थाओं से अपेक्षा है कि अपने यहां काम करने वाले श्रमिकों को तापमान बढ़ने पर दोपहर में 12:00 से 4:00 बजे तक काम न करायें बल्कि प्रातःकाल एवं सायंकाल काम कराने का प्रयत्न करें। कार्यस्थल पर श्रमिकों के लिए छायादार व्यवस्था एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाएं एवं बुजुर्ग व्यक्तियों को लू से बचाव करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल सकता है। तरल पदार्थो के साथ-साथ मौसमी फल तरबूज, ककड़ी, खीरा आदि का सेवन अधिक करें ।मानव जीवन के साथ-साथ पशु पक्षियों का जीवन भी उतना ही महत्वपूर्ण है अतः आम नागरिकों से अपील की जाती है कि वह पशुओं के लिए साफ पीने के पानी का प्रबंध करें तथा पक्षियों के लिए दाना एवं पानी



रखेंगे। धूप में खड़े वाहनों में बच्चो एवं जानवरो को न छोड़े और बाहर निकलते समय सर को कैप या कपड़े से ढ़क कर रखें। तापमान अधिक होने पर ज्यादा मेहनत वाले काम कम करें अथवा सूर्योदय या सूर्यास्त के बाद करें । कॉफी, शराब,सॉफ्ट ड्रिंक का उपयोग कम करें यह शरीर को डिहाइड्रेट करते है। साफ़ पीने योग्य पानी का अधिकतम प्रयोग करने के साथ नींबू -पानी, छाछ अथवा लस्सी आदि का प्रयोग करें। किसी भी तरह की बेचैनी, सिर दर्द या शरीर का तापमान बढ़ने पर निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें जहां पर हीट स्ट्रोक से बचाव हेतु आवश्यक सुविधा उपलब्ध है।

## हमसे ही मजबूत हुए और अब हमी को आंख दिखाने लगे- केएल शर्मा

**● कांग्रेस की जीत पर कार्यकर्ताओं का आभार जताने पहुंचे थे सांसद केएल शर्मा**



स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** पिछली बार पुलवामा की वजह से भाजपा के प्रत्याशी को इसका लाभ मिला था और जीत के मार्जिन इसका प्रभाव पड़ा था। इस बार रायबरेली की जनता ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी राहुल गांधी रिकॉर्ड मतों से जिता कर इतिहास रच दिया। कहा कि यहां की जनता ने राहुल गांधी को तीन लाख 90 हजार मतों से विजय श्री दिलाई, यह रायबरेली के इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी ऐतिहासिक जीत है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी सोनिया गांधी अपने प्रतिद्वंदी को चार लाख अठारह हजार मतों से हरा कर इतिहास बना चुकी हैं। कहा कि विरोधी मुगालते में थे लेकिन लोकतंत्र में जनता सबसे ज्यादा समझदार होती है। रायबरेली की जनता को पता है कि कौन उनका भला कर सकता है और कौन अपना भला करता है। पूछा कि क्या आपने सुना है कि गांधी परिवार की किसी ठेके पट्टी में उसकी भूमिका रही हो। लोग हमसे ही मजबूत हुए और अब हमी को आंख दिखाने लगे। गांधी परिवार ने रायबरेली में अतुलनीय विकास कराया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि रायबरेली की जनता ने ऐसा सबक सिखाया कि हारने के बाद विरोधी छुट्टी पर चले गए। विरोधी हमें दरबार लगाने की नसीहत न ही दे तो अच्छा है, उन्होंने दरबार लगाने का खामियाजा भुगत लिया है। असली लोकतंत्र लोगों के बीच जाकर काम करने में है दरबार लगाने से नहीं। कहा कि हमने कभी किसी कोटेदार और ग्राम प्रधान को परेशान नहीं किया। यह बातें उन्होंने कस्बे के एक होटल में आयोजित कार्यकर्ता आभार समारोह के दौरान अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि लोग मुझे माननीय या सांसद जी कहकर अपनापन कम न करें हमे भाई साहब ही रहने दें। कांग्रेस की जीत को गठबंधन की जीत बताते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का भी आभार व्यक्त किया। इससे पहले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अमेठी से सांसद श्री शर्मा को फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नेता दीपेंद्र गुप्ता ने किया। इस मौके पर कांग्रेस नेत्री सुधा द्विवेदी, अध्यक्ष सरिता गुप्ता जिला, अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष कामता प्रसाद गौड़, निर्मल शुक्ला, विजय शंकर अग्निहोत्री, सिद्धार्थ त्रिवेदी, सुनील त्रिवेदी, आकर्षण द्विवेदी, सपा प्रदेश सचिव पवन पटेल, सुमित यादव दिनेश यादव सहित तमाम कांग्रेसी व समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री पोर्टल पर बिजली संविदाकर्मी ने दर्ज की शिकायत

**● बिजली संविदाकर्मी ने लगाया मानहानि का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** 33/11 उपकेन्द्र मरैला अकबरपुर में संविदा श्रमिक कर्मचारी के पद पर कार्यरत अरविन्द तिवारी ने मुख्यमंत्री को प्रेषित प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि कोडरा बाग़ शहजादपुर में बिजली चोरी के मामले में मीटर जलाने एवं नया मीटर लगाने में धन उगाही के मामले में उनके नाम का गलत इस्तेमाल कर दूसरे संविदाकर्मी अरविन्द कुमार, लालचंद वर्मा, सियाराम, रामगोपाल ने अपना उल्लू सीधा कियाढ्ढ अरविन्द तिवारी ने आरोप लगाया कि चारों संविदाकर्मी जोकि उपभोक्ताओं से बिजली चोरी, मीटर में शंट सेटिंग, मीटर में हेरफेर के अवैध पैसे लेते हैं एवं उपभोक्ताओं से कहते हैं कि अरविन्द तिवारी पर झूठा इल्जाम लगावो जिसके उसके पास पर्याप्त साक्ष्य हैंढ्ढ बिजली चोरी, मीटर में शंट सेटिंग, चिप सेटिंग के संदर्भ में कई समाचार पत्रों में खबर भी प्रमुखता से प्रकाशित हुई थीढ्ढ अरविन्द तिवारी ने दावा किया कि उसके पास उपरोक्त चारों संविदाकर्मियों के विरुद्ध धन वसूली के पर्याप्त ऑडियो साक्ष्य भी हैंढ्ढ अरविन्द तिवारी ने दावा किया कि उसके नाम से अवैध वसूली मामले की खबर प्रकाशित होने पर विभाग के उच्चाधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेकर अरविन्द तिवारी को बलि का बकरा बना कर स्थानांतरण कर कार्यमुक्त कर दियाढ्ढ संदर्भ में अरविन्द तिवारी ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी सहित अन्य उच्चाधिकारियों को उपरोक्त चारों संविदाकर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु प्रार्थना पत्र दिया हैढ्ढ इस संदर्भ में इस संदर्भ में एसडीओ से टेलिफोनिक वार्ता करने के पश्चात बताया गया मीटर जांच में भेजा गया है जांचोंपरांत जो भी निकलता है उस आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## नवनिर्वाचित सांसद किशोरी लाल शर्मा का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

**डलमऊ रायबरेली-** कांग्रेस पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद एवं सांसद सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा शुक्रवार को डलमऊपहुंचे।जहां पर कांग्रेसियों ने उनका जोरदार स्वागत किया।हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में अमेठी से भारी मतों से सांसद निर्वाचित हुए किशोरी लाल शर्मा सोनिया गांधी एल,राहुल गांधी,प्रियंका गांधी एवं पार्टी अध्यक्ष के दिशा निर्देशन पर रायबरेली जनपद के विभिन्न विधानसभाओं में जनता का आभार व्यक्त करने के लिए पहुंचे।मालूम हो कि रायबरेली जनपदवासियों ने सांसद प्रत्याशी रहे राहुल गांधी को अपार समर्थन दिया था जिसके चलते लगभग चार लाख वोटो से राहुल गांधी ने विजय श्री प्राप्त की थी। पार्टी के दिशा निर्देशन पर शुक्रवार को विधानसभा वार जनता का आभार व्यक्त



करने के लिए बछरावां,सरेनी,ऊंचाहार सहित अन्य विधानसभा में जनता का आभार व्यक्त किया। इस दौरान डलमऊ पहुंचे किशोरी लाल शर्मा का कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया। वही नवनिर्वाचित सांसद ने डलमऊवासियों का अपार समर्थन देने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव संजय श्रीवास्तव,राकेश जायसवाल, संदीप चौधरी, बाबू टेलर, नंदकिशोर दीक्षित, ऋतिक जायसवाल, रामनिवास वैश्य, सोनू यादव, वृंदावन यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धरने पर बैठे अधिवक्ता बोले- समय से काम नहीं करते तहसील के कर्मचारी, बिना वजह दौड़ाने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात




**अम्बेडकरनगर।** जनपद के अकबरपुर तहसील में अधिवक्ता तहसील प्रशासन पर समय से काम न करने और काम में लापरवाही का आरोप लगाकर सभागार कक्ष को बंद कर उसके सामने धरने पर बैठ गए। अधिवक्ताओं ने कहा कि तहसील प्रशासन के कर्मचारी कागजात में पहले गलती करते हैं फिर उसे ठीक कराने के लिए जनता को दौड़ना पड़ता है।अधिवक्ता सुनील कुमार यादव ने बताया कि अकबरपुर तहसील प्रशासन की लापरवाही के कारण जनता परेशान है, उनके वरासत और दाखिल खरिज महीनों से पड़े हैं। लेखपाल और कानूनगो का रिपोर्ट लगने के बाद भी यहां कंप्यूटर पर नहीं फीड होता है, जिसे फीड कराने के लिए लोगो को महीनों दौड़ लगाना पड़ता है।उन्होंने बताया कि शासन का आदेश बताकर यहां सभी मुकदमे खारिज कर दिए गए, जिसको लेकर जब अधिवक्ता संघ जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिला तो जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि वाद दायर कीजिये स्वीकृति हो जाएगी, लेकिन जनवरी से सभी पत्रावली खारिज हो गई है, जो खारिज नही हुई है।

**इधर-उधर लोगों को घुमाया जा रहा**

उसे एसडीएम अकबरपुर द्वारा बताया जाता है कि अपर एसडीएम अकबरपुर के यहां भेज दिया गया। जब वहां जाओ तो बताया जाता है कि यहां कोई पत्रावली नहीं आई है, जिसको लेकर हम लोग परेशान हैं। अकबरपुर तहसील में खाता धारकों की जमीन निर्धारित करने के लिए अंश के निर्धारण का अभियान चला, जिसमें 70 फीसदी लोगों को गलत अंश निर्धारण कर दिया गया है, जिसको लेकर किसान तहसील एसडीएम के यहां आता है तो बताया जाता है कि बंटवारे का मुकदमा करिए।

**काम जल्द पूरा कराने के निर्देश**

बंटवारे में जाते हैं तो कहते हैं कि दुरुस्ती में जाइये, जिसको लेकर जमीदार परेशान हैं। उन्होंने कहा कि शासन का निर्देश है कि जो भी पट्टे हुए हैं, उनका पांच साल बाद असंक्रमणीय हो जाए, लेकिन सैकड़ों फाइल पेंडिंग पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि उन लोगो की मांग है कि प्रशासन लोगों की समस्याओं को सुने और समय से काम करे, जिससे लोगो का कार्य समय से हो सके। वहीं मामले में एसडीएम पवन जायसवाल ने बताया कि चुनाव के कारण कुछ काम पेंडिंग में है, जिन्हें जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

## विधुत बिल बकायेदारों के विरुद्ध राजस्व वसूली अभियान तेज

**अम्बेडकरनगर।**अयोध्या जोन के मुख्य अभियंता हरीश बंसल द्वारा अकबरपुर खंड में बकायेदारों के विरुद्ध राजस्व वसूली अभियान चलाया गया। भीटी मार्केट में 20 बकायेदारों के और जमुनीपुर मार्केट में 15 बकायेदारों के जिनके बकाया 50 हजार से अधिक था उनके डिस्कनेक्शन कराए गए। साइट में 15 उपभोक्ताओं के मीटर परिसर से बाहर कराए गए। जमुनीपुर उपकेंद्र के लाइनमैन फूल चंद्र के विरुद्ध कार्य में लापरवाही के कारण और राजस्व वसूली में रुचि न लेने के कारण कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए साथ ही एक उक्त लाइन मैन की एक वेतन वृद्धि रोकने के भी आदेश भी दिए गए।

**कार्यलय ग्राम पंचायत पूरावज गोटी वि. खं. बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर**

पत्रांक मेमो /ग्र.प. टेण्डर मनरेगा/ राज्य वित्त/15वां वित्त स्वच्छ भारत मिशन (SLWM) 2024 -2025 14.06.2024

**अल्पकालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पूरावज गोटी वि. खं. बसखारी जनपद अंबेडकरनगर में राज्य वित्त/ 15वं वित्त/ मनरेगा/ स्वच्छभारत मिशन (sLwM) योजना अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यो के लिए सामग्री आपर्तिहेतु निविदा दिनांक 21 -06-2024 तक आमंत्रित की जाती है। सामग्री का वितरण निम्नवत है। टीन शेड स्वच्छता किट, लोहा, प्रथम श्रेणी ईट, ईट की गिट्टी, पत्थरकी गिट्टी, सीमेंट मोरंग, सरिया, इंटरलॉकिंग ईट, एस.ओ.बी. ईट, देसी बालू,ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत प्रारथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में डेस्क, बेंच, टाइल्स,सेनेटरी सामग्री, इंडिया मार्का हैंड पंप मरम्मत, कूड़ादान, रीबोर सामग्री, एल.ई.डी.,सलिर लाइट, ह्यूम पाइप, स्वच्छ लेखन, ग्राम पंचायत में बेंच व अन्य न्मिाण कार्य सामग्री, उपरोक्त अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत द्वारा दिए गए कार्यो आदेशके आधार पर की जाएगी।

**कार्य का विवरण-**

1. कम्पोस्ट पिट- 2. सामुदायिक खाद गड्ढ़ा- कम्पोस्ट पिट 3. नाडेफ सामुदायिक 4. सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट 5. कचरा वाहन (ई-रिक्शा) 6. आरसीसी सेंटर 7. इनसिनरेटर (भस्मक) 8. सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोखपिट- 9. हैण्डपम्म पर सोखपिट

**नियम/शर्ते-** 1-जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायतद्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूंचित किया जाएगा यदि आपुर्तिकर्ता द्वारा निर्धारितसमय सीमा में आपूर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में ग्राम पंचायत आपूर्तिआदेश निरस्त करते हुए वरीयता क्रम म अन्य फर्मो को आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी 2-फर्म को जी0एस0टीश पंजीकृत हो आयकर की प्रमाणित छया प्रति संलग्न करना आवश्यक है। 3-ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों।कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकता की मौजूदगी में निविदा खोली जाएगी। 4-सामग्री की
आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी )होगी। 5-जो दरे प्रस्तुत की जाए वह दरे जीएसटी तथा दुलाई, चढ़ाई, उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाएं। 6-सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राप्रधान की आपूर्ति आदेश पर ही की जाएगी। 7-प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से) अधिक नहीं होनी चाहिए। 8- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांही कियाजाएगा। गृणवत्ता खराब होने पर आपर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जाएगा।

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव

**कार्यलय ग्राम पंचायत भिदूण वि. खं. बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर**

पत्रांक मेमो /ग्र.प. टेण्डर मनरेगा/ राज्य वित्त/15वां वित्त स्वच्छ भारत मिशन (SLWM) 2024 -2025 14.06.2024

**अल्पकालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पूरावजगोती वि. खं. बसखारी जनपद अंबेडकरनगर में राज्य वित्त/ 15 वां वित्त/ मनरेगा/ स्वच्छभारत मिशन (sLwM) योजना अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यो के लिए सामग्री आपर्ति हेतु निविदा दिनांक 21 -06-2024 तक आमंत्रित की जाती है। सामग्री का वितरण निम्नवत है। टीन शेड स्वच्छता किट, लोहा, प्रथम श्रेणी ईट, ईट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, सीमेंट मोरंग, सरिया, इंटरलॉकिंग ईट, एस.ओ.बी. ईट, देसी बालू,ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में डेस्क, बेंच, टाइल्स,सेनेटरी सामग्री, इंडिया मार्का हैंड पंप मरम्मत, कूड़ादान, रीबोर सामग्री, एल.ई.डी.,सोलर लाइट, ह्यूम पाइप, स्वच्छ लेखन, ग्राम पंचायत में बेंच व अन्य न्मिाण कार्य सामग्री, उपरोक्त अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत द्वारा दिए गए कार्यो आदेशके आधार पर की जाएगी।

**कार्य का विवरण-**

1. कम्पोस्ट पिट- 2. सामुदायिक खाद गड्ढ़ा- कम्पोस्ट पिट 3. नाडेफ सामुदायिक 4. सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट 5. कचरा वाहन (ई-रिक्शा) 6. आरसीसी सेंटर 7. इनसिनरेटर (भस्मक) 8. सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोखपिट- 9. हैण्डपम्म पर सोखपिट

**नियम/शर्ते** - 1-जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूंचित किया जाएगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में ग्राम पंचायत आपूर्तिआदेश निरस्त करते हुए वरीयता क्रम म अन्य फर्मो को आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी 2-फर्म को जी.एस.टी. पंजीकृत हो आयकर की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना आवश्यक है। 3-ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों।कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोली जाएगी। 4-सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी )होगी। 5-जो दरे प्रस्तुत की जाए वह दरे जीएसटी तथा दुलाई, चढ़ाई, उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाएं। 6-सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम प्रधान की आपूर्ति आदेश पर ही की जाएगी। 7-प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से) अधिक नहीं होनी चाहिए। 8- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत ही किया जाएगा। गृणवत्ता खराब होने पर आपर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जाएगा।

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव

**कार्यलय ग्राम पंचायत पूरावजगोती वि. खं. बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर**

पत्रांक मेमो /ग्र.प. टेण्डर मनरेगा/ राज्य वित्त/15वां वित्त स्वच्छ भारत मिशन (SLWM) 2024 -2025 14.06.2024

**अल्पकालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पूरावजगोती वि. खं. बसखारी जनपद अंबेडकरनगर में राज्य वित्त/ 15 वां वित्त/ मनरेगा/ स्वच्छभारत मिशन (sLwM) योजना अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यो के लिए सामग्री आपर्ति हेतु निविदा दिनांक 21 -06-2024 तक आमंत्रित की जाती है। सामग्री का वितरण निम्नवत है। टीन शेड स्वच्छता किट, लोहा, प्रथम श्रेणी ईट, ईट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, सीमेंट मोरंग, सरिया, इंटरलॉकिंग ईट, एस.ओ.बी. ईट, देसी बालू,ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में डेस्क, बेंच, टाइल्स,सेनेटरी सामग्री, इंडिया मार्का हैंड पंप मरम्मत, कूड़ादान, रीबोर सामग्री, एल.ई.डी.,सोलर लाइट, ह्यूम पाइप, स्वच्छ लेखन, ग्राम पंचायत में बेंच व अन्य न्मिाण कार्य सामग्री, उपरोक्त अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत द्वारा दिए गए कार्यो आदेशके आधार पर की जाएगी।

**कार्य का विवरण-**

1. कम्पोस्ट पिट- 2. सामुदायिक खाद गड्ढ़ा- कम्पोस्ट पिट 3. नाडेफ सामुदायिक 4. सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट 5. कचरा वाहन (ई-रिक्शा) 6. आरसीसी सेंटर 7. इनसिनरेटर (भस्मक) 8. सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोखपिट- 9. हैण्डपम्म पर सोखपिट

**नियम/शर्ते** - 1-जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूंचित किया जाएगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में ग्राम पंचायत आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरीयता क्रम अन्य फर्मो को आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी 2-फर्म को जी.एस.टी. पंजीकृत हो आयकर की प्रमाणित छया प्रति संलग्न करना आवश्यक है। 3-ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों।कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोली जाएगी। 4-सामग्री की
आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी )होगी। 5-जो दरे प्रस्तुत की जाए वह दरे जीएसटी तथा ढुलाई, चढ़ाई, उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाएं। 6-सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राप्रधान की आपूर्ति आदेश पर ही की जाएगी। 7-प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से) अधिक नहीं होनी चाहिए। 8- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत ही किया जाएगा। गृणवत्ता खराब होने पर आपर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जाएगा।

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव

# डीएम ने कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण, खामियों पर जताया रोष

**● - वेतन रोके जाने के दिए निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** कान्हा गौशाला में लम्बे अरसे से संरक्षित पशुओं को चारा पानी समय से नहीं मिल पा रहा था, किन्तु पालिका के जिम्मेदार अधिकारी इस पर तमाम शिकायतों के बाद भी गौर नहीं कर रहे थे। जिलाधिकारी गौरांग राठी के औचक निरीक्षण में कान्हा गौशाला की पोल खुल गई। डीएम ने कढ़ा रूख अपनाते हुए ईओ व प्रभारी गौशाला अवर अभियंता का जून माह का वेतन रोके जाने के निर्देश दिये हैं। बताते चलें कि जिलाधिकारी को कान्हा गौशाला में संरक्षित पशुओं की समुचित देखभाल उन्हें हरे चारे दाना की व्यवस्था के साथ साथ पानी की व्यवस्था में गड़बढ़ी होने की शिकायतें मिल रहीं थी। शुक्रवार को 9 बजे जिलाधिकारी द्वारा कान्हा गौशाला गदनखेड़ा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पशुओं को दिए जा रहा भूसे की स्थिति ठीक नहीं पायी गई। चोकर एवं हरा चारा देने के लिए जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया गया। गौशाला के व्यवस्थापकों से जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई एवं समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिशाषी अधिकारी और प्रभारी गौशाला अवर अभियंता को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी एवं अवर अभियंता का माह जून का वेतन बाधित करने के लिए निर्देशित किया एवं अवर अभियंता को सख्त हिदायत देते हुए 25,000 रु0 अपने वेतन से कटौती करने के लिए निर्देशित किया तथा एक सप्ताह के अंदर गौशाला को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के समय मुख्य पशु चिकित्साधिकार एवं उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सदर उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि गौशाला का सघन अनुश्रवण करके निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायें।

# सुमंगला हो कन्या, प्रति बालिका 10 हजार रुपये की वृद्धि

**●- पहले छह श्रेणियो में मिलता था 15 हजार अब हुआ 25000**

**- जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई तक सहयोग कर रही सरकार**

स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की विभिन्न छह श्रेणियों में अब 15000 रुपये के स्थान पर 10 हजार रुपये की वृद्धि करते हुए 25000 रुपये कर दिया गया है। योजना में प्रति बालिका यह धनराशि बढ़ोतरी एक अप्रैल 2024 से लागू होगी।

उक्त जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी ने देते हुए बताया कि प्रथम श्रेणी में 5000- बालिका के जन्म पर, द्वितीय श्रेणी में 2000 टीकाकरण पर, तृतीय श्रेणी में 3000 बालिका के कक्षा 01 में प्रवेश पर, चतुर्थ श्रेणी में 3000 बालिका के कक्षा छह में प्रवेश पर, पंचम श्रेणी में 5000 बालिका के कक्षा नौ में प्रवेश पर और दसवीं-बारहवीं परीक्षा उत्तीर्ण कर स्नातक या दो वर्षीय अथवा उससे अधिक के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने पर अब 7000 रुपये एकमुश्त प्रदान किये जाने का प्रावधान है। इस योजना का लाभ एक परिवार के अधिकतम दो बालिकाओं को दिये जाने का प्राविधान है। वहीं योजना में धनराशि की बढ़ोतरी पर जिले में 69000 अभिभावकों को राहत होगी। प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने बताया कि सरकार की मंशा है कि इस योजना का लाभ लेकर बेटियां सशक्त बन पाएगी। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवार की बेटियों को उच्च शिक्षा प्रदान करना है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## समस्याओं को लेकर उच्चाधिकारियों तक पहुंचायी आवाज

**उन्नाव।** बाबा बलखण्डेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा लगातार क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से निदान कराता आ रहा है। इसी क्रम में परियर में पेयजल समस्या को लेकर जिलाधिकारी समेत उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया है, उधर जिलाधिकारी ने इस समस्या पर गंभीर रूख अपनाते हुए जल निगम के अधिकारियों को तलब किया है। बताते चलें कि लगभग दो माह से पानी की टंकी से जलापूर्ति न होने के कारण इस भीषण गर्मी में लोग बेहाल हैं। वहीं प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को एक पत्र लिखकर समिति ने बिठूर से चकलवंशी तक सिटी बसें चलवाने की मांग उठाई है।

## बाइक सवार बदमाशों ने दुकान में की लूट

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी गांव में ब्यूटी पार्लर की दुकान पर एक बच्चा बैठा हुआ था, तभी दो बाइक सवार बदमाश पहुंचे जहां बच्चे की गर्दन पर चाकू लगा दी और काउंटर में रखी नगदी वह मोबाइल लेकर भाग निकले। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। बताते चलें कि पोनी गांव निवासी रौनक ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे गांव के पास बने ब्यूटी पार्लर में बैठा था तभी बाइक सवार दो बदमाश वहां पहुंचे जहां उससे 500 रुपये के फुटकर करने की बात कही। जिस पर उसने मना कर दिया। इसी दौरान एक युवक ने उसकी गर्दन पर चाकू लगा दिया। इसके बाद बच्चा डर गया ब्यूटी पार्लर के काउंटर में रखे 4 से 5 हजार की नगदी और मोबाइल लेकर भाग निकले। उसने जब शोर मचाया आसपास के लोग दौड़े लेकिन लुटेरे बाइक लेकर तेजी से भाग निकले पीड़ित ने घटना की जानकारी जाजमऊ चौकी पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## आग बुझाने के महिलाओं को बताए अनेकों टिप्स।

**बेनीगंज (हरदोई)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावां पर फायर ब्रिगेड सर्विस संडीला के कांस्टेबलो के द्वारा आग बुझाने के लिए महिलाओं को कई प्रकार के टिप्स बताते हुए जागरूक किया गया। बताते चले कि उच्च अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे अग्नि शमन के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावां में फायर कांस्टेबल अशेष कुमार शर्मा व कांस्टेबल एसके गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि आग लगने पर हमें बहुत सावधानी का प्रयोग करना चाहिए।उन्होंने गैस सिलेंडर के रेगुलेटर में आग लगाकर आग बुझाने का डेमों भी महिलाओं को करके दिखाया। साथ ही आग बुझाने के कई टिप्स की मौखिक जानकारी भी दी और साथ यह भी बताया कि आग ज्यादा फैलने पर हमारे सी यू जी नंबर 9454 418703 पर भी संपर्क कर सकते हैं। फायर सर्विस अधिकारी ओपी श्रीवास्तव संडीला के निर्देशन में अग्नि शमन अभियान चलाया जा रहा है।आज कल्याणमल के हरैया, जनिगांव, वहीं बीते गुरुवार को नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेनीगंज पर महिलाओं को जागरूक किया गया है। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक कोथावां डॉक्टर विपुल वर्मा, फार्मासिस्ट गोपाल मिश्रा, विजय कुमार, सुरेश कुमार,रंजीत यादव, एनम एवं आशा कार्यकत्रियों सहित तमाम पुरुष महिला उपस्थित रहे।

## काम कर रहे मजदूर की नींव धंसने से हुई दर्दनाक मौत

**संडीला/हरदोई** संडीला कस्बे में मकान की नींव खोद रहे एक मजदूर की उस समय दर्दनाक मौत हो गयी जब वह अचानक मलबे में दब गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला इमाम चौक निवासी इकराम अपना मकान बनवाने के लिए नींव की खुदाई करवा रहे थे। नींव की खुदाई कर रहे मोहल्ला काजी सराय निवासी 45 वर्षीय रफीक पुत्र नासिर नींव के अंदर थे। इसी बीच में खुदा हुआ मलबा अचानक उनके ऊपर भरभराकर ढह गया और यही नहीं उक्त नींव भी फट गयी, जिससे रफीक मलबे में दब गए। लोगों ने आनन फानन मलबा हटाकर उन्हें निकाला, लेकिन तब तक वे मरणासन्न हो गए थे। लोग उन्हें उठाकर सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रफीक अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी नूर बानो, दो पुत्र तथा एक पुत्री है। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मजदूर के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि अभी तक मामले की कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रक्तदान महादान के प्रति लोगों को किया जा रहा जागरूक



स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** विश्व रक्तदान दिवस पर राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद की ओर से कई जिलों में रक्तदान शिविर का वृहद स्तर पर आयोजन किया गया। इस दौरान एनसीसी कैडेट के साथ जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया और रक्तदान भी किया। सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक होने वाले इस आयोजन में महिलाओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रक्तदान शिविर में जरूरतमंद मरीजों के लिए लोग रक्तदान करने ब्लड बैंक पहुंचें। आपके रक्त की एक यूनिट से चार मरीजों की जान बचेगी। ऐसी मानव सेवा के लिए लोगों ने कदम बढ़ाए और रक्तदान किया। इन शिविरों में सुबह से ही लोगों ने भरपूर उत्साह दिखाया। एक डोनर कार्ड दिया, जिससे जरूरत पर अपने मरीज के लिए बिना रक्तदान किए एक यूनिट ब्लड प्राप्त कर सकते हैं। सात दिन में रक्त और 90 दिन में आयरन की पूर्ति हो जाती है। शिविरों में एकत्रित रक्त का उपयोग अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों के इलाज में होगा। इसी के मद्देनजर आज पूरी दुनियां में रक्तदान करने वालों के सम्मान में विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस बार भी 16 रक्त दाताओं की सूची संस्था को भेजी गई है। जिन्होंने एक वर्ष में पुरुष 4 बार तो महिला 3 बार स्वैच्छिक रूप से रक्तदान कर दूसरे की जान बचाई है। ऐसे रक्त वीरों को संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित किया। रक्तदान करने के बाद व्यक्ति को मानसिक रूप से स्वस्थ और शांति का होता है बताया कि लोगों में इस बात का भ्रम रहता है कि रक्तदान करने से कमजोरी होती है, लेकिन ऐसा सोचना बिल्कुल सही नहीं है। क्योंकि यह किसी कमजोरी का कारण नहीं बनता है। बल्कि नई रक्त कोशिकाओं के बनने से यह आपको स्वस्थ रखता है। इसके साथ ही रक्तदाताओं को हार्ट अटैक व कैंसर के खतरे सहित कई अन्य प्रकार बीमारियां अपेक्षाकृत कम होती है। रक्त पतला होने से रक्त का थक्का नहीं बनता है। वही नसों में इसका प्रवाह अधिक सुगमता से होता है। सबसे अहम बात यह है कि रक्तदान करने वालों को मानसिक रूप से शांति का भी एहसास होता है।

# पौधारोपण के बाद उनकी सुरक्षा व सिंचाई पर विशेष ध्यान दिया जाए: डीएम

स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** विकास भवन सभागार में जिला पौधरोपण समिति की बैठक में इस वित्तीय वर्ष में होने वाले पौधरोपण अभियान की समीक्षा की गई। बताया गया कि 57.01 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। डीएम गौरांग राठी ने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष गड्ढा खुदवाकर सूचना, प्रभागीय निदेशक कार्यालय में उपलब्ध कराने के लिए कहा। प्रभागीय निदेशक आरुषि मिश्रा ने बताया कि सभी कार्यदायी विभागों की गड्ढा खोदाई की रिपोर्ट के आधार पर विभाग पौधे उपलब्ध कराएगा। जानकारी दी गई कि इस बार विभाग शक्ति, खाद्य, वेटलैंड संरक्षण, बाल, युवा, वरिष्ठ नागरिक वन आदि की स्थापना करने जा रहे हैं। इसके लिए स्थल चयन आदि का काम पूरा कर लिया गया है। वहीं, डीएम ने ग्राम्य व नगर विकास के साथ माध्यमिक शिक्षा, पर्यावरण आदि को निर्देश दिए कि वन विभाग की तरह वे भी अपने यहां के रोपण स्थलों में छोटे-छोटे पैच का चयन कर इस प्रकार के वनों की स्थापना करें। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि पौधरोपण के बाद उनकी सुरक्षा व सिंचाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रभागीय निदेशक ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति अथवा समूह स्वेच्छा से पौधरोपण जन अभियान में जुड़ना चाहते हैं तो वह 7007432516 पर संपर्क कर अपने सुझाव व्हाट्सएप पर भेज सकते हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को, प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर डीजे ने किया रवाना



स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** जन-जन को राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागृत करने के उद्देश्य से जिला जज द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। बताते चलें कि जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार 13 जुलाई को किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय उन्नाव, परिवार न्यायालय, एम0ए0सी0टी0 न्यायालय, समस्त बाहय न्यायालयय, उपभोक्ता फोरम, राजस्व न्यायालयों, बिजली विभाग, श्रम विभाग, नगर निगम, नगर पालिका, समस्त तहसीलो एवं अन्य सम्बन्धित विभागों में किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक वाद, उत्तराधिकार से सम्बन्धित सिविल मामले, वाद वापसी के मामले, सुलहध्समझौते से निस्तारित होने वाले मामले, बैंक ऋण वसूली प्री-लिटिगेशन वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक मामले, नगर निगमध्नगर पालिका अधिनियम, श्रम सम्बन्धी वाद, भूमि अधिग्रहण सम्बन्धी मामले, राजस्व सम्बन्धि मामले, सर्विस मैटर्स, मनरेगा वाद, व्यापार कर वाद, वजन व मापतौल अधिनियम, वन अधिनियम, उपभोगता फोरम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, एन0आई0एक्ट के वाद, विद्युत एवं जल सम्बन्धी अन्य वाद, आपदा राहत वाद, आयकर वाद, यातायात चालानी वाद आदि मामलों का सुलह समझौते के आधार में निस्तारण किया जायेगा। अपर जिला जज व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष निगम ने बताया कि प्रचार वाहन न्यायालय परिसर से रवाना किया जा रहा है प्रचार वाहन उन्नाव शहर होते हुये समस्त तहसीलों, ब्लाकों में जाकर आम जन मानस के बीच घर घर जाकर प्रचार प्रसार करेगा। इस लोक अदालत में हुये निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नही होती है।

# नवचेतना एफपीओ निदेशक मंडल द्वारा नये कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ



स्वतंत्र प्रभात

**सीखड़ संवाद,** विकास खण्ड अर्न्तगत सीखड़ ग्राम पंचायत में स्थित नव चेतना एफपीओ के द्वारा 4.5 करोड़ के निवेश से नव चेतना एफपीओ विकास खण्ड में वर्मीकंपोस्ट, नीम ऑयल ,नीम केक का व्यवसाय करेगा। जैसा कि नव चेतना एफपीओ को उत्तर प्रदेश सरकार से उत्कृष्ट एफपीओ पुरस्कृत द्वितीय स्थल नवचेतना कृषक उत्पाद संगठन को किया गया है। जलवायु अनुकूल तथा नवाचार उद्यम को विकास खण्ड सीखड़ सहित प्रदेश के जिलों में प्रथम बार मीरजापुर और सोनभद्र के 1277 किसानों के साथ उनके रोजगार समृद्धि हेतु कार्य करता रहा है वहीं नव चेतना के सीईओ मुकेश पांडेय ने बताया कि नवचेतना के अच्छे कार्यों को देखते हुए देश के नामचिन कंपनियों व वित्तीय संस्थाओं का निवेश मिलना शुरू हो गया है,जिसमें फरवरी माह में 1 करोड रुपए का तथा वर्तमान माह जून में 3.5 करोड रुपए का निवेश हुआ है और नवचेतना के निदेशक मंडल व सीईओ ने बताया कि इस पैसे से नीम तेल की 3 यूनिट , माइक्रो कोल्ड स्टोरेज के 13 यूनिटऔर वर्मी कंपोस्ट का विस्तार करते हुए 5 लाख कुंतल प्रति वर्ष उत्पादित होगा उक्त उद्योग से कुल 130 लोगों को स्थाई रोजगार प्राप्त होगा, जलवायु संरक्षण तथा कृषि उत्पादों का उपयोग बढ़ेगा।

# बहादुर बेटियां फाउंडेशन समर के सातवें दिन बच्चों को जीवन में योग का महत्व समझाया गया



स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** नघेटा रोड स्थित आर -आर इंटर कॉलेज मे आयोजित समर कैंप के सातवें दिन समर कैंप में पतंजलि महिला योग समिति की संगठन मंत्री श्रीमती संजू श्रीवास्तव,सह संगठन मंत्री श्रीमती मीनू सैनी , जिलाप्रभारी श्रीमती विनीता पांडेय जी,योग शिक्षिका श्रीमती नीलमा , श्रीमती ममता जी एवं अन्य सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सभी बालिकाओं को योग के महत्व की जानकारी दी गई, उन्होंने बालिकाओं को अपने मन, मस्तिष्क एवं शरीर को स्वस्थ रखने हेतु विभिन्न योगासनों को करके भी समझाया। उन्होंने समर कैंप की उपयोगिता और बेटियों के लिए यह स्वर्णिम अवसर की विशेषता को समझाते हुए बहादुर बेटियां फाउंडेशन रजि0 की प्रशंसा की।

बहादुर बेटियां फाउंडेशन की संस्थापक कुसुम लता रेशमा गुप्ता व सरंक्षक डॉक्टर चित्रा मिश्रा ने बच्चों से कहा कि हम लोग आप बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मेहनत करते रहेंगे, जिससे बालिकाएं अपने आप में आत्मनिर्भर बन सके । समय कैम्प में ब्यूटीशियन मे शिखा बाजपेई, माधवी श्रीवास्तव कलश सज्जा व पारंपरिक चौक, मार्शल आर्ट में हर्ष, क्राफ्ट में अमिता गुप्ता, योग में गीता गुप्ता, डांस में अंकित मिश्रा ने और मेहंदी में शबेनूर ने अपने-अपने बच्चों को अपना विषय सिखाया । समर कैंप में मुख्य रूप से सुधीर कुमार यादव एडवोकेट,माधवी श्रीवास्तव, नीलम जिंदल, गीता गुप्ता, शैलेंद्री पाल, आभा श्रीवास्तव, आशा वाजपेई, कविता श्रीवास्तव, ममता गुप्ता जी, योगिता गुप्ता जी, नीतू गुप्ता, सुमुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ई रिक्शा चालक के साथ मारपीट कर नगदी लूटी

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** थाना लोधा क्षेत्र में ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट कर बदमाश उसकी जेब से कमाई की पूरी नगदी लूट कर कफरार हो गये। गांव खेड़ा खुशखबर निवासी भगवान दास ई-रिक्शा चलाकर परिवार को भरण पोषण करता है रोजाना की तरह बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे अलीगढ़ शहर से ई रिक्शा चलाकर अपने घर लौट रहा था जैसे ही गांव के पास पहुंचा तो वहां बदमाशों ने रोक लिया और मारपीट करते हुए जेब में रखी नगदी को लूट ले गए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए जिसकी सूचना पीड़ित ई रिक्शा चालक ने पुलिस कंट्रोल रूम को दी सूचना पर पहुंची लोधा पुलिस ने पीड़ित ई रिक्शा चालक से लूटी घटना की जानकारी का लुटेरे की तलाश में जुटी।

# जनता दर्शन में आने वाले फरियादियों की समस्याओ का समयबद्ध व संतुष्टिपरक हो निस्तारण

**● जमीन विवाद व अवैध अतिक्रमण के प्रति गम्भीरता पूर्वक कार्य करे राजस्व अधिकारी - जिलाधिकारी**



स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने पूर्वान्ह 10 बजे से ही कलेक्ट्रेट पहुंचे एक-एक फरियादियों के समस्याओ को सुनकर उनके निस्तारण के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को दूरभाष पर अथवा पत्राचार कर निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जनता दर्शन में आने वाले फरियादियो की समस्याओ से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रो को जिस भी अधिकारी को प्रेषित किया जाए वे उसका समयबद्ध व संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित कराए। जिलाधिकारी ने जमीन विवाद व अवैध अतिक्रमण कर कब्जा करने वालो के विरूद्ध राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि गम्भीरता पूर्वक कार्य करे तथा अवैध अतिक्रमण करने वालो के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि जमीन विवाद अथवा पैमाइश जैसे मामलो में तत्काल टीम गठित कर मौके पर भेजते हुये निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। किसी भी प्रार्थना प्रत्र पर गलत आख्या लगाने अथवा लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# प्रदेश के मुख्य सचिव ने विन्ध्याचल पहुंचकर मां विन्ध्यवासिनी देवी का किया दर्शन पूजन

**● विन्ध्य कारीडोर प्रगति कार्य का किया निरीक्षण**






स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** शुक्रवार को प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने आज अपने जनपद भ्रमण के दौरान विन्ध्याचल पहुंचकर मां विन्ध्यवासिनी देवी, मां कालीखोह व मां अष्टभुजा देवी त्रिकोण दर्शन पूजन किया। इस दौरान मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने मुख्य सचिव को पुष्प गुच्छ, देवी चित्र व चुनरी भेंटरकर स्वागत व अभिनन्दन किया।

दर्शनोपरान्त मुख्य सचिव द्वारा निर्माणाधीन विन्ध्य कारीडोर में भ्रमण कर कार्य प्रगति का निरीक्षण भी किया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने विन्ध्य कारीडोर के कार्य प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर उपस्थित प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि आज मां विन्ध्यवासिनी देवी के मन्दिर में भव्य कारीडोर बनने से पर्यटको व श्रद्धालुओ की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। जिस तरह से काशी विश्वनाथ मन्दिर के निर्माण से दर्शनार्थियो की भीड़ बढ़ी है उसी तरह से अनवरत काशी आने वाले काफी संख्या में श्रद्धालु विन्ध्याचल भी आ रहे है, श्रद्धालुओं/पर्यटको के आने से जहां पर्यटन के दृष्टिकोण से बढ़ावा मिल रहा है वही स्थानीय लोगो के रोजगार में भी इजाफा हुआ हैं। उन्होने कहा कि आगामी कुम्भ के दौरान भी विन्ध्याचल में भारी संख्या में श्रद्धालुओ के आने की सम्भावना हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, विशेष भूमि अध्यापि्त अधिकारी भरत लाल सरोज, उप जिलाधिकारी लालगंज गुलाब चन्द्र उपस्थित रहें।

# दिनदहाड़े निजी बैंक कर्मी से साढ़े पांच लाख लूटे




**अलीगढ़।** थाना बन्नादेवी क्षेत्र के बरौला जाफराबाद में बाइक सवार लुटेरों ने दिनदहाड़े निजी बैंक कर्मी से साढ़े पांच लाख की लूट की घटना को अंजाम दे दिया । बाइक सवार तीन युवकों ने घटना को अंजाम देते हुये रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गये। प्राइवेट बैंक के कलेक्शन एक्सक्यूटिव से लूट की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। लूट की सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कम्प मच गया और आनन-फानन में पुलिस घटना स्थल की ओर दौड़ पड़ी। लूट की घटना के बारे में सीओ द्वितीय आर के सिसौदिया का कहना है कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिये लूट की घटना का पता लगाया जा रहा है। शीघ्र ही लूट का पर्दाफाश पुलिस द्वारा कर दिया जाएगा।

# जनपद न्यायालय के छत मरम्मत के उपरान्त निकली इमरती लकड़ी की होगी नीलामी, इच्छुक व्यकित करे आवेदन

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** प्रभारी अधिकारी नजारत/अपर सत्र न्यायाधीश ने जानकारी देते हुये सर्व साधरण को अवगत कराया है कि न्यायालय परिसर के नजारत अनुभाग की छत के मरम्मत के उपरान्त निकली इमारती लकड़ी की नीलामी की जानी है। इमारती लकड़ी (साखू) की मूल्यांकन प्रभारी वनाधिकारी मीरजापुर वन प्रभाग द्वारा किया गया हैं। क्षेत्रीय वन अधिकारी मीरजापुर रेंज की जांच रिपोर्ट के आधार पर सहमति व्यक्त करते हुये न्यायालय परिसर के नजारत अनुभाग की छत मरम्मत के उपरान्त निकले इमारती लकड़ी जो 8.5080 घन मीटर (10 कुन्तल) हैं, जो प्रयोगार्थ न होने के कारण जलौनी योग्य हैं, जिसका मूल्य जलौनी लकड़ी 544.00 प्रति कुन्तल की दर से 5440 रूपये हैं। उन्होने बताया कि नीलामी दिनांक 21 जून 2024 को जनपद न्यायालय मीरजापुर के मीटिंग हाल में अपरान्ह 12:30 बजे सम्पन्न की जायेगी। लकड़ी का निरीक्षण एवं नीलामी की अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में केन्द्रीय नाजिर से सम्पर्क कर किया जा सकता हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## ईद पर प्रतिबंधित पशुओं की न करें कुर्बानी- इंस्पेक्टर पीस कमेटी की बैठक में दिया निर्देश



**बरेली/देवरनियाँ।** आगामी ईद के त्यौहार को लेकर थाना देवरनियां के रिछा चौकी पर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंधामा ने कहा कि ईद पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें। सभी आपस में मिल जुलकर का ईद का त्योहार मनाए किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दे। उन्होंने कहा कि ईद पर पशुओं की कुर्बानी के बाद उनके अवशेषों को इधर-उधर न फेंके।गहरा गड्ढा करके दफन कर दे ताकि किसी और दूसरे समुदाय को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के बाद बेकार अवशेषों को नदी नाली आदि में न बहाए न ही खुले स्थान पर डालें। उन्होंने नगर पंचायत के कार्यकर्ताओं से अपील की कुर्बानी के समय निगरानी रखें ताकि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। सभी मिलकर आपस में त्यौहार मनाए एक दूसरे का सहयोग करें । इस दौरान पूर्व अध्यक्ष अब्दुल वाहिद, रिछा नगर पंचायत वार्ड के सभासद, ग्राम प्रधान झमन लाल, पूर्व प्रधान शांतिपाल गंगवार,जीवनलाल बीडीसी सदस्य, चौकी इंचार्ज शीष चंद सहित समस्त चौकी का स्टाफ मौजूद रहा।

## भीषण गर्मी से राहत दिलाने को ब्लॉक प्रमुख ने किया शरबत का वितरण ।



**बरेली/पड़ रही** भीषण गर्मी से निजात दिलाने को भदपुरा विकासखंड के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने ब्लाक परिसर में शरवत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया शीतल शरबत वितरण करके पड़ रही थी भीषण गर्मी राहत दिलाने का कार्य किया। यह कार्यक्रम भदपुरा विकासखंड कार्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया यहां पर वृद्ध युवा एवं बच्चों ने शरवत पी कर राहत की सांस मिली इस कार्यक्रम में प्रधान अध्यक्ष रामप्रता गंगवार शिशुपाल गंगवार हरि नंदन गंगवार हरपाल फौजी मुकेश कुमार नरेंद्र गंगवार रामचरण महेंद्र कनौजिया समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे । एक कार्यक्रम पढ़ रही भीष्ड गर्मी से निजात दिलाने को लेकर भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार द्वारा आयोजित किया गया इस कार्य के लिए लोगों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दिए

## गोला तहसील परिसर मे वकीलो के चल रहे धरने को पूर्ण चेयरमैन ने दिया समर्थन।

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** दिनांक 14/06/2024 को लगातार ग्यारहवें दिन भी गोला गोकरण नाथ तहसील में डॉ0गणेश कुमार के विरूद्ध अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन अनवरत जारी रहा, पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने अपने समर्थकों के साथ वकीलों के भ्रष्टाचार के विरुद्ध आन्दोलन को दिया समर्थन,उन्होंने कहा दूसरों को न्याय दिलाने वालों को यदि स्वयं न्याय के लिए संघर्ष करना पड़े तो समाज के लिए यह संदेश सकारात्मक नहीं है । साथ ही डॉ0गणेश के भ्रष्टाचार के संबंध में उनके समस्त बैंक खातों की उच्च ईकाई द्वारा जांच कर कार्यवाही की मांग की गई। इस मौके पर अधिवक्ता श्रीराम जी, लालबिहारी वर्मा,प्रदीप काजल,अशोक गुप्ता, कामता चौधरी, राजेश गिरी, सुरेश गिरी, नरेन्द्र शुक्ला,अचल श्रीवास्तव, जितेंद्र वर्मा, रामकुमार गौतम, अरूण दीक्षित, लालबहादुर, हरिनाम पांडे,प्रमोद गुप्ता, संतकुमार, रचित पाठक,जयप्रकाश वर्मा, विवेक कुमार पांडेय, आदि समस्त अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## तालाबों का अस्तित्व मिटाने पर आमादा भू माफिया प्रशासन मौन

**लखीमपुर-खीरी ।** तालाबों का अस्तित्व मिटने पर लगे हुए हैं भूमाफिया और जिम्मेदारों का मिल रहा है उनका भरपूर सहयोग जिसका परिणाम यह है कि गांव से तालाब का नाम अनुसार ही गायब होता जा रहा है ताजा मामला ग्राम बडेहरा पोस्ट बड़ागांव थाना शारदानगर मे तालाब का नम्बर 3175 है जो बडेहरा के स्कूल से पूरब है की तरफ है जिसमें रामू पुत्र आमिका प्रसाद वर्मा तथा मनोज पुत्र आमिका प्रसाद और रामनरेश पुत्र छब्बू लाल वर्मा तथा प्रदीप पुत्र ब्रजकिशोर वर्मा और रामशरन मिश्रा पुत्र छेदीलाल मिश्रा ये लोग मौके पर दो दिन से बराबर कब्जा कर रहे है है मिट्टी पटाई कर रहे हैं और तालाब पर कब्जा करना अपराध की क्षेत्री में आता है लेकिन जिम्मेदार खामोश है जिसकी सूचना जिला अधिकारी,उप जिलाधिकारी, तहसील, और 1076 पर की गई शिकायत के बाद भी तालाब पर पटाई कर कब्जा हो रहाहै।

# शासनादेश का मखौल उड़ाते हुए किया जा रहा मनरेगा में लाखों का घोटाला

**● मनरेगा घोटाला- हाल ये विकासखंड रमिया बेहड**

**खंड विकास अधिकारी रमिया बेहड के कार्यालय में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर मनरेगा द्वारा किया जा रहा योजना में खेला**

**विकासखंड रमियाबेहड के अधिकांश मनरेगा कार्य संविदा कर्मी अनिल कुमार द्वारा कराए जाने के लग रहे आरोप**

**साहब की मिली भगत से उक्त संविदा कर्मी मनरेगा योजना में कर रहा जमकर भ्रष्टाचार**




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** लखीमपुर खीरी के रमियाबेहड विकासखंड क्षेत्र में सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा केवल कागजी आंकड़ों तक सीमित कर रह गई है। जिम्मेदार इस योजना में जमकर लूट खसोटकर सरकारी धन का बंदर बाटकर अपनी-अपनी जेब भरने में लगे हुए देखे जा सकते हैं। तथा जिम्मेदार मजदूरों के हकों पर डाका डालकर मौज कर रहे हैं। और शासनादेश को ताक पर रखकर अपनी ही फर्म से सामग्री खरीद दिखाकर जमकर भ्रष्टाचार किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है। अगर कोई इसकी शिकायत करता है तो जिम्मेदार मामले की लीपा पोती में लग जाते हैं। मनरेगा योजना में लूट खसोट व सरकारी धन के बंदरवाट का कार्य अनवरत चलता रहा है। यही कारण है ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना का अधिकांश कार्य मोटा कमीशन तय करके अपने चहेते कथित ठेकेदारों से कराए जाने का खेल बदस्तूर जारी है। सूत्र बताते हैं कि 30 पर्सेंट कमीशन का खुला खेल चल रहा है।जिसके चलते ग्राम प्रधान भी बिना काम कराये अपने चहेते गिने-चुने मनरेगा मजदूरों के खाते में पैसा भेज कर अपना वापस ले लिया जा रहा है। इस तरह मनरेगा योजना विकासखंड रमियाबेहड में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर रह गई है। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार रमियाबेहड विकासखंड में आने वाली अधिकांश ग्राम पंचायत में मनरेगा का कार्य विकासखंड में मनरेगा और आवास पटेल पर तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर और वीडियो साहब के खासमखास अनिल कुमार द्वारा कराए जाते हैं ।खंड विकास अधिकारी की मिली भगत के चलते अनिल कुमार द्वारा ग्राम पंचायत में कराए जाने वाले मनरेगा कार्यो में मानकों को ताक पर रखकर नियम कानून के विपरीत मनरेगा के रेशियो को तोड़ते हुए कार्य कराकर जमकर भ्रष्टाचार करते हुए अपनी जेबे भरी जाने की चर्चाओं का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। साहब का सर पर हाथ इतना जबरदस्त रखा है कि किसी ग्राम पंचायत सचिव की हिम्मत नहीं जो टोक दे या कुछ कह दे यदि कहेगा तो साहब के कोप भाजन का शिकार होना पड़ेगा ऐसा सूत्र बताते हैं । मिली जानकारी के अनुसार यदि कराई जाए मनरेगा भुगतान की जांच तो अधिकांश भुगतान राधा ट्रेडिंग कंपनी के नाम ही निकलेगा।विकासखंड रमियाबेहड में मनरेगा योजना में खंड विकास अधिकारी और संविदा कर्मी के बीच चल रही लंबी साठगाठ के चलते अनिल द्वारा अधिकांश ग्राम पंचायतो में कार्य तो कराया ही जाता है साथ ही साथ अनिल कुमार द्वारा अपनी पत्नी के नाम बनाई फर्म राधा ट्रेडिंग कंपनी से सामग्री क्रय दिखाकर भुगतान निकाला जा रहा है।बताया जाता है कि शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ग्राम प्रधान व सचिव सहित ब्लॉक कर्मी अपनी फर्म से सामग्री क्रय नहीं कर सकता है। इसके बावजूद अनिल कुमार द्वारा जमकर अपनी पत्नी के नाम पर बनी फर्म राधा ट्रेडिग कंपनी से खरीदारी किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है। इसकी हकीकत जानने के लिए ब्लॉक द्वारा मनरेगा योजना से किए गए भुगतान की करा ली जाए जांच तो अधिकांश भुगतान राधा ट्रेडिंग कंपनी के नाम ही निकलेगा ।आखिर ऐसा क्यों अन्य फर्मो को क्यों नहीं? इससे सेटिंग गेटिंग के खेल का भी खुलासा होता है ।इतना ही नहीं खंड विकास अधिकारी के पास लगी बोलेरो भी अनिल कुमार की ही बताई जाती है। सूत्र बताते हैं अनिल कुमार द्वारा अपनी सेवा काल में भारी भरकम नामी बेनामी संपत्ति अर्जित की है ।विचारणीय बात तो यह है कि यह जनाब मानदेय से ज्यादा धनराशि अपने आने जाने पर व्यय करते हैं।लखीमपुर में आलीशान मकान होना तथा दो चौपाइयां वाहन सहित अन्य प्रॉपर्टी बनाने की जानकारी विभागीय सूत्रों द्वारा दी गई है। नाम न छापने के शर्त पर ब्लॉक के ही एक कर्मी द्वारा तो यहां तक कहा गया है कि यदि इनकी आय से अधिक संपत्ति की कराई जाए जांच तो भारी भ्रष्टाचार का खुलासा होना होगा तय।

# नाबालिक पुत्री को बरामद कराने के लिए एसपी से मिली पीड़ित विधवा महिला

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी क्षेत्र की पुलिस चौकी ओयल के अंतर्गत एक गाँव की पीड़िता विधवा महिला ने अपनी नाबालिक पुत्री को बरामद करने के लिए एसपी खीरी से मिलकर न्याय की गुहार लगायी है।पीड़िता विधवा महिला का कहना है कि वह लगातार थाना चौकी के लगा रही है लेकिन उसकी नाबालिग लड़की को पुलिस अभी तक बरामद नहीं कर पाई है।पीड़िता विधवा महिला ने कहा है कि वह थाना खीरी क्षेत्र के पुलिस चौकी ओयल के अन्तर्गत एक गांव की निवासी है और विधवा महिला अपनी नाबालिक पुत्री को बरामद करने के लिए लगतार थाना खीरी के चक्कर काट रही है लेकिन मुकदमा लिखने के बाद भी पुलिस ने नाबालिक लड़की को बरामद नहीं कर पाई है।आपको बता दें कि जनपद सीतापुर के थाना लहरपुर के अन्तर्गत एक गांव निवासी लड़के के द्वारा थाना खीरी क्षेत्र की पुलिस चौकी ओयल के अन्तर्गत एक गांव निवासी नाबालिक लड़की को लेकर चला गया था जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना खीरी में लिखी गई थी लेकिन अभी तक लड़की की बरामदगी नहीं हो पाई है पीड़िता महिला का कहना है कि चौकी थाने के लगतार चक्कर लगाने पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही थी जिससे परेशान होकर पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया था तब जाकर उसकी शिकायत पर मुकदमा लिखा गया था 17 मई 2024 को घटना हुई थी जिसके बाद अभी तक पीड़िता की नाबलिग पुत्री बरामद नहीं हो पाई है।दिनाँक 14 जून 24 को एक बार पीड़िता विधवा महिला ने पुलिस अधीक्षक खीरी से मिलकर अपनी नाबलिग पुत्री को बरामद कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है और नाबालिक पुत्री को बरामद कराने की गुहार लगाई है।

# भारी पुलिस की मौजूदगी मे कोटे की दुकान का चयन।

**● ऐक ही आवेदन होने के चलते निर्विरोध हुआ कोटे का चयन।**

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कोटा चयन को लेकर आवेदकों के बीच सुबह से चल रहा गहमागहमी का माहौल निर्विरोध के बाद शान्त हो गया। चयन प्रक्रिया कराने पहुचे अधिकारियों ने एक ही आवेदन के रहने पर श्यामू कश्यप के नाम कोटा का प्रस्ताव कर दिया गया। सुरक्षा की द्रष्टि से पूरे समय हैदराबाद पुलिस चौकी के स्टाफ के सहित गोला व मैलानी पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। मालूम हो कि ब्लॉक कुंभी क्षेत्र की ग्राम पचायत शहाबुददीनपुर मे पिछले साल कोटेदार छैल विहारी निवासी मूडा जवाहर की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। कोटेदार की मौत के उपरांत कोटे की दुकान ग्राम बगहा निवासी राजेश कुमार मिश्रा के यहाँ समायोजित हो गई थी। करीब छ माह चलने के बाद ग्राम प्रधान सुरभि वर्मा की मांग पर दूसरी कोटे की दुकान का चयन अधिकारियों के द्वारा किया गया था। जिसके बाद शुक्रवार को ग्राम बगहा मे ग्राम सचिवालय मे कोटा चयन के लिए खुली बैठक बुलाई गई। इस दौरान ग्राम के प्राथमिक स्कूल पर ग्राम प्रधान सुरभि वर्मा ग्राम सदस्य व ग्रामीणों के बीच ग्राम सचिव राजीव मुकुल श्री वास्तव,एडीओ निर्भया झा, सहायक विकास अधिकारी हरिकिशोर मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण विभाग अमर सिंह राना, की देखरेख में कोटा चयन की प्रक्रिया शुरू की गई। जिसके उपरांत ग्रामपंचायत की खुली बैठक में ग्रामीणों द्वारा सर्व सम्मति से निर्विरोध श्यामू कश्यप नाम को कोटे की दुकान के प्रस्ताव किया। जिस पर चयन समिति के सदस्यों द्वारा श्यामू कश्यप के नाम कोटे की दुकान को निर्विरोध चयन किया गया। वही सुरक्षा की द्रष्टि से पूरे समय मे भारी पुलिस बल मौजूद रहा।निर्णय होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली । इस दौरान पूर्व प्रधान राम सिंह वर्मा, श्रवण मिश्र, विनोद वर्मा, गेदन लाल, अनिल कुमार वर्मा,आसतोष श्रीवास्तव, सुशील कुमार, अतुल कश्यप,सुरेश तिवारी, मुनीश पाल, अर्पन कुमार, विश्व दयाल, कुलदीप, संदीप कुमार, अचल मिश्रा, श्रवण कुमार, सत्य प्रकाश, अनुपम मिश्रा, तमाम उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले को लेकर सौपा ज्ञापन।

स्वतंत्र प्रभात



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला नगर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा श्रद्धालुओं की बस पर आतंकी हमले को लेकर जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओ ने राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी रत्नाकर मिश्रा को सौपा व गोला के सदर चौराहे पर आतंकवाद का पुतला फूंका। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है कि जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में 10 श्रद्धालुओं की मृत्यु तथा 32 श्रद्धालु बुरी तरह घायल हो गए। आतंकियों के द्वारा हिंदू श्रद्धालुओं के ऊपर हमला करने का स्पष्ट संकेत है कि आज भी धार्मिक हिंदू तीर्थ स्थल सुरक्षित नहीं है। इस हृदयविदारक घटना से अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग आक्रोशित व दुखी है। तथा इस कारण आतंकवादियों को फांसी की सजा तथा मृतक श्रद्धालु के परिवारजन को 50- 50 लाख व घायल श्रद्धालु को 10 लख रुपए का मुआवजा दिए जाने की मांग की है। ऐसे संदर्भ में पलिया राष्ट्रीय बजरंग दल के नगर अध्यक्ष अमित कुमार ने अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ उप जिलाधिकारी पलिया को ज्ञापन सौपा ज्ञापन देते समय जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल जिला उपाध्यक्ष अनुज वर्मा जिला मीडिया प्रभारी पंकज शुक्ला नगर अध्यक्ष आकाश बजरंगी नगर उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सनातनी नगर महामंत्री मैं श्रीवास्तव तहसील उपाध्यक्ष शिवराम तहसील मंत्री विकास कनौजिया ब्लॉक अध्यक्ष गगन कुमार पारस राहुल रजनीश गुप्ता संतोष कुमार अनुराग मिश्रा राहुल आकाश अनूप गुप्ता आयुष भारती श्यामू महेंद्र भारती प्रेम प्रकाश सुमित अमन आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगर निगम अधिकारियों की कार्यशैली पर उठाए सवाल

**अलीगढ़, ।** नगर निगम के उपसभापति और भाजपा के सात बार के पार्षद कुलदीप पांडे ने नगर निगम के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिये हैं। कहा कि महानगर में पेयजल संकट को लेकर नागरिकों में भारी आक्रोश है। निगम के जलकल विभाग की लापरवाही और कार्यकुशलता की कमी से पेयजल संकट गहराया है। इसको लेकर शहर भर में लगातार रहा प्रदर्शन हो रहे हैं। इतना ही नही कई वार्ड के पार्षद भी पिट चुके हैं। निगम अधिकारियों के व्यवहार व तालमेल के आभाव से जनता परेशान हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान से पेयजल संकट गहराने पर जन आक्रोश भड़कने की संभावना है। आगामी समय मे पेयजल संकट के विरोध में आक्रोशित जनता के सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने की संभावना बन रही है। पेयजल संकट के विरोध में जन आक्रोश के लिए निगम अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला शान्ति समिति की बैठक

**● भाईचारे एवं सद्भावना के साथ मनाये त्यौहार- डीएम'**



स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुरखीरी 14 जून।** बकरीद त्यौहार व गंगा दशहरा को शान्तिपूर्ण ढंग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मौजूद सम्भ्रान्तजनों द्वारा आश्वस्त किया गया कि आसन्न त्यौहारों को शासन-प्रशासन की गाईडलाइन व दिशा निर्देशों का पालन करते हुए गत वर्षो की भांति सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जायेगा। शांति समिति की सार्थकता का उल्लेख करते हुए डीएम ने कहा कि बैठक में आपके द्वारा उठाये गये बिन्दुओं से हमें आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु कार्ययोजना बनाने एवं उनके क्रियान्वयन में मदद मिलेगी तथा किसी भी आने वाली समस्या का समाधान हम पहले से ही करने में सफल हो सकेगे। डीएम ने आश्वस्त किया कि सम्भ्रान्तजनों व धर्म गुरूओं की ओर से साफ-सफाई, बिजली, पानी इत्यादि के सम्बन्ध में जो महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं उसका समय से निराकरण कराया जायेगा। डीएम ने अधिशासी अधिकारियों व डीपीआरओ को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई विशेषकर धार्मिक स्थलों के आस-पास पर्याप्त साफ-सफाई करा दें।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए भाईचारे के साथ त्यौहार को मनायें। असामाजिक तत्वों से सावधान रहें, यदि कोई अप्रिय बात हो तो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लायें। त्यौहार के अवसर पर किसी नई परम्परा की अनुमति नहीं होगी। त्यौहार को पारम्परिक ढंग से मनायें, निर्धारित स्थलों पर ही कुर्बानी की जाय। प्रतिबन्धित जानवरो की कुर्बानी न की जाय तथा अवशेष का सम्मानजनक ढंग से निस्तारण किया जाय। सड़कों पर धार्मिक आयोजन न किये जायें तथा ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग करने में शासन के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें। डीएम-एसपी ने कहा कि शरारती व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। किसी को कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं होगी। गुड पुलिसिंग व्यवस्था रहेगी परन्तु माहौल को खराब करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्ती से कार्रवाई की जायेगी। सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की भ्रामक व भड़काऊ पोस्ट डालने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक का संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एसडीएम, जिला स्तरीय अधिकारी व नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, धर्मगुरूओ व संभ्रान्तजनों सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# अंधता मुक्त ग्राम का सपना हुआ साकार - डॉ अमित बाजपेई

स्वतंत्र प्रभात



**फरधान खीरी ।** स्टैण्डर्ड चार्टर्ड बैंक और डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के द्वारा ग्राम पंचायत बेलबूढी के मजरा फूलबेहड़ को अधीक्षक अमित बाजपेयी के द्वारा निवारणीय अंधता मुक्त ग्राम घोषित किया गया है। गांव की कुल आबादी में 19 लोगो के मोतियाँ बिंदु का ऑपरेशन होने के बाद हुआ है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान के अधीक्षक डॉक्टर अमित बाजपेयी ने बताया की डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के द्वारा अंधता मुक्त ग्राम की जो मुहीम चलाई जा रही है। वह बहुत प्रशसनीय कार्य है जिसका श्रेय जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को जाता है। अनिल सिंह ने बताया की फूलबेहड़ मे 492 लोगों मे से 19 सर्जरी और 67 चश्मे के साथ नेत्र स्वास्थ पर संवेदित किया गया है। फूलबेहड़ गांव की कुल आबादी 492 है। गांव के 92 लोगों की जांच की गई जिसमे 19 लोग मोतियाँ बिंदु से पीड़ित मिले थे। सभी ऑपरेशन कराया गया और सभी स्वस्थ है। अब गांव में कोई अंधता रोग से पीड़ित नहीं है। बाजपेई ने कहा इसका श्रेय सर्वे कार्यकर्त्ता में चाँदनी,वर्मा, आकाश वर्मा का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया की सीएचसी फरधान मे आयुष्मान कार्ड जिसका नहीं बना है वह बनवा सकता है। फरधान के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक विनीत अवस्थी ने कहा की आयुष्मान कार्ड के साथ नेत्र स्वास्थ्य की बहुत सारी बीमारियों का ईलाज सम्भव है। गोला गोकर्णनाथ से आये हुए विशिष्ट सहयोगी अशोक सक्सेना ने संस्था के अभूतपूर्व कार्य को बताते हुए कहा कि आँखों मे होने वाली किसी भी समस्या पर उनसे संपर्क करने पर समस्या का समाधान किया जायेगा। संस्था समर्पण की भावना से कार्य करती है तभी हम अन्धकार को दूर करने के लिए समुदाय के साथ कदम से कदम मिला कर चल रहे है। दिल्ली से आये हुए शायामंता विजय ने उपस्थित समुदाय को सहयोग के लिए बधाई दी उन्होंने कहा की संस्था का संकल्प अंधता मुक्त ग्राम के सपने को साकार करना है। वही अनिल ठाकुर ने संस्था के द्वारा किये जा रहे कार्यो को विस्तार पूर्वक बताते हुए विपिन पाण्डेय ने घर घर नेत्र जाँच कर अंधता मुक्त ग्राम की परिकल्पना को साकार करने के लिए समुदाय सरकार और संस्था मिलकर कार्य कर रहे है। कार्यक्रम मे मो जावेद जन्मेजय अवस्थी, वरिष्ठ समन्वयक समीर अली दिलीप वर्मा संदीप, पवन जमुनादीन आदि का सहयोग रहा।

# एसएसबी के जवानों ने किया रक्तदान, दिया 94 यूनिट ब्लड

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी।** एसएसबी गढ़ी और एसएसबी गदनिया पलिया के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने किया। इस दौरान 94 से जवानों ने रक्तदान किया। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने रक्तदान करने वाले सभी जवानों का हाल-चाल लिया और दोनों ही कैंपों के अधिकारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल से आम लोगों में भी रक्तदान करने की प्रेरणा बढ़ती है। रक्तदान करना आवश्यक है। यह लोगों की जान बचाता है। आज लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने की बहुत अधिक आवश्यकता है। ऐसे कैंप और अधिक आयोजित होने चाहिए। जिससे अधिक से अधिक लोगों की जान बचाई जा सके। एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार लोगों को प्रेरित किया जा रहा है और उन्हें रक्तदान से होने वाले फायदे के बारे में भी बताया जा रहा है। एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान चार जिंदगियां बचाता है। सीएमएस डॉ आरके कोली ने बताया कि जिला अस्पताल की टीम द्वारा डॉ एसके मिश्रा के नेतृत्व में एसएसबी के दोनों केंद्रों पर रक्तदान शिविर का संचालन किया गया। एसएसबी गढ़ी रोड लखीमपुर में 71 यूनिट और एसएसबी 39 गदनिया पलिया में 23 यूनिट ब्लड एकत्र किया गया है। कैंप में एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता सहित एसएसबी के दोनों केंद्रों के अधिकारी, भारत विकास परिषद से डॉ पीके गुप्ता, डीआईजी एसएच जेडी वसिष्ट कमांडेंट थर्ड बटालियन एस एच देवेंद्र, डिप्टी कमांडेंट मेडिकल डॉ हिमांशु डबास एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

# ईदुल अज़हा(बकरीद) की तैयारियों में जुटा नगर निगम मुस्तैद रहेंगे निगम अफ़सर

**● मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ नगर आयुक्त ने इंतजामों को लेकर की बातचीत-ईदुल अज़हा पर 3 दिन मिलेंगी दोपहर 2 से 4 अतिरिक्त पेयजलापूर्ति**



स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़, ।** आगामी 17 जून को ईदुल अज़हा के पर्व को देखते हुये नगर आयुक्त अमित आसेरी ने मुस्लिम समाज के धर्म गुरु व मोज़िज़ लोगों के साथ नगर निगम इंतजामों को लेकर समीक्षा की। नगर आयुक्त ने ईदुल अज़हा पर नगर निगम इंतजामों को चाक चौबंद और परंपरागत व्यवस्थाओं बेहतर तरीके से करने का वादा किया। वही बैठक में परम्परागत सभी इंतिजामो को बेहतरीन तरीक़े से कराने के लिए अधीनस्थों को जिम्मेदारी भी निर्धारित की। शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय पर नगर आयुक्त अमित आसेरी ने मुस्लिम मुफ़्ती ज़ाहिद गुलज़ार अहमद, गुलाम रसूल काज़ी अयाज व अन्य के साथ बक़रीद पर नगर निगम की व्यवस्थाओं के सम्बंध में विचार विमर्श करते हुए व्यवस्थाओं को कराने के लिए अधीनस्थों के दायित्व निर्धारित किये। मुस्लिम बुद्धजीवियों ने नगर निगम की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए नगर आयुक्त से अतिरिक्त पेयजलापूर्ति व अपशिष्टों को डालने के लिए पर्याप्त वाहन व ट्रैक्टर ट्रॉली को लगाने का अनुरोध किया।

बक़रीद पर व्यवस्थाओं के संबंध में महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा माननीय मुख्यमंत्री महोदय की मंशा और शासन की निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार नगरीय क्षेत्र में बकरीद के अवसर पर नगर निगम द्वारा परंपरागत व्यवस्थाओं को किया जा रहा है शासन की निर्धारित गाइडलाइन का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। नगर आयुक्त ने बताया बकरीद् पर परम्परागत की जाने वाली व्यवस्थाओं के लिए नगर निगम के सभी अधिकारियों को मुस्तैद कर दिया गया है नगर निगम का प्रयास 16 जून तक शाहजमाल ईदगाह, जमालपुर ईदगाह, जीवनगढ़ ईदगाह, ऊपरकोट जामा मस्जिद सहित महानगर की सभी धार्मिक स्थलों व मुस्लिम बहुल्य क्षेत्रों में व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने का रहेगा

बकरीद की व्यवस्थाओं के लिये प्रमुख स्थानों पर पढ़े जाने वाली परम्परागत नमाज़ व तीन दिन तक चलने वाली कुर्बानी को देखते हुये 5 सेक्टर बनाये गये है। सेक्टर-01 शाहजमाल ईदगाह क्षेत्र, सेक्टर-02 ऊपरकोट जामा मस्जिद क्षेत्र,सेक्टर-03 जमालपुर ईदगाह क्षेत्र, सेक्टर-04 जीवनगढ़ ईदगाह क्षेत्र सेक्टर-05 हाथीपुल व देहलीगेट क्षेत्र है। नगर आयुक्त ने बताया बक़रीद की व्यवस्थाओं को अगले 24 घण्टे में पूरा करने की डेडलाइन निर्धारित की गई है और अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव को इदुल जुहा के अवसर पर सम्पूर्ण महानगर में की जाने वाली नगर निगम सम्बन्धी समस्त व्यवस्थाओं का वरिष्ठ नोडल अधिकारी बनाया गया है

# संक्षिप्त ख़बरें

## दो अंतर्जनपदीय गांजा तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे



जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के व्यापक रोकथाम एवं तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी व आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 14.06.2024 को थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिरी सूचना के आधार पर अमवा माफी हाईवे फ्लाई ओवर के नीचे से 02 अंतर्जनपदीय गांजा तस्करों प्रदीप निषाद पुत्र रामधारी निषाद उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम केशवपुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर व अमृत राजन दुबे पुत्र अंजनी कुमार दुबे उम्र 27 वर्ष निवासी खपड़ह बाजार थाना सिकरारा जनपद जौनपुर को एक नीले कलर के बैग में कुल 01.650 कि0ग्रा0 नाजायज गांजा कीमती लगभग 41 हजार व तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0-131/2024 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान मा0 न्यायालय किया गया। बरामदशुदा मोटरसाइकिल के संबंध में वैध कागजात न प्रस्तुत करने पर अंतर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज कर कब्जा पुलिस में लिया गया। 01.650 कि.ग्रा. नाजायज गांजा (कीमती लगभग 41 हजार रुपये)

## नगर पंचायत सुरियावा से पुलिस एवं नगर पंचायत की संयुक्त टीम द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों से हटवाया गया



सुरियावा जिलाधिकारी भदोही के आदेश के क्रम में शुक्रवार को नगर पंचायत सुरियावां के विभिन्न जगहों पर से सुरियावा पुलिस एवं नगर पंचायत सुरियावा की संयुक्त टीम द्वारा नगर के सब्जी मंडी बघेल कटरा गल्ला मंडी अटल चौराहा चौक एवं फाटक गली से अतिक्रमण को हटवाया गया इस दौरान अधिशासी अधिकारी सुरियावां शशिकांत तिवारी एवं प्रभारी निरीक्षक सुरियावा राम नगीना यादव से से कहीं-कहीं नोक झोंक हुई लेकिन उनको समझते हुए अतिक्रमण को हटवाया गया और चेतावनी दी गई की दोबारा अगर आक्रमण किया जाएगा तो उनके विरोध विधिक एवं दंडात्मक कार्रवाई एवं जुर्माना किया जाएगा इस मौके पर थाना सुरियावां की फोर्सएवं नगर पंचायत सुरियावा के स्टाफ कर्मचारी मौजूद रहे

## पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं



**भदोही।** प्रतिदिन की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-14.06.2024 को डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदया द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

# डीएम ने अभियोजन व कानून व्यवस्था संबंधी बैठक कर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए

**● कानून व्यवस्था का सख्त पालन हो सुनिश्चित-जिलाधिकारी**

**अपराधियों को सजा दिलाने हेतु न्यायालय में मुकदमों की पैरवी करने के लिए डीएम ने अभियोजन अधिकारियों को दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 14 जून 2024ः** जिलाधिकारी विशाल सिंह सिंह की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों व कानून व्यवस्था से संबंधित बैठक संपन्न हुई। अभियोजन कार्यों से जुड़े मामलों की जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में विस्तार से समीक्षा की। बैठक में डीएम ने संयुक्त निदेशक अभियोजन सहित अन्य सभी संबंधित अभियोजन पदाधिकारी को अभियोजक को संबंधित मामलों के निष्पादन में तीव्र प्रगति लाने के निर्देश दिए जिलाधिकारी कहा की पीड़ितों को न्याय दिलाना सभी की जिम्मेदारी साथ ही एक्साइज एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण एवं गंभीर मामलों को चिह्नित करते हुए उसके निष्पादन के लिए ससमय कार्यवाही करे द्य जिलाधिकारी ने कहा कि पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है और हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम न्याय समय से दिला सके।


जिलाधिकारी ने कहा की लोक अभियोजन अधिकारियों से प्राप्त जानकारी पर पुलिस को दूसरे जिले में पदस्थापित सरकारी गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए एस.पी कार्यालय से समन्वय स्थापित करने के लिए कहा। प्रतिवेदन की प्राप्ति के लिए समय से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए सभी संबंधित पक्षों में समन्वय का होना आवश्यक है। इसलिए जरूरी है कि सभी पक्ष आवश्यक कागजात या प्रतिवेदन की प्राप्ति के लिए ससमय संपर्क करें। जिलाधिकारी ने बैठक में महिला अपराधों से संबंधित मुकदमों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आपराधिक मामलों में लिप्त अपराधियों को सजा दिलाने को न्यायालयों में मुकदमों की प्रभावी ढंग से पैरवी करने के लिए अभियोजन अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने नशा मुक्ति केंद्रों के सत्यापन के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नशा मुक्ति केंद्र समस्त मानकों का अनुपालन करे। भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर छापेमारी करने के निर्देश दिये। आंगनबाड़ी केन्द्रों, कॉलेज और स्कूलों में मद्य निषेध के प्रति जागरूकता अभियान चलाते रहे। साथ ही मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर रोक लगाने के लिए कारगर उपाय करने का कार्य करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व कुँवर वीरेंद्र मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 तेजवीर सिंह, संयुक्त निर्देशन अभियोजन सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग में पढ़ाने हेतु विभिन्न विषय विशेषज्ञ करें 15 जून तक आवेदन

**● आईएएस/पीसीएस, एनडीए/सीडीएस, नीट, जेईई, परीक्षाओं हेतु पढ़ाने वाले व्याख्यातागण करें आवेदन**

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही जून 2024:-** जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 एश्वर्य राजलक्ष्मी द्वारा पत्र के माध्यम से सभी को अवगत कराया गया कि शासनादेश के मुताबिक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र/छात्राओं को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अन्तर्गत अनुभवी एवं योग्य विषय विशेषज्ञों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन पत्र सभी शैक्षिक एवं अनुभव के साथ मुख्यमंत्री निःशुल्क अभ्युदय कोचिंग केन्द्र-काशी नरेश राजकीय पी0जी0 कालेज ज्ञानपुर भदोही के ई-लाईब्रेरी में किसी भी कार्यदिवस के अन्दर जून 2024 के अन्दर प्रस्तुत कर सकते है।

सिविल सेवा/राज्य सिविल सेवा हेतु विषय-इतिहास, भूगोल, राज्यव्यवस्था, अर्थव्यवस्था, एथिक्स, करेन्ट अफेयर्स, इनवायरमेंट, डिजास्टर मैनेजमेंट, साईस इण्ड टेक्नोलॉजी, यूपी स्पेशल, कम्यूनिकेशन एण्ड इण्टर पर्सनल स्किल, बौद्धिक क्षमता, एलिमेन्टरी, मैथ, जनरल इंग्लिश, जनरल हिन्दी, पढ़ाने हेतु विषय विशषज्ञ आवेदन फार्म आवेदन के साथ आमंत्रित है। आईएएस, पीसीएस के लिए सम्बन्धित विषय में पी0जी0/नेट/पीएचडी अथवा सिविल/राज्य सिविल सेवा/प्रदेश न्यायिक सेवा मुख्य परीक्षा में अवश्य प्रतिभाग किये हो।

एनडीए/सीडीएस हेतु विषय मैथ्स, इग्लिश, जनरल साईस, जी0के0, मेडिकल परीक्षा नीट, विषय-भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, इंजिनियरिंग परीक्षा जे0ई0ई0 विषय-मैथ्य से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, को पढ़ाने हेतु विषय विशेषज्ञ सम्बन्धित विषय-पी0जी0/नेट/गेट/पीएचडी धारक हो।

उपरोक्त परीक्षाओं हेतु साक्षात कक्षाओं के संचालन हेतु योग्य एवं अनुभवी एवं प्रोफेशनल व्याख्याताओं की सेवाएं अतिथि व्याख्याता के रूप में ली जायेगी जो सम्बन्धित विषयक में उपर्युक अर्हता रखते हो। साथ ही प्रतिष्ठित कोचिंग में शिक्षण अनुभव को वरीयता दिया जायेगा। योग्य एवं अनुभवी व्याख्याताओं को जिला स्तर पर विशेषज्ञ चयन समिति की अनुशंसा से परीक्षण व्याख्यान ट्रायल लेंचर के उपरान्त परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रो में सूचीबद्ध किया जायेगा। व्याख्यान के लिए आमंत्रित किये जाने वाले विषय विशेषज्ञों/वार्ताकारों/व्याख्याताओं को प्रति व्याख्या दर 2000 अथवा कार्मिक विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेश में निर्धारित प्राविधानों के अनुरूप मानदेय का भुगतान किया जायेगा। एक व्याख्यान की अवधि 90 मिनट होगी। एक अतिथि प्रवक्ता को प्रतिमाह अधिकतम 30 व्याख्यान अनुमन्य होगे। अधिक जानकारी के लिए कोर्स कोऑडिनेटर के मोबाइल नम्बर-9621347359 पर सम्पर्क कर सकते है।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर जिलाधिकारी ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को किया जागरूक व प्रेरित

**●आपका रक्तदान किसी को जीवनदान दे सकता है-डीएम विशाल सिंह**

**आइए, संकल्प ले कि स्वयं रक्तदान करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित और जागरूक करेंगे-जिलाधिकारी**

**सीएमओ ने भी स्वयं रक्तदान कर दूसरों को भी रक्तदान करने हेतु किया प्रेरित व प्रोत्साहित**

**विश्व रक्तदान दिवस के महायज्ञ में लोगों ने रक्तदान कर दी आहुति-सीएमओ**

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही 14 जून 2024:-** विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग व अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय में लगाए गए रक्तदान महाशिविर में जिलाधिकारी विशाल सिंह ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को जागरूक व प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान न सिर्फ किसी व्यक्ति की जान बचा सकता है साथ ही इसका रक्तदाता के शरीर पर लाभकारी प्रभाव होता है। जिलाधिकारी ने बताया कि रक्तदान करने से किसी प्रकार से भी हमारे शरीर को गलत ढंग से प्रभावित नहीं करता है। 6 महीने में एक बार कोई भी स्वस्थ पुरुष/महिला रक्तदान कर सकता है। उन्होंने बताया कि किन्ही कारणों से जो आज रक्तदान नहीं कर पाए हैं उनके लिए पूरे साल भर रक्तदान का शेड्यूल बनाया गया है जहां पर वे सुरक्षित तरीके से रक्तदान करते हुए लोगों के बहुमूल्य जीवन को बचाने में अपना महादान कर सकते हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि रक्तदान करने से कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों के खतरे से बचा जा सकता है। रक्तदान करने से ब्लड प्रेशर की समस्या कम, वजन को कंट्रोल में रखना मानसिक रोगों का जोखिम कम एवं मानसिक स्वास्थ्य में लाभकारी होता है। उन्होंने जागरूक करते हुए कहा कि हर पल किसी न किसी जरूरतमंद को रक्त की आवश्यकता होती है। ईश्वर ने आपको दूसरों के जीवन रक्षा का वरदान दिया है, जरूरतमंदों के जीवन रक्षा के लिए मानवता की सेवा के महापर्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान रुपी जीवनदान दें। उन्होंने कहा कि रक्त देने से जरूरतमंद लोगों को जीवनदान मिलता है। जरूरत है इस संबंध में लोगों को जागरूक करने की और स्वयं पहल करने की ताकि स्वैच्छिक रक्तदान की प्रक्रिया को बढ़ाया जा सके और रक्त के अभाव में किसी को जीवन का दामन न छोड़ना पड़े। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है आप हमेशा यूं ही रक्तदान कर जरूरतमंदों को जिंदगी का उपहार देते रहें। जिलाधिकारी ने सीएमएस से एमसीएस अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि ब्लड के साथ ही डेगू मरीजों हेतु होल ब्लड से प्लेटलेटस को अलग करने के लिए सेप्रेरेशन यूनिट का 01 जुलाई से प्रारम्भ हो जाय।

जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित लोगों को विश्व रक्तदाता दिवस 2024 की शपथ दिलायी गयी कि-''मैं अपना रक्त नियमित रूप से दान करूगा। भारत में रक्त की विशाल आवश्यकताओं को ध्यान में रखता हुए मैं, यह भी वचन देता हूँ कि मैं अपने परिवार दोस्तों, रिस्तेदारों, सहयोगियों, और जनता को नियमित स्वैच्छिक, अवैतनिक रक्तदान की आवश्यकता के बारे में जागरूक करने का प्रयास करूंगा। इसके साथ-साथ में यह भी वचन देता हूँ कि जब भी कभी किसी को रक्त की जरूरत होगी। मैं अपने खर्चे पर बिना किसी लोभ लालच के, जाति धर्म के भेदभाव मुक्त होकर रक्तदान करूंगा। मैं सतत् प्रयास करूंगा ताकि रक्त की कमी से हमारे आस-पास किसी की जान न जाये।'' इस अवसर पर रक्तदान करने वाले लोगों को जिलाधिकारी ने उनकी सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक ने भी स्वयं रक्तदान करते हुए बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जनपद के सभी सीएचसी सीएचसी सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर रक्तदान टेस्टिंग शिविर का आयोजन किया गया है साथ ही जनपद के चार प्राईवेट ब्लड बैंको पर भी रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है जहां पर जागरूक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जीवनदान रूपी पुनीत कार्य किया है। इस अवसर पर सीएमएस डॉ.राजेंद्र कुमार, एसीएमओ डॉ0 ओमप्रकाश शुक्ला, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 विवेक प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, रेडक्रास सोसाइटी, लायंस क्लब, निरंकारी समाज के पदाधिकारीगण सहित अन्य डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी, पत्रकार बंधु, जनमानस उपस्थित रहे।

# त्योहारों के मद्देनजर जोनल अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को किया ब्रीफ



**कानपुर।** आगामी गंगा दशहरा, बकरीद व बुढ़वा मंगल के त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने एवं कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के सभी जोनल डीसीपी द्वारा अपने-अपने जोन के थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों के साथ मीटिंग की गयी। मीटिंग में घाटों एवं मस्जिदों पर साफ सफाई, लाइट और पार्किंग व्यवस्था, एन्ट्री एग्जिट प्लैन, गोताखोरों से समन्वय, मोटर बोट, बैरीकेडिंग, यातायात व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# दसवें योग दिवस के अंतर्गत योग सप्ताह, 15 से 21 जून के भव्य तैयारियों हेतु जिलाधिकारी ने की बैठक

**●आज 15 जून सुबह 6:00 बजे मुंशीलाटपुर स्टेडियम में योग सप्ताह का डीएम व जनप्रतिनिधिगण करेंगे**

**भव्य शुभारंभ,जनपदवासी सादर आमंत्रित**

**योग सप्ताह के अंतर्गत जनपद मुख्यालय,तहसीलों, ब्लॉकों एवं ग्राम पंचायत में योग पर आधारित होंगे विविध कार्यक्रम**

**आईए हम सभी योग को अपनी जीवन शैली में अपनाकर संवहनीय विकास पर दें बल-डीएम**

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही 14 जून 2024ः** जिलाधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता में जनपद में दशम् अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर "योग सप्ताह" 15 से 21 जून 2024 जनपद मुख्यालय सहित,तहसीलों, समस्त विकास खण्डों एवं नगर पालिका/नगर पंचायत में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाने के संबंध में तैयारी/समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने शासन के मंशानुरूप दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 15 से 21 जून 2024 तक पूरे एक सप्ताह को "योग सप्ताह" के रूप में मनाए जाने से संबंधित सभी तैयारियों/गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग इस संबंध में अपने-अपने विभाग से संबंधित माइक्रोप्लान तैयार कर योग सप्ताह को वृहद स्तर पर सफल बनाना सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा कि इसमें मा0 जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति भी रहेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब आम जनमानस अपनी जीवन शैली में एक निरंतर प्रक्रिया के रूप में योग को अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके प्रति लोगों को उत्साहित एवं प्रेरित किया जाए जिससे लोग योगाभ्यास को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए निरंतर योग्य अभ्यास करें और अपना जीवन स्वस्थ एवं सुखी बनाएं।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने 15 से 21 जून तक मनाए जाने वाले योग सप्ताह के अंतर्गत प्रतिदिन के कार्यक्रम पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि 15 जून को मुंशीलाटपुर स्टेडियम में शुभारंभ किया जाएगा जिसमें सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा। 15 से 21 जून तक प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जाएगा, साथ ही 16 जून को सामूहिक योगाभ्यास योग से संबंधित रंगोली, योग के माध्यम से उच्च रक्तचाप प्रबंधन पर सेमिनार/संगोष्ठी, 17 जून को स्लोगन लेखन प्रतियोगिता ,जीवन शैलीजन समस्याओं में योग का महत्व पर संगोष्ठी, 18 जून को निबंध लेखन प्रतियोगिता, आधुनिक जीवन शैली में महिलाओं के लिए योग का महत्व के संबंध में संगोष्ठी, 19 जून को आंसूभाषण एवं टाइम ड्राइंग प्रतियोगिता, मानसिक स्वास्थ्य एक संपूर्ण विकल्प पर संगोष्ठी ,20 जून को योगासन प्रदर्शन प्रतियोगिता एवं 21 जून को अंतिम दिन योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास के साथ-साथ पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आगामी 21 जून 2024 को विभूति नारायण इंटर कॉलेज ज्ञानपुर में आयोजित होने वाले बृहद योगाभ्यास कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत चर्चा की। दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल विभूति नारायण इंटर कॉलेज ज्ञानपुर में आयोजन से सम्बंधित समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, जिला क्रीड़ाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों को योगाभ्यास स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि योग साधकों, विशिष्ट अतिथियों, महिलाआओं, बच्चों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, कहीं कोई अव्यवस्था न हो।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थलों पर साफ सफाई, दुरुस्त किया जाए, शौंचालय की व्यवस्था होनी चाहिए, पीने के पानी की भी व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर कराए जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग को जीवन में अपनाना जरूरी है जब हम सब स्वस्थ रहेंगे तो हमारा देश स्वस्थ रहेगा, प्रगति करेगा इसके लिए जनपदवासियों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हुए नियमित योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए द्य योग अभ्यास कर बीमारियों से बचा जा सकता है द्य उल्लेखनीय है कि दिनांक 15 जून से 21 जून 2024 तक मनाये जाने वाले योग सप्ताह में जनपद के समस्त तहसीलों/नगर पालिका/नगर पंचायत/ब्लाकों एवं विद्यालयों सहित अन्य संगठनों द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 तेजवीर सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर एस के चक, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ अनिल राय, डॉ नित्यानंद यादव, जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार सहित पतंजलि योग संस्थान गयात्री परिवार ब्रह्मकुमारी आर्ट ऑफ लिविंग आदि संस्थाओं के व्यवस्थापक व योगाचार/योग मास्टर ट्रेनर एवं अन्य संबंधित आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा साप्ताहिक शुक्रवार परेड की ली गई सलामी, किया गया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



आज दिनांक-14.06.2024 को डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन,पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस लाईन ज्ञानपुर परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई गई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल की कार्यवाही का निरीक्षण कर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शस्त्र हैंडलिंग व दंगा नियंत्रण उपकरणों का कराया गया अभ्यास।पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया गया तथा प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया गया कि पीआरवी वाहनों व उसके उपकरणों की लगातार चेकिंग करें पीआरवीकर्मी अपने-अपने स्थान पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पब्लिक की सुरक्षा और सेवा में समर्पित रहें।

पुलिस लाईन निरीक्षण के दौरान ट्रैफिक कमांड कंट्रोल का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, बैरक,भोजनालय व परिवहन शाखा आदि को चेक किया गया। शस्त्रागार प्रभारी को शस्त्रों की साफ-सफाई रखने व गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस बैरकों व आवासों का निरीक्षण कर सम्बंधित को साफ-सफाई आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान विभिन्न रजिस्टरों को चेक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## पुलिस ने तीन वारण्टी पकड़े

**अलीगढ़,।** एसएसपी द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अलीगढ़ पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण निम्नवत है।थाना गाँधीपार्क पुलिस टीम ने वारण्टी देवेन्द्र कुमार पुत्र रामपाल सिंह निवासी शास्त्रीनगर छावनी थाना गाँधीपार्क एन0आई0 एक्ट को उसके मकान से गिरफ्तार किया गया है। उधर थाना छर्रा पुलिस टीम द्वारा वारन्टी भूरा उर्फ हरी मोहन पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम हमीरपुर थाना छर्रा को मारपीट कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने पर एससी एसटी को गिरफ्तार किया गया। थाना टप्पल पुलिस टीम ने वारण्टी पिंकू पुत्र रामवीर सिंह निवासी ग्राम मौर थाना टप्पल को मारपीट के प्रकरण में मसकन ग्राम मोर थाना टप्पल अलीगढ से गिरफ्तार किया गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत- हासीपुर वि.खं. सीखड़, मीरजापुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजना/पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पन्द्रहवा वित्त आयोग (केन्द्रीय वित्त आयोग) / मनरेगा योजना/स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फैज 2 एवं अन्य शासकीय योजनाओं से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्री के आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा निम्न शर्तो के अधीन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता/फर्म सामग्री की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से आवेदन शुल्क 500.00 रूपया जमा कर आवेदक निविदा प्रपत्र प्राप्त कर दिनांक 15.06.2024 से दिनांक 18.06.2024 को सुबह 10 से 2 बजे तक बन्द लिफाफे में डाल सकते है, जो दिनांक 18.06.2024 को पूर्वाह्न 4 बजे क्रय समिति/निर्माण कार्य समिति के सदस्यों के समक्ष ग्रा.पं. कार्यालय में स्वीकृति हेतु खोली जायेगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नवत है-

**सामग्री का विवरण, मात्रा –**

1. ईट प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. इण्टरलाकिंग प्रति हजार, 3. लाल बालू मोरंग, बालू सफेद, महीन बालू प्रति घनमी., 4. ईट गिट्टी 25 एम.ए. प्रति घन मी., 5. एस्बेस्ट्रस सीट, पैन सीट, दरवाजा प्रति नग, 6. टाइल्स, कोटा स्टोन प्रति मी., 7. स्टोन ब्लाडर प्रति घन मी., 8. NP3 ह्यूम पाइप 250, 300, 350, 450, 600mm प्रति नग मी., 9. सोलर लाइट, बेट्री, पैनल, स्ट्रीटलाइट 252, 452, 352 प्रति नग, 10. हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री, हैण्डपम्प रिबोर सामग्री प्रति नग, 11. सीमेंट प्रति बोरी, 12. सरिया प्रति कुन्तल, 13. परिया 1 बोर्ड प्रति नग, 14. स्कूल में फर्नीचर क्रय/ऋह्न. वाटर कूलर, प्रति नग, 15. लोहा, एन्गल प्रति किलो ग्राम, 16. ई रिक्शा, साईकिल रिक्शा प्रति नग, 17. पंचायत भवन में PVC पैनल कार्य प्रति मी. 2, 18. पंचायत भवन में सामग्री, स्टेशनरी, प्रिन्टर, 19. रंगाई, पुताई सामग्री, पेन्ट इत्यादी प्रति लि., 20. प्लम्बरिंग सामग्री (CPVC) नल, समरसेबुल प्रति नग, 21. प्लास्टिक बैंक, इन्सिनरेटर SBM-G सामग्री प्रति नग, 22. PVC पाईप प्रति मीटर। प्रतिबन्ध एवं शर्ते ग्रा.पं. कार्यालय पर उपलब्ध है। तथा ग्रा.पं. द्वारा कार्यो के सुची ग्रा.पं. कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्रत है।

प्रधान- प्रभु नारायण सिंह
ग्राम पंचायत हासीपुर
वि.खं. सीखड़, मीरजापुर

सचिव राजेश कुमार
ग्राम पंचायत हासीपुर
वि.खं. सीखड़, मीरजापुर

# संक्षिप्त ख़बरें

## सामाजिक संस्था अच्छी सोच फाउंडेशन की संरक्षक बनी डॉक्टर सूफ़िया खान

**मनकापुर गोण्डा**–सामाजिक संस्था अच्छी सोच फाउंडेशन के अध्यक्ष नजीर मोहम्मद ने बताया की आज संस्था के पदाधिकारी की पहली सूची जारी किया गया जिसमें डॉ सूफ़िया खान को संरक्षक बनाया गया शिव कुमार यादव को उपाध्यक्ष व विनोद कुमार चौहान को महासचिव जाकिर हुसैन सचिव वाजिद अली संगठन सचिव जावेद खान सलाहकार इबरार अहमद सोशल मीडिया प्रभारी रामकुमार विश्वकर्मा प्रवक्ता अमरजीत वर्मा संयोजन आजाद मलिक जिला अध्यक्ष सिद्धार्थनगर राम आशीष जिला अध्यक्ष बस्ती को विभिन्न जिम्मेदारी दि गई संस्था के मदद के लिए सहयोगी के रूप में आगे आएं डॉक्टर मोहम्मद खालिद एडवोकेट राम प्रकाश यादव मोहम्मद इरफ़ान प्रधान जमील खान वारिस खान जैसे लोग संस्था के कार्य से प्रभावित होकर संस्था को मजबूत बनाने के लिए आगे आए आपको बता दे की अच्छी सोच फाउंडेशन विगत तीन वर्षों से लगातार शिक्षा स्वास्थ्य सहित गरीब लड़कियों की शादी करवाने व गंभीर रूप से बीमार लोगों की आर्थिक सहायता देकर उनका इलाज कराने ब्लड डोनेट करने जैसे अनेकों कार्य कर रही है संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यो से प्रभावित होकर गोण्डा सांसद वा वर्तमान में केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह सहित कई विभागों के अधिकारी जनप्रतिनिधियों वा प्रतिष्ठित संस्थानों ने संस्था के अध्यक्ष को सम्मानित कर चुकी हैं नजीर मोहम्मद ने कहा की अब संस्था अपने संगठन को मजबूत बनाकर बड़े स्तर पर समाज के लिए काम करना चाहती है इसी लिए इन सभी साथियों को जिम्मेदारी दी गई है हमें विश्वास है कि अपने पदाधिकारी के बल बूते संस्था समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित करने में कामयाब होगी

## मां बेटी बेटा पर किया प्राण घातक हमला,क्षेत्र में हड़कम्प

घायलो को इलाज के लिए सीएचसी अस्पताल भेजा गया।



**मेजा प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र के भटौती गांव में वृहस्पतिवार की शाम मीरा देवी, बेटी लक्ष्मी बेटा धर्म राज पुत्र रमाशंकर पर जानलेवा हमला किया है। लाठी कुल्हाड़ी से बेरहमी से पीटा गया है।छऊ जिससे धर्म राज को गंभीर चोटे आई हैं हमले के वक्त मौके पर



लोगों की भीड़ लग गई लेकिन किसी ने बीच बचाव करने का साहस नहीं किया है मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है घायल को इलाज के लिए मेजा सीएचसी में भर्ती कराया गया जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं ?पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। परिजनों का कहना है कि घर में लक्ष्मी अकेली थी तभी पड़ोस के शरद कुमार पांडेय प्रशांत कुमार पांडेय अमन कुमार पन्ना पांडेय प घर पर आकर मां बहन की भद्दी भद्दी गाली देते हुए बेटी को लात घूसों से पिटाई कर रहे थे तभी बेटा बीच बचाव के लिए पहुंचा उसको भी धारदार हथियार से हमला कर दिए जिससे बेटा धर्म राज बुरी तरह घायल हो गया लेकिन कोई बीच बचाव करने नहीं आया घायल को मरा समझ कर हमलावर छोड़कर भाग गए लोगों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस व पुलिस ने घायलों को सीएचसी अस्पताल मेजा में भर्ती कराया उसकी हालत गंभीर बनी है। मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।आरोपियों को जल्द ही पकडकर कार्रवाई किया जाएगा।

## निरस्त करके फिर से कराई जाए नीट, परिक्षा । रेवती रमण

मेधावी छात्रों के साथ न्याय करे सरकार

**करछना प्रयागराज।** पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री को पत्र लिखकर मांग किया है कि नीट 2024 परीक्षा को निरस्त कर पुनः परीक्षा कराई जाए,ताकि मेधावी छात्रों के साथ न्याय हो सके।पूर्व सांसद ने कहा कि इस परीक्षा परिणाम को लेकर हर तरफ आक्रोश व्याप्त है। देश के कई हिस्से से परिक्षार्थी के आत्महत्या की खबरें आ रही हैं और छात्र अभिवावक लगातार आंदोलनरत हैं। इस नीट 2024 परीक्षा को आयोजित करने वाली संस्था की कार्यशैली पर कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की बू आ रही है। ऐसी दशा में नीट 2024 की परीक्षा को निरस्त कर पुनः परीक्षा कराई जाय और उच्च स्तरीय जांच करा कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही हो, ताकि लगातार हो रही प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली पर अंकुश लग सके। मेजा के सपा विधायक संदीप पटेल ने नीट में धांधली की जांच की मांग की है। दोनों नेताओं ने कहा कि यह परीक्षा बच्चों के भविष्य से जुड़ी है। जिस तरह से भ्रष्टाचार और धांधली हुई है।उससे विद्यार्थियों का मनोबल टूटा है। आत्महत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं। हम सरकार से मांग करते हैं की परीक्षा को रद्द कराया जाए। दोबारा नीट की परीक्षा हो और दोषियों पर कार्रवाई हो।

# सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रहे जल जीवन मिशन के अधिकारी

**● - जगह-जगह गड्ढे कर काम छोड़कर भाग रहे के ठेकेदार।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** हर घर जल योजना के तहत गांव क्षेत्र में जल निगम के पाइपलाइन बिछाए जाने में लगे ठेकेदार पूरे जिले में बेलगाम हो चुके हैं। अफसरों का शिकंजा इन पर कसता नहीं दिख रहा है उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती विभाग द्वारा गांव-गांव में इंटरलॉकिंग, सीसी रोड, सड़क, नाली आदि का निर्माण कराने में करोड़ों की रकम खर्च की जा रही है लेकिन हर घर जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाए जाने में सड़क खोदकर पाइप तो डाल दिया जाता है लेकिन फिर सड़के समतल नहीं की जाती है। गड्ढे छोड़कर ठेकेदार भाग खड़े होते हैं क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोगों ने अधिकारियों से शिकायत की लेकिन उसके बाद भी हर-घर जल योजना का पाइप डालने में लगे ठेकेदारों पर अंकुश लगाने में अधिकारी सफल नहीं हो सके हैं। जिले के जिस क्षेत्र में देखो जिधर देखो उधर गड्ढे ही गड्ढे दिखाई देते हैं।उत्तर प्रदेश सरकार की पूरी विकास योजना चौपट होती दिख रही है।आवा गमन के दौरान साइकिल सवार, पैदल ,बाइक सवार गड्ढे में गिरकर चोटहिल हो रहे हैं लेकिन उसके बाद भी विभागीय अधिकारी से लेकर ठेकेदार



गंभीर नहीं है। बारा तहसील के शंकरगढ़ क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पाइप लाइन डालने के नाम पर खोदे गए गड्ढे को समतल नहीं किया है जिससे आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

# जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष युवक की गोली मारकर हत्या

**● - बारा थाना क्षेत्र के भेलाव मे लंबे समय से चल रहा था जमीनी विवाद।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बारा (प्रयागराज )।** बारा थाना क्षेत्र के भेलाव गांव में दो पक्षों के बीच उत्पन्न हुए जमीनी विवाद देखते ही देखते गोलीकांड में तब्दील हो गया। शुक्रवार की सुबह दो पक्षो में बहस होती है और बड़ी घटना का रूप ले लेती है। फायरिंग में गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। जमीनी विवाद को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था।सूचना पर डीसीपी यमुनानगर श्रध्दा नरेन्द्र पाण्डेय घटनास्थल पर पहुंच पीड़ित परिवार से मुलाकात की। डीसीपी ने कहा कि घटना में शामिल अपराधी को सख्त सजा दी जाएगी। उन्होंने थाना प्रभारी बारा को जल्द खुलासा करने का आदेश देते हुए अपराधियों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया।

बारा थाना क्षेत्र का भेलाव गांव शुक्रवार को



सुबह गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल उठा। पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कुछ लोगों ने खेत में काम कर रहे पिता-पुत्र पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दी। तीन गोली लगने से बेटे की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना पाकर तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आरोपियों की खोजबीन में पुलिस जुट गई है।बारा थाना क्षेत्र के भेलाव गांव में सुबह सात बजे खेत की जुताई करने गए पिता पुत्र पर गांव के ही कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। गोली लगने से मनीष मिश्र (27) पुत्र संतोष मिश्रा की मौत हो गई।

संतोष मिश्र ने बताया कि होली पर शराब



के नशे में आरोपी राजेश उर्फ साकेत बिहारी पांडे से विवाद हुआ था। उसी बात से खुन्नस खाए राजेश ने अपने पिता व चचेरे भाई के साथ असलहा लेकर सुबह खेत पर पहुंच गया। बिना कुछ बताए मनीष पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। तीन गोली मनीष को लगी। उसे अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी सांसें थम गई। घटना की सूचना पर डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय, एसीपी बारा व कौंधियारा के साथ मौके पहुंचकर छानबीन की और मुकदमा पंजीकृत करके आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित कर दी गई। और परिजनों को भरोसा दिलाया है कि आरोपी जल्द से जल्द सलाखों के पीछे होंगे।

# जांच की आंच सामुदायिक शौचालय निर्माण में किए गए लापरवाही का हुवा खुलासा

**● - बेलवा बाजार में कार्य कराते समय रहे तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव को मिल रहा संरक्षण, मौजूदा सचिव पर गिरी कार्यवाही की गाज**

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोंडा।** जिलाधिकारी के आदेश पर हुई जांच में सामुदायिक शौचालय के निर्माण में हुई धांधली, लापरवाही का खुलासा हुआ है। पूरा मामला रूपईडीह विकासखण्ड के बेलवा बाजार ग्राम पंचायत का है। वर्ष 2021...22 के दौरान निर्माण कार्यों में लापरवाही के लिए संबंधित ग्राम सचिव के खिलाफ कार्यवाही के आदेश जारी कर दिए गए हैं। साथ ही, सामुदायिक शौचालय का निर्माण जल्द से जल्द पूरा कर उसे हैण्डओवर करने का आदेश दिया गया है।

बताया गया कि जिलाधिकारी नेहा शर्मा से रूपईडीह विकासखण्ड के बेलवा बाजार ग्राम पंचायत के सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण न होने के संबंध में शिकायत की गई थी। जिलाधिकारी के आदेश पर खण्ड विकास अधिकारी रुपईडीह मृत्युन्जय यादव द्वारा 12 जून को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिकायत सही पाई गई। जांच रिपोर्ट के मुताबिक, सामुदायिक शौचालय का निर्माण अधूरा पाया गया। शौचालय के फर्श, टाईल्स, प्लम्बरिंग, बिजली फिटिंग, शोक पिट, सेप्टिक टैंक का ढक्कन, अन्दर के दरवाजे के पल्ले, कलर इत्यादि का कार्य नहीं किया हुआ पाया गया। इस संबंध में जब संबंधित ग्राम पंचायत सचिव से जवाब तलब किया गया, तो वह कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।खण्ड विकास अधिकारी मृत्युन्जय ने बताया कि पहले भी उनकी द्वारा कई बार इस सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण करने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। साप्ताहिक बैठकों में भी मौखिक रूप से कठोर निर्देश दिए गए। बावजूद, कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है।खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिव यमुना प्रसाद को मनमाने ढंग से कार्य करने, अपने दायित्वों का समुचित ढंग से अनुपालन न करने, शासकीय कार्यों में रुचि न लेने का दोषी पाया गया है। संबंधित को इस शिथिलता हेतु वर्ष 2024-25 में मध्यावधि प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की जाती है।

मामला जिला अधिकारी के संज्ञान में आने के बाद किया जा रहा पक्षपात दोषी को मुक्त




और निर्दोष पर की जा रही कार्यवाही जिलाधिकारी के आदेश पर ग्राम विकास अधिकारी यमुना प्रसाद के विरुद्ध की गई कार्यवाही से कहीं ना कहीं साजिश की बू रही है।और टाल मटोल करते हुए शौचालय निर्माण के दौरान वित्तीय वर्ष 2021-22 में तैनात रहे वहां के ग्राम विकास अधिकारी विनय कुमार गुप्ता के विरुद्ध विभाग के पत्रांक संख्या 2075 डेट 2021....22 दिनांक 7/3/2022 को अधूरे कार्यों में से चला बरतने हुआ अधूरे कार्यों के संबंध में एक चेतावनी पत्र जारी करते हुए विनय गुप्ता को दंडात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करने का चेतावनी पत्र जारी हुआ था। लेकिन अचानक न जाने मामले में कैसे नया मोड़ आ गया। और मौजूदा सचिव यमुना प्रसाद को दोषी मानते हुए कार्यवाही कर दी गई। जिसमें कहीं ना कहीं स्पष्ट पक्ष पात झलकता नजर आ रहा है।

# मेजा ऊर्जा निगम उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादन कम्पनी बनेगी। कमलेश सोनी

**● - विद्युत उत्पादन 1320 मेगावाट से बढ़कर 6920 मेगावाट हो जाएगी।**

**उत्तर प्रदेश के साथ दिल्ली हरियाणा जम्मू कश्मीर उत्तराखंड हिमाचल प्रदेश इत्यादि राज्य भी लाभान्वित होंगे।**

**मेजा प्रयागराज।** मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमलेश सोनी ने कंपनी की प्रस्तावित इकाइयों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले समय में मेजा ऊर्जा निगम उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादन कम्पनी बन जाएगा।ऊर्जा निगम की कुल उत्पादन क्षमता 1320 मेगावाट से बढ़कर 6920 मेगावाट हो जाएगी।इस उपलब्धि से सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश लाभान्वित होगा उसके उपरांत दिल्ली हरियाणा जम्मू कश्मीर उत्तराखंड हिमाचल प्रदेश इत्यादि राज्य भी लाभान्वित होंगे इस उपलक्ष्य पर अपने विचार साझा करते हुए उन्होने कहा÷भविष्य में मेजा ऊर्जा निगम मेजा के साथ-साथ सोनभद्र जिले में स्थित ओबरा और अनपरा में अपनी इकाइयां स्थापित कर प्रदेश की विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति करेगी एवं आसपास के इलाको का विकास करेगा।उन्होने आगे यह भी कहा कि जिस स्तर पर मेजा ऊर्जा निगम सामुदायिक विकास के लिए कार्यरत और प्रतिबद्ध है।आने वाले समय में इसका दायरा काफी बढ़ जाएगा।जिससे मेजा के साथ-साथ ओबरा एवम अनपरा में भी स्थानीय लोगो को भी आजीविका के नए अवसर मिल पाएगे। मेजा ऊर्जा निगम बालिका सशक्तिकारण महिला सशक्तिकरण रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण स्वास्थ्य पानी एवं इनफ्रास्ट्रक्चर संबंधी विभिन्न योजनाओं पर और मजबूत तरीके से काम करेगा।

श्री सोनी नें पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताते हुए कहा÷हमने पिछले कुछ वर्षों में लगभग चार लाख पेड़ लगाए है।आसपास के इलाकों में ग्रीन-बेल्ट को मियावाकी तकनीक का प्रयोग कर विकसित किया है।इसके साथ ही हम चाँद खमरिया में पाये जाने वाले काले-



हिरण के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे निरंतर प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में उनकी संख्या में दोगुनी से ज्यादा वृद्धि हो गयी है। बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 की 40 प्रशिक्षु बालिकाओं ने अपने प्रशिक्षण के दौरान बनाई हुई कलाक्रतियों को सभी के सामने पेश कर अपने अनुभवों को भी साझा किया। कार्यक्रम के दौरान, मेजा परियोजना के मानव-संसाधन विभागाध्यक्ष विवेक चन्द्र नें भी अपने विचारों को साझा किया और सभी से अपील की कि मेजा ऊर्जा निगम से संबन्धित किसी भी समाचार को प्रकाशित करने से पहले जन-संपर्क अधिकारी से पुष्टि तथा कंपनी बयान भी प्रकाशित करें जिससे समाचारों की सत्यता पूर्णतह सुनिश्चित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत वीरपुर झलैहिया वि0खं0 रुपईडीह गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2024-25 दिनांक- 14/06/24

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वीरपुर झलैहिया में वर्ष 2024 - 25 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 22/06/2024 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | क्र. सं. | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | सीमेंट | 17. | कूड़ादन /डस्टबिन |
| 2. | प्रथम श्रेणी ईट 40 MM | 18. | टीन शेड |
| 3. | ईट की रोड | 19. | इंटरलॉकिंग ईट |
| 4. | बालू | 20. | साइन बोर्ड |
| 5. | स्थानीय बालू | 21. | इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त सम्रगी |
| 6. | पत्थर गिट्टी 20 MM | 22. | लोकल मिट्टी |
| 7. | मोरंग | 23. | प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री |
| 8. | सीधा खंजर ईट | 24. | शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री |
| 9. | सरिया | 25. | पी0 वी0 सी0 पाइप |
| 10. | एंगल चौखट (फ्रेम) | 26. | गेट |
| 11. | लोहे का दरवाजा | 27. | लोहे का एंगल |
| 12. | प्लाईवुड दरवाजा | 28. | कचरा वाहन/ई रिक्शा |
| 13. | विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री | 29. | ठेलिया/ठेला |
| 14. | ह्यूम पाइप (सभी साइज) | 30. | प्लास्टिक बैग |
| 15. | लोहे की जाली | 31. | टाइल्स |
| 16. | पेंटिंग की समस्त समग्री | 32. | अन्य वांछित सामग्री इत्यादि । |

परान ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बीरपुर झलैहिया
वि0 ख0 रूपईडीह गोंडा

गरिमा यादव ग्राम पंचायत
सचिव ग्राम पंचायत वीरपुर झलैहिया
वि0 ख0 रूपईडीह गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत देवरिया कला वि0खं0 रुपईडीह गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2024-25 दिनांक- 12/06/24

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत देवरिया कला में वर्ष 2024 - 25 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 21/06/2024 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | क्र. सं. | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | सीमेंट | 17. | कूड़ादन /डस्टबिन |
| 2. | प्रथम श्रेणी ईट 40 MM | 18. | टीन शेड |
| 3. | ईट की रोड | 19. | इंटरलॉकिंग ईट |
| 4. | बालू | 20. | साइन बोर्ड |
| 5. | स्थानीय बालू | 21. | इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त सम्रगी |
| 6. | पत्थर गिट्टी 20 MM | 22. | लोकल मिट्टी |
| 7. | मोरंग | 23. | प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री |
| 8. | सीधा खंजर ईट | 24. | शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री |
| 9. | सरिया | 25. | पी0 वी0 सी0 पाइप |
| 10. | एंगल चौखट (फ्रेम) | 26. | गेट |
| 11. | लोहे का दरवाजा | 27. | लोहे का एंगल |
| 12. | प्लाईवुड दरवाजा | 28. | कचरा वाहन/ई रिक्शा |
| 13. | विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री | 29. | ठेलिया/ठेला |
| 14. | ह्यूम पाइप (सभी साइज) | 30. | प्लास्टिक बैग |
| 15. | लोहे की जाली | 31. | टाइल्स |
| 16. | पेंटिंग की समस्त समग्री | 31. | अन्य वांछित सामग्री इत्यादि । |

निर्मला देवी ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत देवरिया कला
वि0 ख0 रूपईडीह गोंडा

गरिमा यादव ग्राम पंचायत
सचिव ग्राम पंचायत देवरिया कला
वि0 ख0 रूपईडीह गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत भवानीपुर उपाध्याय वि0खं0 रुपईडीह गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2024-25 दिनांक- 12/06/24

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भवानीपुर उपाध्याय में वर्ष 2024 - 25 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 22/06/2024 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | क्र. सं. | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | सीमेंट | 17. | कूड़ादन /डस्टबिन |
| 2. | प्रथम श्रेणी ईट 40 MM | 18. | टीन शेड |
| 3. | ईट की रोड | 19. | इंटरलॉकिंग ईट |
| 4. | बालू | 20. | साइन बोर्ड |
| 5. | स्थानीय बालू | 21. | इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त सम्रगी |
| 6. | पत्थर गिट्टी 20 MM | 22. | लोकल मिट्टी |
| 7. | मोरंग | 23. | प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री |
| 8. | सीधा खंजर ईट | 24. | शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री |
| 9. | सरिया | 25. | पी0 वी0 सी0 पाइप |
| 10. | एंगल चौखट (फ्रेम) | 26. | गेट |
| 11. | लोहे का दरवाजा | 27. | लोहे का एंगल |
| 12. | प्लाईवुड दरवाजा | 28. | कचरा वाहन/ई रिक्शा |
| 13. | विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री | 29. | ठेलिया/ठेला |
| 14. | ह्यूम पाइप (सभी साइज) | 30. | प्लास्टिक बैग |
| 15. | लोहे की जाली | 31. | टाइल्स |
| 16. | पेंटिंग की समस्त समग्री | 32. | अन्य वांछित सामग्री इत्यादि । |

संजय कुमार सोनी ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भवानीपुर उपाध्याय
वि0 ख0 रूपईडीह गोंडा

गरिमा यादव ग्राम पंचायत
सचिव ग्राम पंचायत भवानीपुर
उपाध्याय वि0 ख0 रूपईडीह गोंडा

# संक्षिप्त ख़बरें

## ससुर का कातिल निकला दामाद

**साहेबगंज** साहिबगंज जिला क्षेत्र के मंडरो प्रखंड अंतर्गत गोसाइचक मौजा पंचायत गडरा पहाड़ की झाड़ियों में 50 वर्षीय अधेड़ का शव बुधवार को बरामद किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार मृतक को बास के डंडे से ओर पत्थर से चेहरे पर वारकर के मारा गया था। घटना की छानबीन एसपी साहेबगंज के आदेश पर साहेबगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर 24 घंटे के अंदर आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया। वहीं मिली जानकारी के अनुसार मंगल बास्की को मारने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका दामाद अनिल टुडू,पिता बबलू टुडू उम्र 20 वर्ष गांव बसहा और दूसरा लड़का उसका नाबालिक दोस्त था। वहीं प्रशाशन द्वारा मृतक के दामाद को पूछताछ करने पर कहा है की मेरा ससुर हमको कभी दामाद नहीं मानता था।और नौकरी का पैसा किसी को भी एक रुपया तक नहीं देता था।इसी कारण मैंने अपने दोस्त से मिलकर योजना किया और अपने ससुर को मार डाला।दोनो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।छापेमारी गठित दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी साहेबगंज के साथ मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार, एस आई पवन यादव सहित पुलिस बल मोजूद थे।

## वृद्धावस्था पेंशन की सरकारी राशि भुगतान नहीं होने से बढ़ी असहाय, वृद्ध, वृद्धाओं की आर्थिक कठिनाई

**पाकुड़िया/पाकुड** असहाय वृद्ध, वृद्धाओं को सरकार द्वारा प्रदत्त सरकारी राशि का भुगतान पिछले कई महीनों से नहीं होने से उनकी आर्थिक कठिनाई बढ़ने से वे चिंतित हैं। बताया जाता है सरकार की ओर से प्रदत्त वृद्ध, वृद्धा योजाना से बड़ी संख्या में असहाय लोगों को राहत मिलती है। विभिन्न सूत्रों से मिली सूचना के मुताबिक,पाकड़िया प्रखण्ड के विभिन्न सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के असहाय महिला, पुरुष लाभान्वित हो रहे हैं। पेंशन योजना से लाभान्वित हो रहे कई वृद्ध, वृद्धाओं ने 14जून को बताया कि लगभग 6 माह से पेंशन की राशि नहीं मिल रही है। कहा जा रहा है 16मार्च को लोक सभा चुनाव की घोषणा होने के कारण आदर्श आचार संहिता लग गई और अन्य योजनाओं के साथ पेंशन का भुगतान नहीं हो सका। लोगों का मानना है 7 जून को ही भारत चुनाव आयोग द्वारा,आदर्श चुनाव आचार संहिता वापस लेने से उक्त प्रतिबंध हटा लिये जाने के बाद सरकार राशि भुगतान करने की पहल करेगी ऐसा मानना है लोगों को।

## ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी को सुंदर काण्ड एवम प्रसाद वितरण कार्यक्रम

**चुनार।** बड़ा मंगल के उपलक्ष्य में ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी को गंगेश्वर नाथ स्थित श्री राघव जी मंदिर में शाम सात बजे श्री राम सत्संग समिति चुनार द्वारा सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। सनातन प्रेमी मंदिर में उपस्थित होकर राघव जी का आशीर्वाद व प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागीदार बने।

## सिविल जज का महासभा की ओर से किया गया सम्मान



**चुनार।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उ0प्र0 के प्रदेश सचिव डा0 एम0 के0 श्रीवास्तव के नेतृत्व में महासभा की अहरौरा इकाई के द्वारा सिविल जज पद पर चयनित सुश्री काजल श्रीवास्तव को उनके निज निवास बरेंव (अदलहाट) में श्री चित्रगुप्त जी का चित्र प्रदान कर एवं प्रतिभावान बिटिया के पिता जी को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गया। इस मौके पर ओम प्रकाश श्रीवास्तव, अहरौरा नगर अध्यक्ष जटाशंकर लाल , कोषाध्यक्ष श्री प्रकाश लाल, महामंत्री शैलेंद्र श्रीवास्तव, गोविन्द श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव सहित कायस्थ परिवारजन उपस्थित थे।

## बकरीद के मद्देनजर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नें सफाई का लिया जयजा

**संडीला/हरदोई** संडीला नगर में बकरीद को मद्देनजर नगर पालिका परिषद संडीला के अध्यक्ष मो0 रईस अंसारी द्वारा ईदगाह, इमामचौक कल्लू चौधरी,सरदला मस्जिद,और जामा मस्जिद और पुराना मदरसा महतवाना की सफाई और रोड का निरीक्षण किया गया और सफाई व रोड से सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारियों को रखरखाव के लिए आदेशित किया। इस निरिक्षण में सफाई निरीक्षक राजमंगल सिंह,टी0एस0 अनिल प्रकाश आनन्द, जलकल अभियंता सुनील यादव, इरफान हमीद अंसारी,स्वास्थ्य लिपिक प्रकाश कुमार,संजीव कुमार,चंद्रकांत,विनय व पालिका का अन्य स्टाफ़ उपस्थित रहा।

# किसानों के 2 लाख रुपये तक के ऋण होंगे माफ- श्री बादल

● कृषि मंत्री बनते ही किया था किसानों के 50 हजार तक के ऋण माफ, मृतक किसानों के ऋण भी बिना केवाईसी के होंगे माफ

किसानों के एनपीए लोन को भी सरकार करेगी माफ, बैंकों से मांगा गया प्रस्ताव

राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारियों के साथ कृषि मंत्री श्री बादल ने की बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**रांची** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्री बादल ने कहा है कि किसानों के दो लाख रुपये तक के लोन माफ किये जाएंगे। इसके लिए उन्होंने सभी बैंकों से प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा है। 31 मार्च 2020 तक किसानों द्वारा लिया गया 50 हजार से लेकर दो लाख तक के ऋण को वन टाईम सेंटलमेंट के माध्यम से माफ किये जायेंगे। इसके लिये सभी बैंकों से प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। वह आज नेपाल हाउस स्थित सभागार में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारियों के साथ केसीसी लोन सहित कृषि कार्य के लिए किसानों द्वारा लिए गये ऋण की माफी योजना को लेकर बैठक कर रहे थे। मंत्री ने बैठक में बताया कि राज्य सरकार ने अपने वादे के मुताबिक ऐसे किसानों को राहत दी है, जो बैंक




ऋण की वजह से चिंताग्रस्त रहते थे। राज्य के करीब 4 लाख 73 हजार से ज्यादा किसानों के 50 हजार रुपये तक के ऋण माफ किये जा चुके हैं। इस मद में सरकार द्वारा 1900 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बैंकों को दी गयी है। विदित हो कि 2021-22 में सरकार ने किसानों को राहत देने के मकसद से 50 हजार रुपये तक की राशि के ऋण को माफ करने की घोषणा की थी। अपने वादे के मुताबिक सरकार ने वैसे सभी आवेदनों का निष्पादन कर लिया है, जिनकी केवाईसी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि बहुराज्यीय भूमि सहकारी विकास बैंक समिति, पटना के 10 हजार ऋणी किसानों के कर्ज माफ करने पर विचार किया गया। लोन लेने वाले एससी/एसटी और कमजोर वर्ग के किसानों के ऋण माफ किये जाने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। साथ ही देवघर को-ऑपरेटिव ग्रेन बैंक, लिमिटेड, देवघर द्वारा 14 हजार 346 ऋणी किसानों के कर्ज को भी माफ करने पर विचार किया गया।

श्री बादल ने सभी बैंकों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वैसे किसानों के खाते, जो एनपीए हो चुके हैं, उन खातों को बंद करने के लिए राज्य सरकार के पास प्रस्ताव भेजें, ताकि किसानों को ऋणमुक्त किया जा सके। श्री बादल ने कहा कि ऐसे ऋणी, जिनकी मौत हो चुकी है तथा जिनके खाते एनपीए हो गये हैं, वैसे किसानों के लिए सक्षम साक्ष्य प्रस्तुत करने के उपरांत उन्हें भी बिना केवाईसी के लाभुकों की श्रेणी में शामिल किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से विकास आयुक्त अविनाश कुमार, योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी सहित राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शांत एवम सामाजिक सौहार्द के साथ मनावें बकरीद का पर्व-बी,डी,ओ पाकुड़िया।

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़** प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित थाना परिसर में 14जून को शांति समिति की आवश्यक बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी साइमन मरांडी की अध्यक्षता में विधिवत सम्पन्न हुई। आहूत बैठक में थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह,पुलिस पदाधिकारी,विधायक प्रतिनिधि मोतीलाल हांसदा,सांसद प्रतिनिधि खुर्शिद आलम,कांग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष इस्लाम मियां, पूर्व उप मुखिया शेखावत मियां, अली महम्मद,नेजाद अंसारी तथा मोंगलाबांध ,ढेकीडूबा,राजपोखर, लकड़ापहाड़ी,पलियादह,डोमनगड़िया,पाकुड़िया के लोग शामिल रहे। शांति समिति की बैठक के अवसर पर बी,डी,ओ ने अपने सम्वोधन के क्रम में कहा,त्योहार पूर्णत शांत व सामाजिक सौहार्द के साथ मनावें।प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से वाटर्स एप पर गलत न्यूज से बचें। यदि किसी प्रकार



गलत सूचना मिले तो,प्रशासन को सूचित करें।इस अवसर पर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को सम्वोधित करते हुए,कहा लोक सभा चुनाव को पूरे शांत एवम सामाजिक समरसता से सम्पन्न कराने हेतु,प्रशासन को सहयोग करने में प्रखण्ड वासियों की सहयोग प्रशंसनीय रही इसके लिए हमारी ओर बधाई।थाना प्रभारी ने आगे कहाआप अपने में समन्वय स्थापित कर नमाज अदा करें और 8बजे सुबह तक पूरा कर लें ।उन्होंने कहा बकरों का कुर्बनी खुले में न करें इसे घरों ही करें।थाना प्रभारी ने कहा पुलिस बल तैनात रहेगा ताकि आप लोगों कठिनाई न हो।बैठक में इस्लाम ने भी अपना सुझाव देते हुए कहा त्योहार शांति पूर्ण माहोल में ही,मनावें।बैठक में शेखावत पूर्व उप मुखिया खाकसा ने अपनी बात रखते हुए कहा,कई बार ऐसा देखा गया कि छोटी बातें या समस्या को बड़ा कर बताया जाता है मेरा सुझाव है पुलिस प्रशासन को स्थल पर जाकर समस्या की जांच कर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।बैठक का समापन सबों को धन्यवाद देते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने किया।

# किस्को थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थान में बिजली चोरी रोकने को लेकर छापेमारी अभियान

● लोगों के विरुद्ध बिजली विभाग द्वारा की गई प्राथमिकी दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

**किस्को** ADGP विजलांस एवं सिक्योरिटी छ्वङ्कहरु राँची के पत्रांक 35 दिन सोमवार के अनुपालन के क्रम में बुधवार को विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ एक सघन छापामारी अभियान चलाया गया। इस छापामारी दल में मो जीशान सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, कूडू के अलावा, शाहनवाज अंसारी मानव दिवसकर्मी सुनील कुमार छत्री मानव दिवसकर्मी, बेलाल अंसारी मानव दिवस कर्मी एवं विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, किस्को, शामिल थे। छापामारी के क्रम में अवैध रूप



से विद्युत उपभोग करने वाले निम्न लोगों पर छतिपूर्ति राशि और बकाया राशि है तथा इन पर प्राथमिकी दर्ज की गई जो इस प्रकार है

1 सुजीत उरांव ग्राम नवाडीह छतिपूर्ति राशि 9360रु बकाया राशि 20300रु

2. ताहूर अंसारी, ग्राम नवाडीह छतिपूर्ती राशि 18720 रु बकाया राशि 15099रु

3. सज्जाद अंसारी , ग्राम उपर नारी छतिपूर्ती राशि 18720 रु

4. सुरेश उरांव, ग्राम नीचे नारी छतिपूर्ती राशि 2184 रु बकाया राशि 20944रु

5. बिजय उरांव, ग्राम नीचे नारी छतिपूर्ती

राशि 6240 रु बकाया राशि 17140 रु भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135 एवं 137 के तहत किस्को थाना में लिखित शिकायत करते हुए दर्ज किया गया इन सभी लोगों पर विभाग द्वारा बकाया राशि होने पर लाईन काटे जाने के बावजूद इनेक द्वारा अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पाए गए।

# चैनपुर प्रखंड के शेमला बरटोली मे हो रहे सड़क निर्माण कार्य में जमकर हंगामा

स्वतंत्र प्रभात

**चैनपुर** चैनपुर प्रखंड के कातिग पंचायत में टोंगो से तिगावल मोड़ तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा सरकारी गाइडलाइन की धज्जियां उड़ाते हुए घोर अनियमितता बरतते हुए घटिया तरीके से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शुक्रवार को स्थानीय ग्रामीणों ने शेमला बरटोली के पास हो रहे सड़क निर्माण कार्य में जमकर हंगामा किया है। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर घटिया तरीके से सड़क निर्माण का आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार अपनी मर्जी के तर्ज पर कार्य कर रहा है सरकारी गाइडलाइन व इंजीनियर के एस्टीमेट का किसी प्रकार से पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण टेलेस्फोर तिर्की ने कहा कि घटिया सड़क निर्माण का आलम तो यह है कि बिना मिट्टी हटाए गिट्टी बालू बिछाए बगैर है सो लिंक कर दिया जा रहा है। पहली बारिश में ही यह गाड़वाल बह जाएगा जिससे धीरे-धीरे कर सड़क टूट कर बर्बाद हो जाएगा। ग्रामीण अलेक्स खलखो, ग्लोरिया मिंज, बसंती खाखा, तसिया तिर्की,मंजू एक्का,रोनित खलखो सहित कई ग्रामीणों ने ठेकेदार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सही तरीके से सड़क निर्माण कार्य नहीं होता है तो काम को बंद कराया जाएगा और सड़क पर जमकर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ठेकेदार लोगों को बेवकूफ समझते हैं और घटिया निर्माण कार्य कर लिपापोती कर निकलने का प्रयास करते हैं अब ऐसा नहीं चलेगा लोग जागरुक हो चुके हैं। सरकार द्वारा दिए गए गाइडलाइन के अनुसार अगर काम नहीं होता है तो हम काम नहीं करने देंगे। इस संबंध में कातिग पंचायत की मुखिया मधुरा एक्का ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार गुणवत्ता को तक में रखकर काम कर रहा है जिससे क्षेत्र के ग्रामीण काफी आक्रोशित है। गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं होने पर स्थानीय ग्रामीण निर्माण कार्य को बंद कर देंगे और इसका जिम्मेवार सिर्फ और सिर्फ ठेकेदारी होगा। उन्होंने भी ठेकेदार से गुणवत्तापूर्ण तरीके से काम करने की बात कही।

# ग्राम दुमदुमा के पहाड़ी पर बसे लोगों को पेयजल की व्यवस्था नहीं।

स्वतंत्र प्रभात

**सतगावां** सतगावां प्रखंड के अंतर्गत कटैया पंचायत के ग्राम दुमदुमा पहाड़ी पर बसे लोगों को पेयजल की व्यवस्था नहीं।ग्रामीणों लोग बताते हैं की हमलोगों को पानी पीने का कोई व्यवस्था नहीं है,हमलोगों के घर के नीजी चापाकल जो है जिसका जलस्तर काफी नीचे चला गया है अगर10हैंडिल चलाने के बाद भी थोड़ा सा पानी गिरता है जिसके कारण हमलोगों के हाथ कई जगहों पर छाले पड़ गये है।इस स्थान पर पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण हमलोगों को लगभग एक किलोमीटर दूर पानी को ढो करके लाना पड़ता,पानी की व्यवस्था





नहीं होने के कारण हमलोग स्नान भी नहीं कर पाते हैं।ग्रामीणों ने बताया की इस जगह पर एक भी सरकारी चापाकल अबतक नहीं लगाया गया है ,विद्यालय के नजदीक जलमीनार का निर्माण कराया गया था लेकिन पिछले तीन साल से जलमीनार खराब? पड़ा हुआ है।इस पर पेयजल विभाग के लोगों का ध्यान नहीं है।ग्रामीण लोगों से बात करने पर बताया की अभी तो विधायक मद से ग्राम पंचायतों में सरकारी चापाकल के लिए बोरिंग किया जा रहा है तो ग्रामीणों ने बताया की बोरिंग तो हो रहा है लेकिन पैसा लेकर निजि लोगों के घर के नजदीक में बोरिंग किया जा रहा है।जहां पर बोरिंग किया जा रहा है वहां पर पानी भी नहीं निकल रहा है।वहां के लोगों ने जल्द मांग की उन लोगों को पेयजल की व्यवस्था जल्द किया जाय।वही मौके पर उमेश प्रसाद यादव, अवधेश कुमार,माधुरी कुमारी,सिम्पु? कुमारी, विनोद प्रसाद यादव,जयनंदन प्रसाद यादव,सोनु कुमार, सुभाष कुमार,विजय कुमार,रीया कुमारी,सुमन कुमार,रामनंदन प्रसाद यादव, संगीता देवी,सुमा देवी,राधा देवी,विनय कुमार एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# फॉसिल्स पार्क मंडरो घूमने के लिए पूरे झारखंड राज्य में सबसे बेहतर स्थान-1

स्वतंत्र प्रभात

**साहेबगंज झारखंड** साहेबगंज जिला अंतर्गत मंडरो प्रखंड मुख्यालय के समीप स्तिथ फॉसिल पार्क मंडरो पूरे झारखंड राज्य में सबसे बेहतर स्थानों में से एक माना जाता है, यहां की खूबसूरती, हरियाली,जीवाश्म वाकई में देखने के लायक है।इसके अलावा यहां का जीवाश्म दुनिया भर के वैज्ञानिकों के रिसर्च का पैगाम बन चुका है,की लाखों करोड़ों वर्षों पहले का पेड़ आज पत्थर बन चुका है। झारखंड राज्य सहित हिंदुस्तान के विभिन्न हिस्सों से इस खूबसूरत,हरियाली,मन को मोह लेने वाले स्थान को देखने के लिए आते हैं सच में यह पार्क एक बेमिशाल है। यहां की वादियां, ठंडी ठंडी हवाएं ऐसा लगता है मंडरो क्षेत्र



वासियो को प्रकृति का सबसे अनमोल तोहफा मिला है। अब आने वाले दो तीन तीन बाद मुसलमानों का सबसे बेहतर त्योहार बकरीद यानी ईद उल अजहा आ रहा है, हर साल इस अवसर पर पार्क में हजारों की संख्या में पार्क घूमने के लिए आते हैं,आप सभी का हर साल की तरह इस साल भी फॉसिल पार्क में हार्दिक अभिनंदन है,कमिटी की ओर से हर संभव लोगो को सहयोग मिलेगा।आप सभी स्वतंत्र होकर पार्क के म्यूजियम,ऑडोटोरियम, झूला आदि चीजों का आनंद ले सकते हैं।पार्क कमिटी आपका सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहेगी।

# बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**सतगावां** सतगावां थाना परिसर में बकरीद को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक कि गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने किया। वहीं संचालन पूर्व मुखिया जयशंकर प्रसाद ने किया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग शामिल हुए । इस दौरान थाना प्रभारी विजय गुप्ता लोगों से बकरीद को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगह पर बकरीद को पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। पूरे क्षेत्र में पुलिस गस्ती भी जारी रहेगा। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी।ऐसे में कहीं भी कोई अफवाह फैले



तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। मौके पर एसआई बृजनंदन प्रसाद,रौशन कुमार, एएस आई दिनेश मुर्मुर, सीआई -आनंद कुमार बीस सूत्री अध्यक्ष-विजय सिंह,प्रखंड प्रमुखु प्रतिनिधि-रामावतार चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष -जयशंकर प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि-विनोद यादव, सुनील सिंह,श्री कांत यादव, शंकर यादव, नंदलाल साव, पंसस-रणधीर कुमार, मो0नईम मियां, विवेक पांडेय,नरेश यादव, प्रदीप यादव, मो0यूनुस अली, अरविंद सिंह, अजित यादव, अशोक यादव, चंद्रिका यादव,तारणी सिंह, मोगुलाम रसूल, मोफकरुद्दीन, मोइरशाद, मो हामिद, अजित यादव, मोइबरार उर्फ पिंटू,समेत कई जनप्रतिनिधि व गण्यमान्य उपस्थित थे।

# नवागत एसडीएम गजेंद्र पाल? सिंह ने ग्रहण किया एसडीएम टूण्डला का कार्यभार

● पत्रकारों को बताई अपनी प्राथमिकताएं, बोले-गांवों में खेल के मैदान और गोशालाओं पर रहेगा फोकस

नगरवासियों को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए करेंगे काम

स्वतंत्र प्रभात

**टूण्डला-** 100 दिन के कार्य एजेंडा में टॉप प्राथमिकता गोवंशों की सुरक्षा तथा उनको पर्याप्त चारा उपलब्ध कराना होगी।



इसके अतिरिक्त जिला अधिकारी महोदय द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक गांव में खेल का मैदान तथा लाइब्रेरी इत्यादि के लिए भी भूमिका चिन्नांकन किया जाना है राजस्व वादों के निस्तारण हेतु तहसील टूण्डला के अधिवक्ताओं से वार्ता कर यह सुनिश्चित कराया जाएगा कि न्यायालय प्रत्येक दिन कार्य करे और गुणवत्ता पूर्वक मुकदमे का निस्तारण हो। जिन गांवों में राशन की दुकान है जो अभी निलंबित चल रही है उनको भी प्राथमिकता के आधार पर बहाल करते हुए कार्रवाई करनी है और इसके अतिरिक्त टूण्डला नगर क्षेत्र में जाम की स्थिति बनी रहती है इसके संबंध में नगर पालिका और पुलिस के द्वारा यह सुनिश्चित कराया जाएगा कि ऑटो अपने गंतव्य स्थान से चले और किसी भी प्रकार का जाम ना रहे महत्वपूर्ण कार्यो में लेखपालों का रोस्टर जारी किया जा रहा है जिससे लेखपालों को सुनिश्चित कराया जाएगा कि गांव में एक नियत दिनांक को उपस्थित रहे यदि कोई भी लेखपाल बिना कारण बताओ अनुपस्थित रहता है उसकी जिम्मेदारी भी फिक्स किया जाएगी। शासन की मंशा यह भी है कि प्रत्येक अधिकारी अपने कार्यालय में प्रातः 10÷00 बजे से 12÷00 बजे के मध्य जनसुनवाई करें और इस दौरान आने वाली शिकायतों का तुरंत निस्तारण कराया जाए। सभी अधिकारियों के माध्यम से इसको भी सुनिश्चित किया जाएगा।

# विकास भवन सभागार में किसान समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया

स्वतंत्र प्रभात

**फिरोजाबाद-** शुक्रवार को विकास भवन सभागार में किसान समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया, जिसमे जिला कृषि अधिकारी, उद्यान निरीक्षक, अधिशासी अभियन्ता विधुत, अधिशासी अभियन्ता सिचाई, भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम / चतुर्थ, वरिष्ठ वैज्ञानिक उधान कृषि विज्ञान केन्द्र, महाप्रवन्धक जिला सहकारी बैंक, सहायक निदेशक मत्स्य, सहायक अभियन्ता ICDP, सहायक अभियन्ता ट्यूबवेल, जिला प्रवन्धक अग्रणी वैक, आदि उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। उन्होने बताया कि कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में जिस कृषकों का भूमि अकंन नही हुआ वह कृषक मुख्यालय स्तर हैल्पडेस्क पर अपने अभिलेख जमा कर सकते है। जिस कृषकों की ई0के0वाई0सी0 नही हुई है वह कृषक जनसेवा केन्द्र / कृषि विभाग के फील्ड कर्मचारियों के माध्यम से भी ई0के0वाई0सी0 करा सकते हैं। एन0पी0सी0आई0 जिन कृषकों की नही हुई वह कृषक बैंक खाते को आधार से लिंक करा ले। प्रधानमंत्री कुसुम सोलरपम्प योजना विस्तृत जानकारी दी गयी। जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषकों को बताया गया




कि इस वर्ष किसानों को बीज की सब्सिडी पी0ओ0एस0 के माध्यम से दी जायेगी जिसमे कृषकों को कृषक अंश जमा करके बीज गोदाम से कृषक वीज आवश्यकता अनुसार वीज ले सकता है। उद्यान निरीक्षक द्वारा कृषकों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना व राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना वारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। भूमि संरक्षण अधिकारी चतुर्थ द्वारा कृषकों के हित मे चलायी जा रही योजना वर्षा जल संचयन हेतु खेत तालाव योजनान्तर्गत जिला फिरोजाबाद का लक्ष्य शासन के द्वारा निर्धारित किया गया जो कि 52 का लक्ष्य है, उक्त्त योजनान्तर्गत तालाबों का आकार 22×20×3 मी0 है। जिसमें कुल लागत 105000 रू0 आती है, जिसमें से 50 प्रतिशत अनुदान राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से लाभार्थी को दो किश्तों के माध्यम से दिया जाता है। सहायक निदेशक मत्स्य द्वारा कृषकों को मत्स्य विभाग कि योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के वारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषकों द्वारा उठायी गयी समस्याओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर समाधान करने के निर्देश दिये गये प्रधानमंत्री फसल बीमा के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि फसल बीमा का प्रचार-प्रसार हेतु मुख्यालय स्तर पर व विकास खण्ड स्तर पर होर्डिंग लगाकर कृषकों फसल बीमा के वारे में जागरूक किया जा सकें, खरीफ में फसल धान, बाजरा, मक्का एवं तिल नोटिफाइड फसल है। फसल बीमा की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2024 है, कृषक भाई जल्द से जल्द अपना बीमा करा लें। कृषक भाईयों के हित में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाना चाहिये। कार्यक्रम के अन्त में उप कृषि निदेशक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# उपजिला अधिकारी ने खनन माफियाओं पर कसा शिकंजा

●एक जेसीबी मशीन व डंपर किया सीज, तीन माफियाओं पर अभियोग कराए दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** कछौना सहित औद्योगिक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन की शिकायतों पर उप जिला अधिकारी तान्या सिंह ने टीम के साथ वुधवार की रात अवैध मिट्टी खनन पर दविश डाली। जिसमें सुजानपुर के तालाब में खनन माफिया द्वारा मिट्टी खनन किया जा रहा था। टीम ने एक जेसीबी मशीन व डंपर पकड़ लिया। जेसीबी व डंपर सीरीज कर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया।



बतातें चलें क्षेत्र में लखनऊ पलिया हाईवे का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। जिसका निर्माण कार्य पीएनसी कंपनी कार्य कर रही है। इसकी आढ़ में खनन माफिया सक्रिय हो गए हैं। यह लोग की पीएनसी से सांठगांठ कर प्रशासन द्वारा अनुमोदित तालाबों पर अवैध मिट्टी खनन का कार्य बदस्तूर जारी हैं। यह लोग भट्ठों, औद्योगिक क्षेत्र में मिट्टी सप्लाई कर रहे थे। जिससे राजस्व के साथ तालाबों का स्वरूप बिगड़ रहा है। तालाबों की मनमानी खुदाई से आसपास के किसानों के लिए जोखिम हैं।भविष्य में पानी भरने से अनहोनी घटना होने की प्रबल संभावना रहती है। अवैध मिट्टी खनन से दुर्घटनाओं में इजाफा हो गया। दर्जनों लोगों की जाने जा चुकी हैं। वहीं क्षेत्र की दर्जनों सड़के व पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उपजिला अधिकारी तान्या सिंह ने कड़ी कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी व डंपर सीज कर खनन माफिया मोईन, सलमान, आजाद के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कराकर माफियाओं को कड़ा संदेश दिया। उनके मजबूत गठजोड़ के चलते खनन माफियाओं के हौसले बुलंद थे। चंद दिनों में इन खनन माफिया की आय करोड़ों रुपए की हो गई है। इन्हें पुलिस, राजस्व, खनन विभाग का संरक्षण प्राप्त है। जिसका खामियाजा आमजन मानस को उठाना पड़ता है। वहीं सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हो रहा है। खेत की सड़के ध्वस्त हो गई हैं। आवागमन दुष्कर हो गया है। इस कार्रवाई से खनन माफिया के हौसले पस्त हो गए हैं।

# कांग्रेस का बसपा को आफर - मानेंगे अखिलेश ?

लोकसभा चुनाव में 66 से 99 पर पहुंची कांग्रेस गदगद है और विशेषकर उत्तर प्रदेश में समाजवादी और कांग्रेस के गठबंधन ने जो प्रदर्शन किया है वह तो अलग ही कहानी लिख रहा है। कांग्रेस का मानना है कि यदि बहुजन समाज पार्टी साथ में होती तो शायद हम इससे कहीं और अधिक सीटें उत्तर प्रदेश में जीतते। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है और इस चुनाव में भी यह सच ही साबित हुआ। हालांकि उत्तर प्रदेश में पिछड़ने के बाद एनडीए की सरकार तो बन गई लेकिन भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा में अकेले बहुमत नहीं मिला। यह उत्तर प्रदेश की ही खासियत है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बहुजन समाज पार्टी को खुला निमंत्रण दिया है कि वह चाहें तो आगे के लिए गठबंधन में शामिल हो सकतीं हैं। प्रमोद तिवारी का कहना है कि उत्तर प्रदेश में गठबंधन ऐसी 16 सीटें हारा है जहां यदि बहुजन समाज पार्टी के वोट उसे मिल जाते तो वह 16 सीटें और जीत सकते थे। मायावती की बहुजन समाज पार्टी का अस्तित्व खतरे में है क्योंकि लोकसभा में उनकी संख्या शून्य हो गई है और विधानसभा में केवल एक विधायक है। इस लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी अपना कोर वोट भी नहीं बचा सकी। इस तरह से यह निश्चित है कि मायावती भी कोई न कोई विकल्प जरूर ढूंढ रहीं होंगी कि भविष्य में उनकी पार्टी का इतना बुरा हाल न हो जो इस बार हुआ है। हालांकि यदि बात करें तो भारतीय जनता पार्टी का कोर वोट भी उत्तर प्रदेश में कम हुआ है जिसका सीधा फायदा समाजवादी पार्टी को मिला है। इस चुनाव की बात करें तो मतदाताओं ने जातिगत बंधन को तोड़ कर मतदान किया है। समाजवादी पार्टी को 37 लोकसभा सीट ऐसे ही नहीं मिली हैं। कुछ भारतीय जनता पार्टी की कमियां और कुछ अखिलेश यादव का प्रबंधन इसके लिए अहम है। लेकिन सवाल यह है कि इतनी सफलता पाने के बाद क्या अखिलेश यादव बहुजन समाज पार्टी को गठबंधन में आने देंगे। आज लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और यदि यही हाल विधानसभा चुनाव में रहा तो यह मामला अखिलेश यादव के पक्ष में आ सकता है।? फिर अखिलेश यादव कैसे मायावती से समझौता कर सकते हैं। और मायावती विधानसभा चुनाव में किसी भी हालत में समाजवादी पार्टी से कम सीटों में तैयार नहीं होंगी।

पिछले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का गठबंधन था और उस गठबंधन ने 15 लोकसभा सीटें जीती थीं जिसमें बहुजन समाज पार्टी को 10 और समाजवादी पार्टी को 5 सीटों पर विजय प्राप्त हुई थी। और चुनाव बाद मायावती ने तुरंत गठबंधन यह कहकर तोड़ दिया कि सपा अपना वोट बसपा में ट्रांसफर नहीं करा सकी जिससे बसपा को काफी नुकसान हुआ है। जब कि हकीकत कुछ और थी। आज भी



समाजवादी पार्टी लोकप्रियता में भारतीय जनता पार्टी के साथ बराबर में खड़ी है। यदि बसपा पिछले लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन नहीं करती तो उसको एक सीट भी मिलना मुश्किल हो जाती बल्कि उस गठबंधन में समाजवादी पार्टी का ही नुकसान हुआ था। और समाजवादी पार्टी केवल पांच सीटें ही जीत सकी थी। उसका कारण स्पष्ट था कि उस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी का वोट समाजवादी पार्टी में ट्रांसफर नहीं हो सका था। यदि हम बात करें 2014 के लोकसभा चुनावों की तो वहां भी बहुजन समाज पार्टी शून्य पर सिमट गई थी और आज भी शून्य पर है। विधानसभा चुनाव अकेले लड़ा वहां भी लगभग शून्य है मतलब 2014 से बसपा जितने चुनाव अकेले लड़ी है उसे शून्य ही मिल रहा है। ऐसे में आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी गठबंधन में आती है तो अखिलेश यादव किसी भी हालत में बहुजन समाज पार्टी को ज्यादा सीटें देने पर सहमत नहीं होंगे। इस बार उत्तर प्रदेश में वोट प्रतिशत में बहुजन समाज पार्टी कांग्रेस से भी पीछे रह गई। और जिस समाजवादी पार्टी के लिए कहा जा रहा था कि वह अपने परिवार की पांच सीटों पर सिमट कर रह जाएगी वह प्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।

37 सांसदों के साथ समाजवादी पार्टी लोकसभा में देश की तीसरे नंबर की पार्टी बन गई है। कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में उम्मीद दिख रही है लेकिन बिना समाजवादी पार्टी के कांग्रेस किसी हालत में बढ़त नहीं बना सकती। बहुजन समाज पार्टी के लिए आज समय बहुत ही चिंतन का है क्योंकि बहुजन समाज पार्टी ने शून्य से अपना सफर शुरू किया था और फिर से शून्य पर ही आ गई। इसमें सबसे बड़ा कारण है बहुजन समाज पार्टी में टूट। बहुजन समाज पार्टी में अब वो नेता नहीं बचे हैं जिनका अपना वजूद हो वह केवल पार्टी के वोटों की ही मदद से जीतना चाहते हैं। बसपा के तमाम नेता सप और कांग्रेस में चले गए हैं और कई तितर-बितर हो गये हैं। पूर्वांचल में कई छोटी छोटी पार्टियां बन जाने से भी बसपा के वोट बैंक पर असर पड़ा है। इस बार समाजवादी पार्टी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बुंदेलखंड, मध्य उत्तर प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश में सभी जगह सीटें जीती हैं। यहां तक कि बड़े बड़े भाजपा के नेता भी चुनाव हार चुके हैं। इस तरह से भविष्य समाजवादी पार्टी का ही दिख रहा है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में लगाम कसनी शुरू कर दी है। इस बार उत्तर में भारतीय जनता पार्टी में भितरघात भी हुआ है जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा है। ऐसे में यदि कांग्रेस बहुजन समाज पार्टी को गठबंधन में आमंत्रित कर रही है तो यह समाजवादी पार्टी के लिए एक कठिन निर्णय होगा। सपा सहजता से बहुजन समाज पार्टी को स्वीकार नहीं कर पाएगी। इस चुनाव में बसपा का जो कोर वोट खिसका है उसका फायदा समाजवादी पार्टी को काफी मिला है। जो वोट सपा को 2019 के चुनाव में बसपा के साथ मिलकर लड़ने पर नहीं मिल सका था वह 2024 के चुनाव में बिना बसपा के मिल गया। इसलिए अब अखिलेश यादव के लिए यह सहज नहीं होगा कि वह भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन कर सके। और बसपा का कोई भरोसा भी नहीं है कि वह कब गठबंधन से अपना हाथ खींच ले।

सही मायने में उत्तर प्रदेश में अब लड़ाई भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच ही रह गई है। दूसरे दल अब केवल वोट कटुआ साबित हो रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी में इस बार को लेकर काफी चिंतन मनन हो रहा है हर एक पहलू को देखा जा रहा है कि आखिरकार कमी कहां पर रहा गई है। इसे देखते हुए उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी मंत्रिमंडल में फेरबदल देखने को मिल सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभी से ही शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। लोकसभा चुनाव सम्पन्न होते ही वही सभी विधायकों और पदाधिकारियों से एक करके मिल रहे हैं। उधर कैबिनेट की मीटिंग भी की जा रही हैं और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी तरह से जनता के कार्यो में रुकावट न आ सके। अखिलेश यादव ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और इसका मतलब यह है कि वह अब केन्द्र में अपनी आवाज बुलंद करेंगे। उत्तर प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष का कार्यभार शिवपाल सिंह यादव को मिलने की उम्मीद की जा रही है। लेकिन समाजवादी पार्टी के लिए वास्तव में यह एक सुनहरा काल है कि वह लोकसभा को देखते हुए विधानसभा में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। भारतीय जनता पार्टी का अयोध्या सीट हार जाना एक छोटी बात नहीं है और इसका संदेश पूरे देश में गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बनारस में वोट प्रतिशत कम होना भी भारतीय जनता पार्टी के लिए एक चिंता का विषय है। जनता क्या चाहती है यह सरकारों को समझना होगा केवल वोट पाकर अपनी चलाना बिल्कुल भी जनता को पसंद नहीं आ रहा है। बरहाल प्रमोद तिवारी ने बहुजन समाज पार्टी को जिस तरह से आफर दिया है यह समाजवादी पार्टी आसानी से पूरा नहीं होने देगी और यदि गठबंधन होता भी है तो वह समाजवादी पार्टी की शर्तों पर ही होगा क्योंकि अब समाजवादी पार्टी के हौसले बुलंद हैं और वह जानती है कि भारतीय जनता पार्टी से टक्कर लेने के लिए वह उत्तर प्रदेश में अकेले काफी है।

# सार्वजनिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए खाद्य सुरक्षा महत्वपूर्ण है

खाद्य सुरक्षा के माध्यम से स्वास्थ्य की रक्षा करना भोजन हमारे स्वास्थ्य को ईंधन देता है। इसकी गुणवत्ता हृदय संबंधी समस्याओं, मधुमेह, मोटापा और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों को प्रभावित करती है और बढ़ा देती है भोजन हमारे जीवन का एक अनिवार्य घटक है। किसी व्यक्ति द्वारा खाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पुरानी बीमारियों के विकास और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कई पुरानी स्थितियाँ, जैसे हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा और कुछ प्रकार के कैंसर, आहार और पोषण से निकटता से जुड़ी हुई हैं। दुर्भाग्य से, जनता शायद ही कभी भोजन की गुणवत्ता पर ध्यान देती है। हम देश के कोने-कोने में बिना किसी स्वच्छता या गुणवत्ता के स्ट्रीट फूड स्टालों की बढ़ती संख्या देख सकते हैं। यहां तक ??कि जो खाद्य पदार्थ हम सुपरमार्केट से खरीदते हैं, वे भी गुणवत्ता की गारंटी नहीं देते हैं। कई मामलों में, लेबल पर उल्लिखित बातों और वास्तविक सामग्रियों के बीच कोई मेल नहीं होगा। यहां तक कि प्रवर्तन एजेंसियां भी विक्रेताओं द्वारा परोसे जाने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की शायद ही कभी जांच करती हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य को बनाए रखने, खाद्य जनित बीमारियों को रोकने और खाद्य उद्योग की आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा महत्वपूर्ण है। ये बीमारियाँ हानिकारक सूक्ष्मजीवों (बैक्टीरिया, कवक, परजीवी) या विषाक्त पदार्थों से दूषित भोजन या पेय पदार्थों के सेवन से होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, हर साल दूषित भोजन खाने से लगभग 600 मिलियन लोग बीमार पड़ते हैं, जिससे 420,000 लोगों की मौत हो जाती है। ये आंकड़े असुरक्षित भोजन के गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों को रेखांकित करते हैं। खाद्य जनित बीमारियाँ दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती हैं, जिनमें किडनी की विफलता, दीर्घकालिक गठिया, मस्तिष्क और तंत्रिका क्षति और मृत्यु शामिल हैं। इस वर्ष के विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की थीम, "अप्रत्याशित के लिए तैयारी करें", विभिन्न अप्रत्याशित चुनौतियों के बीच खाद्य सुरक्षा बनाए रखने में सक्रिय उपायों के महत्व को रेखांकित करती है। वर्तमान परिदृश्य में मजबूत और अनुकूली खाद्य सुरक्षा उपायों की आवश्यकता सबसे महत्वपूर्ण है, जहां नए रोगजनक विकसित हो रहे हैं और पैसे कमाने के लिए खाद्य पदार्थों में नए जहरीले योजक जोड़े जा रहे हैं। पहले, प्रत्येक खाद्य पदार्थ का स्थानीय स्वाद एक विशेष स्थान और एक विशिष्ट दुकान में उपलब्ध होता था। चूँकि उत्पादन स्तर न्यूनतम था, निर्माताओं का अपने खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा पर नियंत्रण था। दुर्भाग्य से, खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के वैश्वीकरण ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की जटिलता को बढ़ा दिया है। खाद्य उत्पाद अक्सर लंबी दूरी तय करते हैं और उपभोक्ताओं तक पहुंचने से पहले कई बिचौलियों से होकर गुजरते हैं। यह विस्तारित आपूर्ति श्रृंखला संदूषण के स्रोत का पता लगाना और लगातार सुरक्षा मानकों को लागू करना चुनौतीपूर्ण बना देती है। खाद्य उत्पादन और सुरक्षा निगरानी में प्रौद्योगिकी पर निर्भरता तकनीकी विफलताओं से संबंधित जोखिम पेश करती है। उदाहरण के लिए, प्रशीतन प्रणालियों में खराबी से खराबी हो सकती है, जबकि स्वचालित प्रसंस्करण लाइनों में संदूषण तेजी से फैल सकता है यदि इसका पता न लगाया जाए। जैव आतंकवाद, या खाद्य आपूर्ति का जानबूझकर संदूषण, एक संभावित लेकिन गंभीर खतरा है। रजनीशी (ओशो) पंथ के सदस्यों ने ओरेगॉन में सलाद बार को साल्मोनेला से दूषित कर दिया, जिससे 751 लोग बीमार हो गए। गुणवत्ता मानकों को किसी राष्ट्र के कद के आधार पर नहीं बल्कि उसके उपभोग योग्य कद के आधार पर तय किया जाना चाहिए। भारतीय बाजारों और विदेशों में उपलब्ध खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता में व्यापक अंतर है। विश्व स्तर पर मानकों को सुसंगत बनाने से विभिन्न देशों में खाद्य सुरक्षा प्रथाओं में असमानताओं को दूर करने में मदद मिल सकती है। खाद्य पदार्थों से होने वाली बीमारियों से निपटने के लिए रणनीति विकसित करने में डब्ल्यूएचओ और एफएओ जैसी एजेंसियों के बीच भी सक्रिय सहयोग होना चाहिएबीमारियाँ और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ। प्रवर्तन एजेंसियों को बेहतर खाद्य ट्रैसेबिलिटी के लिए ब्लॉकचेन और भंडारण स्थितियों की वास्तविक समय की निगरानी के लिए द्वश्ञ सेंसर जैसी तकनीकी प्रगति को अपनाना चाहिए। भोजन को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर नवीनता और सतर्कता की आवश्यकता होती है। जैसे-जैसे हमारी वैश्विक खाद्य प्रणाली बढ़ती और बदलती रहती है, वैसे-वैसे इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे दृष्टिकोण भी बदलते रहना चाहिए। खाद्य सुरक्षा में अप्रत्याशित के लिए तैयारी करना न केवल एक प्रतिक्रियात्मक उपाय है, बल्कि संपूर्ण मानवता की भलाई की रक्षा के लिए एक सक्रिय प्रतिबद्धता है।

# कक्षा 9वीं में नीट युजी की तैयारी शुरू करने का सही समय, आपके बच्चे को फायदा पहुंचा सकता है

यदि आपका बच्चा मेडिकल के प्रति रुचि दिखाता है, तो कक्षा 9वीं से ही उसकी मेडिकल तैयारी शुरू कराना बेहद फायदेमंद है। इस अभ्यास का प्राथमिक कारण यह है कि इससे उन्हें एक शुरुआत मिलेगी जो उन्हें अपने साथियों से आगे रखेगी। मेडिसिन में करियर बनाने के लिए छात्रों को नीट युजी परीक्षा पास करना आवश्यक है। यह देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है जिसके लिए छात्रों को पर्याप्त जुनूनी होना आवश्यक है। नीट युजी परीक्षा को पास करने के लिए भी अत्यधिक समर्पण की आवश्यकता होती है और यदि छात्र कड़ी मेहनत नहीं करते हैं तो इसे हासिल नहीं किया जा सकता है। 9वीं कक्षा से ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी शुरू करने से छात्रों को कई तरह से मदद मिलती है। अनुभवी फैकल्टी के अनुसार, कक्षा 9 छात्रों के लिए नीट युजी की तैयारी शुरू करने का सबसे अच्छा समय है। छात्र अब कोचिंग संस्थान में शामिल हो सकते हैं, पढ़ाई शुरू कर सकते हैं और अपने मेडिकल सपने की पूरी तैयारी कर सकते हैं।

**यहां कारण बताए गए हैं कि कक्षा 9वीं आपकी नीट यूजी मेडिकल तैयारी शुरू करने का सही समय क्यों है**

**1. प्रारंभिक आयु से ही छात्रों में गंभीरता पैदा करना**

जो छात्र कम उम्र से ही तैयारी शुरू कर देते हैं, वे 11वीं और 12वीं कक्षा तक पहुंचते-पहुंचते शिक्षा के प्रति अधिक गंभीर हो जाते हैं। चूंकि छात्र कम उम्र से ही अध्ययन क्षेत्र में होते हैं, इससे उनके फोकस में सुधार होता है जिससे समय आने पर उनके लिए विशाल पाठ्यक्रम पर ध्यान केंद्रित करना आसान हो जाता है। कक्षा 9 से तैयारी शुरू करने का सबसे अच्छा तरीका एक प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान से जुड़ना है जो छात्रों को उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने में मदद करता है।

**2. तैयारी के लिए अधिक समय**

जो छात्र नीट युजी की तैयारी करते हैं, वे अच्छी तरह से जानते हैं कि जब इन परीक्षाओं की तैयारी की बात आती है तो दो साल (कक्षा 11वीं और 12वीं) सफल या असफल होते हैं। इन परीक्षाओं में प्रतिस्पर्धा का स्तर काफी ऊंचा होता है और पाठ्यक्रम भी बहुत बड़ा होता है और ज्यादातर छात्र पूरी तरह से तैयारी नहीं कर पाते हैं। यह सबसे प्रमुख कारणों में से एक है कि कक्षा 9 से तैयारी शुरू करने से छात्रों को बहुत मदद मिलती है। यदि वे जल्दी शुरुआत करते हैं, तो छात्रों को नीट युजी की तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। जब तक अन्य छात्र तैयारी शुरू करेंगे, तब तक 9वीं कक्षा से शुरुआत करने वाले छात्र पहले ही मीलों आगे हो चुके होंगे। वे बुनियादी बातों को जानने में बेहतर होंगे और उनके पास वह मानसिक ढांचा होगा जो एनईईटी और जेईई परीक्षा को क्रैक करने के लिए आवश्यक है।

**3. विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा में आगे रखें**

जल्दी तैयारी करने का मुख्य कारण यह है कि यह छात्रों को प्रतिस्पर्धा में आगे रखता है। इससे उन्हें अपने साथियों पर अपेक्षित बढ़त मिलती है। इससे उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलती है. जो छात्र जल्दी शुरुआत करते हैं वे परीक्षा पैटर्न से काफी परिचित होते हैं और बेहतर तरीके से परीक्षा दे सकते हैं। वे पाठ्यक्रम के साथ तालमेल बिठाते हैं और परीक्षा में सफल होने के लिए आवश्यक टिप्स और ट्रिक्स जानते हैं।

**4. कम दबाव**

स्कूल की पढ़ाई को कोचिंग कक्षाओं के साथ पूरक करने और इसके विपरीत छात्रों को दबाव कम करने में मदद मिलती है। कक्षा 9वीं के छात्रों पर स्कूल में कम दबाव होता है, इसलिए यह शुरुआत के लिए आदर्श समय है। एनईईटी यूजी की तैयारी शुरू करने का यह सही समय है क्योंकि छात्र छोटे कदम उठा सकते हैं और खुद को परिचित कर सकते हैं कि उनके आगे क्या है। आकाश जैसे प्रसिद्ध संस्थान से जुड़ना शायद आपकी तैयारी के लिए एक निर्देशित मार्ग प्रशस्त करने का सबसे अच्छा तरीका है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इंजीनियरिंग और मेडिकल भारत में सबसे लोकप्रिय करियर विकल्पों में से दो बने हुए हैं। हालाँकि, इन करियरों की लोकप्रियता के कारण प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। यदि 9वीं कक्षा के छात्र अपने सपने को एक नई उड़ान देना चाहते हैं तो उन्हें तुरंत तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। कक्षा 9 के छात्रों के लिए कई छात्रवृत्ति परीक्षाएं हैं जो कई तरीकों से मदद कर सकती हैं। योग्य छात्रों को 100त्न तक छात्रवृत्ति जीतने का मौका मिलता है जो आपको परीक्षा की तैयारी के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

# संपादकीय

## आओ गंगा नहाएं हम और आप भी

राजनीति से हटकर आइये आज गंगा की बात करते हैं । गंगा हमारे लिए केवल एक नदी नहीं है बल्कि संस्कृति का एक जीवंत प्रतीक है । हम गंगा का पुत्र होने में अपने आपको गौरवान्वित महसूस करते हैं । गंगा की सौगंध खाते हैं,अपनी सच्चाई को प्रमाणित करने के लिए गंगाजल उठाते है। पाप निवारण के लिए गंगा स्नान करते हैं। और जब कोई बड़ा काम सम्पन्न करने में कामयाब हो जाते हैं तो राहत की सांस लेते हुए कहते हैं - 'चलिए हमने तो गंगा नहा ली।' गंगा के बारे में हर भारतीय जानता है। पूरब का हो ,चाहे पश्चिम का,उत्तर का हो या दक्षिण का,सबके लिए गंगा का महत्व है । ये बात अलग है कि सबकी गंगा अलग-अलग है। गंगा दरअसल प्रयाग या हरिद्वार में ही नहीं बहती,बल्कि हर व्यक्ति के मन में बहती है । समस्या ये है कि इन तमाम गंगाओं का मिलन होना सुनिश्चित नहीं है । आपने राजकपूर की फिल्म % संगम % तो देखी ही होगी । इस फिल्म का शीर्षक गीत है ये सवाल खड़े करता है कि 'तेरे मन की और मेरे मन की गंगा का मिलन होगा या नहीं ? गीतकार शैलेन्द्र ने जब ये गीत लिखा और शंकर -जयकिशन ने इसे संगीतबद्ध कर मुकेश से गवाया था तब ये सोचा भी न होगा कि गंगा एक समय में 'यक्ष -प्रश्न बन जाएगी और कोई भी इस सवाल का जबाब नहीं दे पायेगा कि हमारे-आपके मन की गंगा का मिलन आज की सियासत होने देगी या नहीं ?

ईश्वर के वजूद को लेकर अक्सर मेरे मन में प्रश्न रहते हैं किन्तु गंगा को लेकर मेरे मन में कभी कोई दुविधा नहीं रही । मैंने जब से होश सम्हाला है गंगा को विभिन्न रूपों में देखा है । गंगा के प्रति अपने पूर्वजों के मन में अगाध श्रृद्धा देखी है। हम भारतीयों में से बहुत से आज भी किसी क़ानून से,किसी अदालत से भले ही न डरते हों लेकिन गंगा से डरते हैं। उनका डर सम्मान की वजह से है । हर भारतीय आज भी गंगा को पाप-नाशिनी मानता है । पतित-पावन मानता है। और ये मान्यता कोई एक दिन में या 2014 के बाद नहीं बनी । ये सदियों,युगों और कल्पों के बाद बनी है। हर भारतीय के घर में गंगा मौजूद मिलेगी । शीशी में, कंटेनर में।आखिरी वक्त में सभी को मोक्ष पाने के लिए गंगाजल की दरकार होती है ,भले ही उसने जीवन में कभी गंगा स्नान किया हो या न किया हो ।

भगवान शिव को किसी ने नहीं देखा,भगीरथ को किसी ने नहीं देखा लेकिन गंगा को सबने देखा है । सबको गंगावतरण की पौराणिक कथा का ज्ञान है । सब मानते हैं कि यदि रघुवंशी भगीरथ हठ न करते तो




गंगा भूलोक में शायद न आती । शिव यदि गंगा को अपनी जटाओं में धारण करने का साहस न दिखाते तो गंगा धरती पर या तो आती ही नहीं और यदि आ भी जाती तो समूची सृष्टि को अपने आवेग के साथ बहा ले जाती । गंगा दुनिया कि किसी दूसरे देश में नहीं है। अमेरिका में नहीं, चीन में नहीं, जापान में नहीं, रूस में नहीं। गंगा सिर्फ भारत में है और हम शान से गर्व से कहते हैं कि - 'हम उस देश कि वासी हैं जिस देश में गंगा बहती है । यानि गंगा हमारा आइडेंटिटी कार्ड है, परिचय पत्र है। दुनिया में शायद ही कोई ऐसा देश हो जहाँ कि नागरिक अपने परिचय कि तौर पर अपने देश की किसी नदी का इस्तेमाल करते हैं।

चूंकि 16 जून को गंगा दशहरा है , इसलिए मै आपके सामने गंगा -पुराण लेकर बैठ गया। वरना किसे फुरसत है गंगा पर बात करने की। गंगा को लेकर हम आम भारतीय ही नहीं बल्कि हमारी सरकारें भी बहुत संवेदनशील दिखाई देतीं हैं लेकिन असल में होती नहीं हैं । वे दुनिया कि पाप धोने वाली गंगा कि शुद्धिकरण और उसके पुनर्जीवन कि लिए 'नमामि गंग 'प्रोजेक्ट तो बना लेते हैं किन्तु उसे भी सियासत के रंग में रंग देते है। भ्र्ष्टाचार की भेंट चढ़ा देते हैं। भारत कि भाग्यविधाता चूंकि खुद को गंगा पुत्र कहते हैं इसलिए देश में नमामि गंगे प्रोजेक्ट को उनका दिव्यस्वप्न माना जाता है । भाग्यविधाता को गंगा ने तीसरा अवसर दे दिया लेकिन इस प्रोजेक्ट को आज तक पूरा नहीं किया जा सका मुमकिन है कोई मजबूरी रही हो। इस परियोजना पर हम भी बात नहीं करना चाहते, अन्यथा कहा जाएगा की हम फिर सियासत पर आ गए ! हम और आप साधारण इंसान हैं इसलिए हम और आप ऐसी कोई बात नहीं कर सकते जो असाधारण हो। असाधारण बात करने का हक असाधारण लोगों को ही है। बल्कि असाधारण बातें आजकल केवल अविनाशी लोगों का एकाधिकार माना जाता है। साधारण बात ये है कि हम गंगा को पूजते हैं लेकिन उसकी फ़िक्र नहीं करते। हमें गंगा कि प्रति फिक्रमंद होने कि लिए उन देशों से सीखना होगा जिनके पास गंगा तो नहीं है लेकिन उनकी नदियाँ गंगा से सौ गुना ज्यादा स्वच्छ हैं। विदेशी अपनी नदियों कि लिए किसी सरकार पर निर्भर नहीं होते । वे ये कामखुद करते हैं, लेकिन हम ये सब नहीं करते । हम गंगा दशहरे पर गंगा को पूजेंगे,उसकी आरती उतारेंगे ,दान-पुण्य करेंगे लेकिन उसकी कोख को गंदगी से भर आएंगे।

हमारी नब्बे साल की दादी फूलकुंवर अनपढ़ थीं लेकिन जानतीं थीं कि ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर गंगा दशहरा मनाया जाता है। इस दिन गंगा जी की पूजा, गंगाजल से स्नान जरुर करना चाहिए. मान्यता है इससे व्यक्ति के कई जन्मों के पाप धुल जाते है। वे गांव के पास बहने वाली बेतवा को ही गंगा मानकर उसमें डुबकी लगा लेतीं थी।उनके मायके कि पास भी गंगा नहीं थी,वहां जमुना थी । वे उसे भी गंगा मानतीं थीं । हमारे पास भी गंगा नहीं बल्कि चंबल है । हम चंबल को ही अपनी गंगा मानते हैं। गंगा को बचाने का मतलब हर नदी को बचाने से होना चाहिए तब तो गंगा को पूजने का,उसमें नहाने का कोई अर्थ सार्थक हो सकता है ।

हमने संविधान, भाईचारा, मंगलसूत्र, मुजरा, आरक्षण आदि मुद्दों पर हाल ही में चुनाव देखा है । हमारे राजनितिक दलों और नेताओं ने तो चुनाव कराकर गंगा नहा ली, लेकिन गंगा का जिक्र एक बार भी नहीं किया। कोई सत्ता पक्ष में पहुँच गया तो कोई प्रतिपक्ष में। जो कहीं नहीं पहुंचा वो निर्दलीय है, जहाँ ज्यादा चारा मिलेगा, वहां पहुँच जायेगा । लेकिन आप तो अपनी सोचिये । अपनी गंगा की सोचिये । आप गंगा दशहरा के दिन तुलसी के पत्तों को गंगाजल से धोकर, फिर इन्हें एक लाल कपड़े में बाधकर तिजोरी में रख कर अपनी दरिद्रता दूर करने और घर में लक्ष्मी रोकने कि फेर में न पड़ें। तुलसी में जल अर्पित कर श्री तुलसी स्तोत्र्म का पाठ करें या न करें ,इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला गंगा की सेहत पर ।

अंत में भले ही गंगा जू मां गंगा धरती पर सागर के 60 हजार पुत्रों को मोक्ष देने के लिए आई थी ,लेकिन वे देश कि करोड़ों हिन्दू -मुसलमानों को मोक्ष दिला सकतीं है। शर्त एक ही है कि आप देश की गंगा-जमुनी संस्कृति के खिलाफ खड़े लोगों को पहचानकर उनके खिलाफ खड़े हो जाएँ । आपका गंगा स्नान हुआ मान लिया जाएगा । आपकी गंगा दशहरे की पूजा को गंगा जी स्वीकार कर लेंगी। गंगा ने आजतक हिंदू - मुसलमान नहीं किया । तब भी जब मुगलों ने उसका नाम अल्लाहाबाद रख दिया था और आज भी जब उसे दोबारा प्रयाग कहा जाने लगा है । शुभकामनाओं सहित ।

## सपनों का बोझ

वर्तमान का महत्त्व समझना और उसे सही ढंग से जीना हमारे भविष्य को सुनहरा बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है । ईमानदारी से सर्वोत्तम देने की कोशिश हमें अपने लक्ष्यों की दिशा में साहस और प्रेरणा प्रदान करती है। सपनों को अपना मार्गदर्शक बनाने के लिए उन्हें जीवन जीने का प्रेरणा स्रोत बनाना चाहिए, न कि तनाव का कारण । सपनों का सही तरीके से अपनी क्षमता के अनुसार पूरा करने का प्रयास करना हमें उत्साह, उम्मीद और सकारात्मकता की ओर ले जाता है। महत्त्वाकांक्षा का होना अहम है, लेकिन उसे संतुलित बनाए रखना भी आवश्यक है। हमें अपनी महत्त्वाकांक्षाओं को वास्तविकता के साथ मेल बना कर रखना और उन्हें पूरा करने के लिए उचित कदम उठाने की कोशिश करनी चाहिए। जीवन में स्वप्न देखना जरूरी है और यही जरूरत महत्त्वाकांक्षा को जन्म देती है। इसलिए सपनों को पूरा करने की खातिर सार्थक प्रयास की दिशा में परिवार और समाज को प्रेरित करना चाहिए, ताकि निराशा का फिर जिंदगी में स्थान न रहे। आजकल मनुष्य अपने सपनों और महत्त्वाकांक्षा के वशीभूत होकर अपने आसपास के लोगों को निवेश के रूप में देख रहा है। अपनी उम्मीदों को पूरा करने के लिए दूसरे के सपनों को पूरा कर पाने की क्षमता को भूल जाता है। वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में युवा वर्ग में बढ़ रहे अवसाद की प्रवृत्ति समाज के लिए चिंता का विषय बनी हुई है, जिसके लिए जिम्मेदार समाज की इस शक्ति के प्रति बुने गए विशाल सपनों का मायाजाल ही है। कहीं पाठ्यक्रम का मानसिक दबाव, तो कहीं प्रतियोगी परीक्षा में बार- बार मेहनत करने के बावजूद मनोवांछित सफलता न प्राप्त करना और सपनों के पूरा न होने के फलस्वरूप हताशा को जन्म दे रहा है। युवा वर्ग के बढ़ते अवसाद का मुख्य कारण व्यापक रूप से विभिन्न प्रकार के प्रतिस्पर्धात्मक दबाव हैं। इसमें पाठ्यक्रम का भार, परिवार और समाज से आशा की



भारी अपेक्षाएं और सामाजिक मानकों के लिए अधिकारिक दबाव शामिल होते हैं । पाठ्यक्रम के भार के साथ विद्यार्थियों को निरंतर समाज और परिवार के सपनों के दबाव का सामना करना पड़ता है, जिससे उनका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। दूसरों की महत्त्वाकांक्षाओं को पूरा न कर पाने की स्थिति में और बार-बार विफलता के दौरान युवा वर्ग को अवसाद का सामना करना पड़ता है। यह विफलता उनके स्वाभाविक संघर्ष को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है और उन्हें निराशा में डाल सकती है। अभिभावक वर्ग जो अनावश्यक अपेक्षाएं अपने बच्चों से करने लगते हैं, वह किशोर मन पर मानसिक दबाव डालने का काम करता है। जब वह युवा इन अपेक्षाओं के समक्ष खुद कमतर पाता है, तो वह अंदर ही अंदर घुटन महसूस करने लगता है। यह बात तो सच है कि बच्चे में जितनी क्षमता होगी, वह उतना ही श्रेष्ठ दे पाता है । फिर भी अभिभावक वर्ग अनावश्यक अपेक्षाओं के कारण अपनी संतान के मन को कुंठित कर रहे हैं ।

आत्महत्या करने वाले के मनोभाव को न पढ़ पाने के कारण ही आत्महत्या के मामलों में भी उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हो रही है । इसलिए यह परिवार की जिम्मेदारी हो जाती है कि अनावश्यक अपेक्षाएं अपनी संतान के प्रति न रखें और उसे पढ़ने के लिए उसकी रुचि के अनुसार ही विषय चयन करने में सहयोग दें, क्योंकि कई बार अभिभावक अपनी संतान की रुचि के विपरीत संकाय में अपने बच्चों का जबरन प्रवेश करवा देते हैं, जहां न तो उसका मन लगता है और न ही वह अपनी क्षमता के अनुसार अपना सर्वश्रेष्ठ दे पाता है। नतीजतन, बुझे मन से की गई पढ़ाई और परीक्षा में वह पिछड़ने लगता है, जो अवसाद का कारण बनता है। माता-पिता को अपने बच्चों की रुचि और प्राथमिकताओं को समझना महत्त्वपूर्ण है। बिना उनकी रुचि को ध्यान में रखे, सपनों का बोझ डालना उन्हें मानसिक दबाव में डाल सकता है। कभी-कभी मानसिक दबाव के चलते बच्चे अपने माता-पिता के सपनों को पूरा नहीं कर पाते हैं और गलत कदम उठा लेते हैं। इसलिए संवेदनशीलता और सहानुभूति से एक-दूसरे को समझने की आवश्यकता होती है।

मनुष्य की उम्मीदें अक्सर असीमित होती हैं और वह अपने प्रयासों से अधिक करने की क्षमता रखता है । यही उम्मीद उसे अपने सपनों की ऊंचाई तक पहुंचने की शक्ति प्रदान करती है। सपनों की ऊंचाई तो आकाश से भी ऊंची होती है। कई बार लोग आसानी से अपनी उम्मीदें दूसरों के ऊपर रखते हैं, जिससे अधिकांश दुख और विफलता का कारण बनता है। सपनों को पूरा करने के लिए विश्वास और मेहनत दोनों ही जरूरी होते हैं। सपनों को अपने लक्ष्य के रूप में देखना और उनको पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध रहना हमें सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। सपनों को मनोबल के रूप में और दिशा देने का शस्त्र बनाना चाहिए, न कि बोझ । सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करनी चाहिए, लेकिन उन्हें जिंदगी का बोझ नहीं बनने देना चाहिए। वे हमें प्रेरित करते हैं, हमें लक्ष्य की दिशा देते हैं और हमें सफलता की ओर आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करते हैं। वर्तमान की समीक्षा करके भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए, पर इसके चक्कर में हमें वर्तमान को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। अच्छे भविष्य का निर्माण, वर्तमान के संरक्षण और उज्जवल भविष्य के लिए सपनों को ईमानदारी से जिंदगी का सर्वश्रेष्ठ देने में ही निहित है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो. 7499472288

स्वतंत्र प्रभात

e-Mail- news@swatantraprabhat.com, RNI No. UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## 17 जून से अनिश्चित कालीन धरना पर बैठेंगे सपा कार्यकर्ता

**देवरिया।** जनपद के सतराव पुलिस चौकी के दारोगा वीरेंद्र कुशवाहा द्वारा गत 20 मई 2024 को डंडों से की गई पिटाई से दद्दन यादव के मृत्यु प्रकरण में हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अब तक हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने के मामले को गंभीर प्रशासनिक अक्षमता बताते हुए समाजवादी पार्टी ने आंदोलन का निर्णय लिया है 17 जून को होने वाले धरना को लेकर सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता में सतराव में एक बैठक रेलवे स्टेशन के पास सम्पन्न हुई जिसमे सपाइयों ने तय किया कि 17 जून को बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता प्रकरण में हत्यारपियों की गिरफ्तारी तक धरना जारी रखेंगे। कहा कि अब प्रशासन को तय करना होगा कि हत्यारोपी गिरफ्तार होंगे या न्याय की मांग करने वाले सपाई, क्योंकि अब सपाई न्यायार्थ कमर कसकर तैयार हो चुके हैं। तैयारी बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष गेनालाल यादव, बेचूलाल चौधरी, मंजूर हसन, चंद्रभूषण यादव, आशुतोष यादव सहित अन्य सपाई मौजूद रहे।

## 19 जून तक किया जा सकता है आवेदन

**देवरिया ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर ने बताया है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ तथा यू.पी. एस.सी., जे.ई.ई., नीट परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कक्षाएं संचालित की जानी है। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 19 जून तक विस्तारित की गई है। आवेदन-पत्र कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन से प्राप्त किये जा सकते है। योजना की अधिक जानकारी के लिये मोबाइल नंबर 9140893676 हिमांशु पाण्डेय कोर्स को-आर्डिनेटर) पर कार्यालय अवधि में 10 से सायं 5 बजे तक एवं ई-मेल abhyudayadeos@gmail. com पर सम्पर्क किया जा सकता है। आवेदक एक से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिये अलग-अलग आवेदन कर सकते है। आवेदन की समस्त प्रक्रिया एवं कक्षाएं पूर्णतः निःशुल्क है।

## 60 बोरी लावारिस गेहूं बरामद

**महराजगंज।** परसामलिक थाना अंतर्गत सेवतरी चौकी प्रभारी अमित सिंह व हमराहियों ने गस्त के दौरान क्षेत्र के मर्यादपुर पहाड़ी टोले से 6 बोरी लावारिस गेहूं बरामद किया है। वहीं पुलिस को आता देख तस्कर साइकिल पर गेहूं लदी बोरियों को फेंककर नेपाल भागने में कामयाब हो गए। मौके से पुलिस ने 6 बोरी लावारिस गेहूं बरामद कर थाने लाई। तत्पश्चात कस्टम अधिनियम की कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिए नौतनवां कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया।

## निःशुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन हेतु अभ्यर्थी करें आवेदन

तेजस्विनावधीतमस्तु
अभ्युदय

**कुशीनगर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत यूपीएससी, यूपीपीएससी, नीट, जी की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग संचालित की जा रही है, जिसका संचालन बुद्धा इण्टरमीडिएट कालेज, कुशीनगर में किया जाता है।

निःशुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया जाता है साथ ही अध्ययनरत् अभ्यर्थियों को आवश्यक नोट्स एवं निःशुल्क पुस्तक भी उपलब्ध करायी जाती है। वित्तिय वर्ष 2024-25 में दिनांक 25 जून 2024 तक इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन https://forms.gle/AnuTnF&mA NXVysMfA अथवा ऑफलाइन आवेदन कमरा नं0-14, विकास भवन रविन्द्रनगर कुशीनगर में स्वयं या रजिस्टर्ड डॉक द्वारा सभी आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रति सहित दिनांक 25 जून 2024 तक जमा करें। विलम्ब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा। अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार अथवा मेरिट के आधार पर किया जायेगा। उक्त जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी विनय कुमार ने दी हैं।

# मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग स्वरोजगार हेतु बेरोजगार करें आवेदन

स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कुशीनगर द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार नवयुवकों एवं नवयुवतियों को स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्य मंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार नवयुवक, नवयुवतियां, परम्परागत कारीगर जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच है वे स्वरोजगार हेतु रू0 10.00 लाख तक का ऋण बैंक के माध्यम से आसान व्याज दर पर प्राप्त कर ग्रामोद्योगी इकाई स्थापित कर अपनी बेरोजगारी दूर कर सकते है। योजना के अन्तर्गत सामान्य वर्ग (पुरूष) के आवेदक को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत एवं सामान्य महिला एवं अन्य आरक्षित वर्ग के आवेदकों को परियोजना लागत का 05 प्रतिशत निजी अंशदान लगाना होता है। इस योजना के तहत बैंक से वित्तपोषण उपरान्त परियोजना लागत में टर्मलोन (पूजीगत ऋण) पर आरक्षित वर्ग के आवेदक को शून्य प्रतिशत व्याज एवं सामान्य बर्ग के आवेदक को टर्मलोन (पूजीगत ऋण) पर चार प्रतिशत न्यूनतम वार्षिक व्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान है।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राम कृपाल यादव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के स्वरोजगार हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन योजना के पोर्टल https://cmegp.data-center.co.in पर लॉगिन कर आवेदन कर हार्ड कांपी के साथ समस्त संलग्नकों सहित (स्वयं का एक फोटों, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, तकनीकी योग्यता का प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (जंहा लागू हो), निवास, आवादी का प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, नमूने का हस्ताक्षर, पैन कार्ड) किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय नरकटिया बुजुर्ग सपहां रोड (नवल एकाडमी स्कूल के सामने) कसयां में जमा कर दें, ताकि आवेदन का परीक्षण कर ऋण हेतु आवेदन पत्र बैंक को अग्रसारित किया जा सके। विस्तृत जानकारी के लिए सीधे उक्त कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

# रक्तदान है प्राणी पूजा, इसके जैसा दान न दूजा

स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय जिला संयुक्त चिकित्सालय में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने जिला संयुक्त चिकित्सालय में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप के रक्तदान शिविर का रिबन काटकर शुभारंभ किया। रक्तदाताओं को रक्तदान करने के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया, साथ ही साथ जिलाधिकारी ने आयोजित रक्तदान शिविर में ब्लड डोनेशन/रक्तदान के लाभकारी गुणों के बारे में बताते हुए उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों सहित रक्तदाताओं को इसके फायदों से अवगत कराया। रक्तदान है महादान इससे विषम परिस्थियों में कई व्यक्तियों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान के फायदे के अंतर्गत उन्होंने बताते हुए कहा कि रक्तदान करने से हार्ट से संबंधित बीमारियों में कमी आती है, लिवर स्वस्थ रहता है तथा मुफ्त में सारी जांचे भी हो जाती है। आयोजित रक्तदान शिविर में मारवाड़ी युवा मंच की कार्यकत्रियों ने रक्तदान में सहयोग करने तथा इसका वृहत स्तर पर ग्राम, मुहल्लों तथा नगर निकायों में प्रचार प्रसार करने हेतु आश्वस्त भी किया। इस अवसर पर रक्तदान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर एस एन त्रिपाठी एवं उनकी पत्नी ने किया। तत्पश्चात उपस्थित सभी रक्तदाताओं को रक्तदान करने के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र भीं वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश पटारिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एच एस राय, चिकित्सक गण, स्टाफ नर्स आदि जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज।** यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध परसामलिक पुलिस की ओर से सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के तहत शुक्रवार को परसामलिक थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के सेखुआनी बघेला नाले के पास चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों को चेक किया। वाहन चेकिंग में पुलिस के द्वारा दो पहिया व चार पहिया वाहनों की डिक्की, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण, फिटनेस सहित कई कागजातों की जांच की गई। तथा चार पहिया वाहनों की डिक्की की तलाशी भी ली गई। वहीं वाहन के कागजातों में त्रुटि पाए जाने पर वाहन चालकों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान किया गया। वाहन चेकिंग से चालकों में हड़कंप मच गया। कई वाहन चालक रास्ता बदलकर गलियों से निकलते देखे गए।

वाहन चेकिंग के दौरान थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार, उप निरीक्षक अभिषेक जायसवाल, हेड कांस्टेबल चंद्रशेखर मौर्य, कांस्टेबल उज्वल दीक्षित, सुजीत निर्मल समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान यातायात उलंघन में अब तक 10 वाहन चालकों का ई-चालान किया गया है।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

●जनपद, तहसील, ब्लाक के अलावा नगर पालिका/नगर पंचायतो में भी योग कार्यक्रम के लिये अधिकारियों को दी गयी जिम्मेदारी

चुनार किला व फतहा घाट पर 15 जून से 21 जून तक अनवरत चलाया जाए योग कार्यक्रम




स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** आगामी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को हर्षोल्लास व सकुशल तरीके से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी सम्बन्धित अधिकारियों, विभिन्न स्वंय सेवी संगठनो, ब्रम्हकुमारी व अन्य योग संस्थाओ के साथ बैठक कर जनपद, तहसील, ब्लाक व नगर पालिका/नगर पंचायत स्तर मुख्यालयों पर व्यवस्थित ढंग से योग कार्यक्रम सम्पन्न कराने हेतु विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर विधायक छानबे श्रीमती रिंकी कोल, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, ब्रम्हकुमारी संस्था से बिन्दु दीदी के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। जिलाधिकारी ने जिला आयुर्वेदिक अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि कल 15 जून 2024 को चुनार किला एवं फतहा घाट मीरजापुर के अलावा अन्य चिन्हित पार्को में आगामी 21 जून 2024 तक योगा कार्यक्रम पूर्वान्ह 06 बजे से 07 बजे तक प्रत्येक दशा में सम्पन्न कराया जाए। इसी प्रकार ग्रामीण अंचलो में भी ग्राम पंचायत स्तर पर योग कार्यक्रम सम्पन्न कराए। उन्होने कहा कि जनपद स्तर पर आगामी 21 जून 2024 अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय जी0 आई0सी0 परिसर महुवरिया में होने वाले योग दिवस को सफल बनाने के लिये अधिक से अधिक लोगो की भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु वृहद प्रचार प्रसार कराया जाए। विभिन्न समाचार पत्रो, इलेक्ट्रानिकी मीडिया के साथ सोशल मीडिया पर भी कराये जाने वाले कार्यक्रमो की रूप रेखा का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 को जनपद के अलावा प्रत्येक तहसील, ब्लाक, ग्राम पंचायत स्तर एवं विभिन्न नगर निकायो में भी योग कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित कराया जाए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये जिस अधिकारी को जो दायित्व सौपा गया है उसका भली भाति निर्वहन सुनिश्चित करें और कार्यक्रम को सफल बनायें। स्थानीय जी0आई0सी0 में सफाई व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, टेन्ट, मैट आदि आवश्यक व्यवस्थाए प्रत्येक दशा में 20 जून 2024 की सांय तक पूर्ण करा लिए जाए। योग दिवस के दिन जनपद के मंत्री के अलावा सांसद, विधायक, सदस्य विधान परिषद, अध्यक्ष जिला पंचायत, नगर पालिका अध्यक्ष सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं जनपद के विभिन्न क्षेत्रो में प्रतिष्ठित व्यक्तियो को भी आमंत्रित किया जाए। योगा सम्पन्न कराने के लिये जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के द्वारा प्रशिक्षक नियुक्त किए जाए ताकि प्रशिक्षको का अनुश्रवण करवाते हुये योग क्रियाए सम्पन्न करायी जा सके। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि चिकित्सा संस्थानो में योग कार्यक्रम सम्पन्न कराने के साथ ही जी0आई0सी0 ग्राउंड में होने वाले मुख्य कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस व चिकित्सको की टीम उपलब्ध करायी जाए इसी के साथ ही आयूर्वेद एवं होम्योपैथ के भी कैम्प लगाये जाए।

# लेवल 2 का एसआईसी होने से चिकित्सालय व्यवस्था भगवान भरोसे

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** मेडिकल कालेज बन जाने के बाद चिकित्सालय को कालेज के सुर्पुद कर दिया गया है लेकिन तब से ही मरीजो को तमाम प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसका ध्यान प्रशासन की ओर से नही दिया जा रहा है जिसके कारण लेवल 4 का डाक्टर मौजूद होने के बावजूद लेवल 2 के डॉक्टर को एसआईसी के पद पर नियुक्त किया गया है जबकि मौजूद एसआईसी को लेवल 4 तक पहुंचने में लगभग 10 से 12 वर्ष तक लग जायेगे। सूत्रों के मुताबिक इसबात को लेकर काग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मनीष दुबे के द्वारा लगातार शासन प्रशासन को पत्र लिखा जा रहा है परन्तु कुछ अधिकारियों की मिली भगत से अभी तक लेवल 2 के डॉक्टर को ही बार - बार एसआईसी बनाया जा रहा है जबकि लेवल 4 का डाक्टर चिकित्सालय में मौजूद है परन्तु इस बात को लेकर पूरी तरह नजरअन्दाज किया जा रहा है। जो पूरी तरह नियमों का धज्जियां उड़ाने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन प्रशासन के द्वारा एसआईसी के पद के लिए किसी काबिल डॉक्टर की खोज बीन बहुत तेजी से किया जा रहा है और इनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने पर ही विचार किया जा रहा है। इनके उपर तमाम प्रकार के आरोप लगाये गये अभी हाल में ही जिला चिकित्सालय में प्रबन्धक पद पर अनुज ठाकुर को तैनात कर दिया है जब कि स्वास्थ्य विभाग के अनुसार चिकित्सालय में इस प्रकार का कोई पद ही नही है जो पूरी तरह गैर कानूनी है। जबकि अनुज ठाकुर सीएमओ आफिस का कर्मचारी होते हुए मेडिकल कालेज के अधीन कार्य कर रहा है। जबकि मेडिकल कालेज के प्राचार्य आरवीकमल द्वारा अनुज ठाकुर को पिछले माह में कार्यमुक्त कर दिया गया था फिर भी गैर कानूनी तरीके से चिकित्सालय में कार्य करने में लगे हुए है। सीएमओ के द्वारा भी कर्मचारी का वेतन रोक दिया गया है और इनके पद से बर्खास्त करने की भी तैयारी कर ली है।

# जिला प्रशासन के संरक्षण में संचालित ईंट भट्ठा संचालक के विरुद्ध लूट के मामले में केस दर्ज

●प्रदूषण विभाग कि बगैर सहमति के संचालित वी के एम ईंट उद्योग पर खबर संकलन के दौरान घटी थी घटना



स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ, 14 जून।** दीवानी न्यायालय का आदेश देवरिया जनपद के बरियारपुर पुलिस पर भारी पड़ गया। न्यायालय द्वारा जारी आदेश के आधार पर पुलिस ने जिला प्रशासन के संरक्षण में अवैध रूप से संचालित वी के एम ईंट भट्ठा संचालक के विरुद्ध लूट, एस सी एस टी व आई पी सी कि अन्य धाराओं में काफ़ी हिला हवाली के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया।

बताया जाता है कि देवरिया जनपद के नगर पंचायत बरियारपुर सीमा अंतर्गत प्रदूषण विभाग कि बगैर सहमति के संचालित वी के एम ईंट उद्योग को प्रदूषण बोर्ड ने बंदी का आदेश जारी किया था और गत तीन वर्षो से जिला प्रशासन के संरक्षण में अवैध रूप से ईंट भट्ठा संचालित था। अवैध ईंट भट्ठे जहाँ पर बाल श्रमिक कार्य करते हुए पाए गए थे साथ ही ईंट भट्ठे पर भट्ठा मालिक विजय कुमार मल्ल व उनके पुत्रों व उनके सहयोगियों द्वारा सारे मानकों को अंगूठा दिखाते हुए अवैध कच्ची दारू का उत्पादन भी धड़ल्ले से किया जा रहा था। मामला प्रकाश में आने पर खबर संकलन के दौरान ईंट भट्ठा मालिकों ने संवाददाता व उनके साथी पत्रकार के अलावा चालक से बदतमीजी कि थी जिसको लेकर बरियारपुर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं कि और फर्जी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया था। घटना में बरियारपुर थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह और जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न किये जाने पर मामले में न्यायालय ने मामले का संज्ञान लिया और बरियारपुर थाने को केस दर्ज करने का आदेश किया था, जिस आधार पर बरियारपुर पुलिस ने 392,342,147,504 व एस एस टी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

वादी ने न्यायालय को दिए गए अपने प्रार्थना पत्र में कहा कि जनपद में संचालित इंट-भटठो पर बाल श्रमिक कार्यरत हैं एवं उक्त भटठो पर अवैध तरीके से शराब भी बनायी जाती है तथा देवरिया जनपद के बहुत सारी ईट-भटठो को उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ द्वारा मानक पूर्ण न करने के कारण जांचोपरान्त उन्हें बन्द करने हेतु आदेश पारित किया गया तथा जिला प्रशासन देवरिया को पत्र भी प्रेषित किया जा चुका है परन्तु बन्दी आदेश के बाद भी ईट-भटठे अवैध तरीके से संचालित किये जा रहे हैं। उसी सूचना के आधार पर प्रार्थी समाचार संकलन हेतु वाहन चालक आशीष कुमार के साथ गत 12 फ़रवरी 2024 को देवरिया आया तथा अपने साथ पत्रकार प्रेम शंकर मणि त्रिपाठी को साथ में लेकर उसी दिन समय करीब 1 बजे दिन में मेसर्स बी केएम ईट उद्योग भडसरा थाना-बरियारपुर, जनपद-देवरिया पर गया तथा समाचार संकलन करने लगा। समाचार संकलन करते समय भट्ठा मालिक विजय कुमार मल्ल मिल गये जिनसे ईट-भटठे पर कार्यरत बाल श्रमिको व उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ द्वारा पारित आदेश के सम्बन्ध में पूछताछ करने लगा, जिस पर ईट-भटठा मालिक विजय कुमार मल्ल काफी उग्र हो गये तथा हम, संवाददाता प्रेमशंकर मणि व चालक आशीष कुमार को माँ-बहन की गालियां देने लगे, शोर सुनकर विजय कुमार मल्ल पुत्र रामसूरत पुत्रगण रवि प्रताप मल्ल, प्रदीप कुमार व भानु प्रताप मल्ल आ गये तथा यह सभी लोग भी प्रार्थी, प्रेमशंकर मणि व चालक आशीष कुमार को माँ-बहन की भद्दी-भद्दी गालिया देने लगे। प्रार्थी ने जब मना किया तो यह लोग काफी उग्र हो गये तथा ये सभी लोग प्रार्थी व प्रार्थी के सहयोगी तथा वाहन चालक आशीष को लात-मुक्का, थप्पड़ से मारने-पीटने लगे। इसी दौरान उक्त लोगों के सहयोग में प्रमोद पाण्डेय पुत्र कृष्णानाथ पाण्डेय जो बरियारपुर, वार्ड नं0-5. जेठहसी थाना-बरियारपुर, जिला-देवरिया के निवासी हैं , मौके पर आ गए तथा अपने पास रखे असलहे को निकाल लिये तथा प्रार्थी के सह?योगी प्रेमशंकर मणि के उपर तान दिये व प्रार्थी की डायरी व प्रेस सम्बन्धित आवश्यक कागजात छीन लिये तथा रवि प्रताप ने प्रार्थी के सहयोगी के जेब में रखा पचीस सौ रूपया जबरदस्ती निकाल लिया। प्रार्थी का चालक अनुसूचित जाति का है। जिसे सभी जानते व पहचानते थे। वे सभी लोग आशीष कुमार को चमारियां, पासी जातिसूचक बाल करते हुए मारने-पीटने लगे प्रार्थी व प्रार्थी के सहयोगी व चालक आशीष कुमार की हत्या करने के नियत से भयाक्रांत करते हुए बंधक बना लिये। जब हम लोगों को यह आशंका हो गयी कि ये लोग हम लोगों को ईट -भटठे में झोंक देंगे तब प्रार्थी व प्रार्थी के सहयोगी ने अपनी जान बचाने के लिए थानाध्यक्ष बरियारपुर, अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक देवरिया के सीयूजी नम्बर पर घटना की सूचना दिये। कुछ देर बाद थानाध्यक्ष-बरियारपुर अपनी टीम के साथ मौके पर आ गये, इनके साथ कुछ अन्य लोग भी थे। यह लोग पुलिस के सामने भी मी-बहन की भद्दी-भद्दी गालिया देने लगे, थानाध्यक्ष-बरियारपुर द्वारा हम लोगों को बरियारपुर थाने पर लाया गया तथा भट्ठा मालिक विजय कुमार मल्ल के राजनैतिक प्रभाव व क्षेत्रीय वर्चस्व के कारण उनसे प्रार्थना-पत्र लेकर प्रार्थी व प्रार्थी के सहयोगी व चालक आशीष कुमार के विरुद्ध मुअस-15/2024 10धा-384, 506, 504 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिये तथा हम लोगों को लाकअप में बैठाये रहे। 13 फ़रवरी 2024 को हम लोगों को -107, 116, 151 में चालान करते हुए जिला मजिस्ट्रेट, देवरिया के मौखिक आदेश पर उप जिला मजिस्ट्रेट, देवरिया द्वारा हम लोगों से बिना जमानत प्रार्थना-पत्र व मुचलका लिये व बिना सुनवायी किये जिला कारागार देवरिया भेज दिये। प्रार्थी एवं प्रार्थी के सहयोगी प्रेमशंकर मणि व चालक आशीष कुमार द्वारा 14 फ़रवरी 2024 को जमानत प्रार्थना-पत्र के साथ जमानतदारों को प्रस्तुत किया गया। बावजूद इसके जिला प्रशासन द्वारा मनमाने तरीके से बिना किसी कारण के हम लोगों के जमानतदारों का सत्यापन कराये जाने लगा। सत्यापन के पश्चात भी जिला प्रशासन द्वारा हम लोगों को अवैधानिक व नियम विरूद्ध तरीके से जिला कारागार, देवरिया में दिनांक 13 फ़रवरी से 19 फ़रवरी 2024 तक निरूद्ध रखा गया। प्रार्थी 19 फ़रवरी 2024 को रिहा हुआ। तत्पश्चात पूरे घटना क्रम की सूचना, थानाध्यक्ष बरियारपुर दिग्विजय सिंह को देने गया तो उन्होंने प्रार्थी के साथ एवं प्रार्थी के सह?योगी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए भगा दिया। प्रार्थी व प्रार्थी के सहयोगी को जिला प्रशासन, देवरिया से जान का खतरा बना हुआ है। जिला प्रशासन देवरिया कभी भी हम लोगों के विरूद्ध ख्याति व छवि धूमिल करने के लिए किसी भी तरह की कार्यवाही कर व करा सकता है। थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह द्वारा हम पत्रकारों को बदनाम करने के नियत से फर्जी व झूठा मुकदमा दर्ज कर उत्पीडन की कार्यवाहीं किया गया है। प्रार्थी ने घटना की सूचना जरिए रजिस्टर्ड डाक से पुलिस अधीक्षक को दिया परन्तु पुलिस अधीक्षक द्वारा कोई कार्यवाही नहीं कि गयी। न्यायालय ने माना कि वादी के साथ घटी घटना संज्ञेय प्रकृति का है जिसको संज्ञान में लेकर थानाध्यक्ष बरियारपुर को केस दर्ज करने का आदेश जारी किया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश को टालमटोल करते हुए 22 दिन बाद केस दर्ज किया है।

अब देखना यह है कि 12 फ़रवरी को घटी घटना के इतने दिनों बाद काफ़ी मशक्कत से दर्ज मुकदमे में देवरिया प्रशासन, सफ़ेद पोशों के संरक्षण में संचालित अवैध ईट भट्ठा संचालक, उनके सहयोगियों के विरुद्ध निष्पक्ष जाँच हो सकेगी, यह भविष्य के गर्त में है।

# विशेष अभियान चलाकर उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों की गयी औचक जांच

स्वतंत्र प्रभात

**मीजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में खान अधिकारी, मीरजापुर, मानचित्रकार, खनिज विभाग, मीरजापुर एवं खनिज मोहर्रिर, खनिज विभाग, मीरजापुर की टीम द्वारा दिनांक 01 मई, 2024 से 14 जून, 2024 तक विशेष अभियान चलाकर उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों की औचक जाँच की गयी। जाँच के दौरान बिनापरिवहनप्रपत्र/आई0एस0टी0पी0/ओवरलोड परिवहन करने वाले 49 वाहन को थाना-अदलहाट में, 49 वाहन को थाना-अहरौरा में, 22 वाहन को थाना-मण्डी समिति में, 03 वाहन को थाना-चील्ह में, 01 वाहन को पुलिस चैकी टेढ़वा में, 07 वाहन को थाना-मड़िहान में, 02 वाहन को पुलिस चैकी करनपुर में, 07 वाहन को थाना-बरकछा में, 11 वाहन को थाना-कजरहट में, 07 वाहन को थाना-लालगंज में, 02 वाहन को चैकी अदलपुरा में, 06 वाहन को थाना-नरायनपुर में, 01 वाहन को चैकी-दुबार कलां में, 01 वाहन को थाना-गैपुरा में, 01 वाहन को चैकी टेढ़वा में, 03 वाहन को थाना-को0 चुनार में, तथा 02 वाहन को चैकी शेरवाँ में, सीज कर जिलाधिकारी के अग्रिम आदेशों तक पुलिस अभिरक्षा में दिया गया। तथा थाना-ड्रमण्डगंज में 01 एफ0आई0आर0 दर्ज कराई गई। इस प्रकार कुल 174 वाहनों को बिना परिवहन प्रपत्र/आई0एस0टी0पी0/ओवरलोड परिवहन के जुर्म में पकडा गया तथा एम-चेक के द्वारा 98 वाहनों का चालान किया गया। उपरोक्त वाहनों पर नियमानुसार देय खनिज की रायल्टी, खनिमुख मूल्य एवं आरोपित शास्ति धनराशि की वसूली के अतिरिक्त उपखनिजों का ओवरलोड परिवहन कर रहे वाहनों में परिवहन प्रपत्र जारी करने वाले खनन पट्टाधारकों से भी प्रति वाहन रु0 25,000.00 शास्ति की वसूली हेतु अलग से कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त वाहनों से खनन विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा लगभग कुल धनराशि रू0 257.18 लाख के राजस्व क्षतिपूर्ति/जुर्माना की वसूली की जायेगी। जनपद में अवैध परिवहन/ओवर लोड पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किये जाने के दृष्टिगत कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी। उक्त के अतिरिक्त तहसील मड़िहान अन्तर्गत 03 अवैध भण्डारण स्थलों पर कार्यवाही करते हुए नियमानुसार नोटिस निर्गत की गयी है। बिना भण्डारण अनुज्ञप्ति प्राप्त किये खनिजों का भण्डारण किया जाना अवैध माना जायेगा, जिसमें सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत वाहन से दुर्घटना कर पंचायत मित्र की हत्या का अनावरण

●ग्राम-प्रधान सहित 05 अभियुक्त गिरफ्तार

घटना में प्रयुक्त पिकअप व कार वाहन बरामद



स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** थाना लालगंज , जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 05.06.2024 को वादी संजय कुमार मौर्या पुत्र किशुन प्रसाद मौर्या निवासी लहंगपुर थाना लालगंज जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध वादी के भाई राजीव कुमार मौर्या की षड़यंत्र के तहत वाहन से दुर्घटना कर मृत्यु कारित करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लालगंज पर मु0अ0सं0-129/2024 धारा 279,304ए,120बी,427 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'अभिनंदन' द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थानाध्यक्ष लालगंज को निर्देश दिये गये । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना लालगंज पर पंजीकृत उक्त अभियोग की विवेचना के क्रम में सुरागरसी पतारसी व इलेक्ट्रानिक/भौतिक साक्ष्य संकलित करते हुए दिनांकः 13.06.2024 को थाना लालगंज व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्र से घटना से सम्बन्धित 05 नफर अभियुक्त 1.रामनरेश मौर्या पुत्र राजेन्द्र प्रसाद मौर्या निवासी मड़वा नेवादा, कोठी थाना लालगंज जनपद मीरजापुर, 2.दिनेश मौर्या पुत्र बेचु प्रसाद मौर्या, 3.शिवकुमार पुत्र श्यामनारायण, 4.संतोष कुमार मौर्या पुत्र सत्यानारायण मौर्या निवासीगण डांगरकेरी थाना लालगंज जनपद मीरजापुर, 5.सतीश मौर्या उर्फ मौर्या पुत्र रामआसरे मौर्या निवासी रामगढ़ थाना बलुआ जनपद चन्दौली को अंतर्गत धारा 302,201,34 भादवि में गिरफ्तार किया गया । घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन बोलोरो पिकअप P 63 BT 0364 व महिन्द्रा टीयूवी P 63 AE 1519 बरामद कर अनूतर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया तथा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा गया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मारपीट में एक महिला सहित तीन जख्मी चल रहा है इलाज



**बिहार** सुपौल जिले के जदिया थाना क्षेत्र के हरिनाहा में जान से मारने एवं हथियार के बल पर रुपए छिनने को लेकर थाने में दिया गया आवेदन। परसागढी दक्षिण पंचायत हरिनाहा वार्ड नंबर 12 निवासी केवल कुमार साह ने जदिया थाना में आवेदन देकर बताया है कि मैं अपने घर के दरवाजे पर खाद का दुकान चलाता हूं और मैं अपनी दुकान पर बैठे हुए थे इस समय चंदन कुमार मनीष कुमार प्रियंका देवी और कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा मेरे पिताजी फुलेशवर शाह के साथ मारपीट करने लगा। जिसके बीच बचाव में हम गए तो हमारे साथ भी उक्त व्यक्ति मारपीट करने लगा मारपीट में हम और हमारी पत्नी एवं हमारे पिताजी जख्मी हुए । इसके बाद मेरे पत्नी के द्वारा डायल 112 को कॉल करके बुलाया गया जहां डायल 112 की टीम ने जदिया थाना लाया जहां से मुझे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर की निगरानी में इलाज चल रहा है बता दे की मारपीट की घटना में एक महिला सहित तीन लोग जख्मी हुए हैं। जानकारी के अनुसार चंदन कुमार को मकई बेचकर पैसा मांगने को लेकर विवाद हुआ है। जिस विवाद में केवल कुमार साह और उनकी पत्नी संगीता देवी और उनके पिताजी फुलेशवर शाह जख्मी हुए हैं। वही प्रभारी जदिया थाना अध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है जांचों उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### सिखों पर बार-बार हो रहे हमले, देश के भविष्य के लिए अच्छा संदेश नहीं- बीबी रणजीत कौर



**नई दिल्ली** 14 जून- यह बेहद निंदनीय और दुखद है कि कैथल के एक अस्पताल में इलाज करा रहे एक सिख युवक पर बिना किसी कारण के खुले बाजार में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए जान लेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई सिखों के मन को बहुत ठेस पहुंची है. अपने ही देश में अल्पसंख्यक सिखों पर इस तरह के जानलेवा हमले चिंता का विषय हैं, जिससे सिखों की जान-माल की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं. सिखों पर बार-बार हो रहे हमलों से देश को यह महसूस हो रहा है कि वे देश में दोयम दर्जे के नागरिक हैं, जिसके कारण सिख अलग-थलग होते जा रहे हैं, जो इस देश के भविष्य के लिए अच्छा संदेश नहीं है. केंद्र व हरियाणा सरकार को दोषियों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई करनी चाहिए. यह शब्द शिरोमणि अकाली दल दिल्ली इकाई की महिला विंग की मुख्य सेवादार बीबी रणजीत कौर ने मीडिया को जारी अपने बयान के माध्यम से व्यक्त किये।

# विदेशी एयरलाइंस कंपनियां भारत छोड़ने की धमकी क्यों दे रही हैं?

**● - इंडियन एविशन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है. भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट है. यहां इंटरनेशनल एयर ट्रैफिक में विदेशी एयरलाइंस की हिस्सेदारी 55% है जबकि भारतीय कंपनियों का हिस्सा 45% है.**

स्वतंत्र प्रभात

विदेशी एयरलांइस कंपनियां भारत छोड़ने की धमकी दे रही हैं. इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (IATA) के चीफ ने चेतावनी दी है कि अगर भारत टैक्स के मुद्दे को नहीं सुलझाता है तो विदेशी विमान कंपनियां भारतीय बाजार छोड़ सकती हैं. दरअसल, पिछले कुछ महीनों में कई बड़ी विदेशी विमान कंपनियों के भारत स्थित दफ्तरों को डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलीजेंस (DGGI) की ओर से टैक्स चोरी के नोटिस मिले हैं. इन कंपनियों में कतर एयरवेज, ब्रिटिश एयरवेज़, लुफ्थांसा सिंगापुर एयरलाइंस जैसी कुछ बड़ी कंपनियों का नाम शामिल है. ये नोटिस इन कंपनियों द्वारा अपने भारतीय दफ्तरों को दी जाने वाली सेवाओं पर टैक्स न भरने से जुड़े हैं.

दुबई में IATA एनुअल जनरल मीटिंग में डायरेक्टर जनरल विली वॉल्श ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, ÷इन सब चीजों की वजह से, ये हो सकता है कि ये विमान कंपनियां भारत छोड़कर चली जाएं. पहले कम मुनाफा होने की वजह से ये कंपनियां धीरे-धीरे फ्लाइट्स की संख्या कम करेंगी और फिर आखिर में भारत से पूरी तरह से अपना कारोबार बंद कर देंगी.÷

#### समझिए आखिर क्या है पूरा विवाद

डीजीजीआई ने विदेशी विमान कंपनियों को नोटिस इसलिए भेजे क्योंकि उन्होंने कई सर्विस पर टैक्स नहीं भरा. विदेशी विमान कंपनियों को परेशानी इसलिए हो रही है क्योंकि अक्टूबर 2023 से ही उन पर DGGI नजर रखे हुए हैं.

ये सरकारी विभाग टैक्स चोरी रोकने के लिए बना है और इनका कहना है कि विदेशी विमान कंपनियों के भारतीय ऑफिस, अपनी मुख्य कंपनी से ली जाने वाली कई सेवाओं पर जीएसटी नहीं दे रहे हैं. इन सेवाओं में विमानों का रख-रखाव, क्रू मेंबर्स को पेमेंट, तेल और विमान को लीज पर लेने का रेंटल शामिल है.

#### IATA ने अपने पक्ष में क्या कहा

इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने भारत सरकार को लेटर लिखकर अपनी बात कही है. उनका कहना है कि सर्विस देने की जगह हेड ऑफिस और ब्रांच ऑफिस दोनों को नहीं माना जा सकता. एयरलाइंस को सिर्फ उसी चीज पर टैक्स भरना चाहिए जो भारत में टैक्स के दायरे में आता है. मसलन, भारतीय स्टाफ के विदेश में रहने के लिए होटल के खर्चे पर टैक्स देना चाहिए.

एक एयरलाइन के बड़े अफसर ने इकनॉमिक टाइम्स को बताया कि जब किसी विदेशी विमान कंपनी को भारत में उड़ान भरने की इजाजत मिलती है, तो डायरेक्टरेट



जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) इजाजत उनकी पूरी दुनिया के हेड ऑफिस को देता है, न कि भारत की यूनिट को. उन्होंने कहा कि हमने सरकार से गुहार लगाई है कि इस मामले को कुछ समय के लिए रोक दिया जाए.

IATA ने ये भी कहा कि भारत में विदेशी विमान कंपनियों के ऑफिस असल में विमान लीज, क्रू, पायलट, ईंधन और रख-रखाव जैसे अहम कामों को करने में कोई भूमिका नहीं निभाते हैं. भारत से आने-जाने वाले सभी उड़ानों का फैसला, नियंत्रण और संचालन उन विदेशी कंपनियों के हेड ऑफिस से ही होता है. भारत में ब्रांच ऑफिस को किसी भी तरह का रणनीतिक या कार्यकारी जोखिम का काम सौंपना कानूनी रूप से सही नहीं है.

इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (IATA) के डायरेक्टर जनरल विली वॉल्श का मानना है कि भारत में बहुत ज्यादा तरक्की की गुंजाइश है, लेकिन इसको भुनाने के लिए सरकार को सही नीतियां बनानी होंगी. अगर आप चीन का बाजार देखें तो उसका दुनिया के एयर ट्रांसपोर्ट का 12% हिस्सा है. ये इस बात का संकेत है कि भारत में भी इतनी ही तरक्की हो सकती है, पर ये सिर्फ सही सरकारी नीतियों से ही मुमकिन है.

#### किन विदेशी एयरलाइंस को DGGI ने भेजे नोटिस

जिन विमान कंपनियों को समन जारी किए गए हैं उनमें ब्रिटिश एयरवेज, लुफ्थांसा सिंगापुर एयरलाइंस, एतिहाद एयरवेज़, थाई एयरवेज, कतर एयरवेज, अमीरात, ओमान एयरलाइंस, एयर अरबिया और सऊदिया (पूर्व में सऊदी अरबियन एयरलाइंस) शामिल हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस साल की शुरुआत में DGGI के मेरठ और मुंबई ज़ोन ने जांच की थी.

ब्रिटिश एयरवेज, सिंगापुर एयरलाइंस जैसी कंपनियों ने DGGI की कार्रवाई को स्वीकार कर लिया है और ये एयरलाइंस अधिकारियों के साथ सहयोग कर रही हैं. लेकिन उन्होंने इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने पास अपनी नाराजगी भी दर्ज कराई है. IATA की स्थापना साल 1945 में कुछ एयरलाइन कंपनियों ने की थी. आज दुनियाभर की 300 से ज्यादा एयरलाइंस कंपनियां इसकी मेंबर हैं.

#### विदेशी विमान कंपनियों की भारत में कितनी हिस्सेदारी?

भारतीय विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और घरेलू हवाई यातायात पहले से ही दुनिया में तीसरे नंबर पर है. बजट कैरियर ढ्ढठ्ठस्रद्बत्र के नेतृत्व में भारत का एविशेन मार्केट तेजी से बढ़ रहा है, जहां विमान बनाने वाली कंपनियों के पास 1000 से ज्यादा विमानों का ऑर्डर पेंडिंग है. इन विमानों में छोटे और बड़े दोनों तरह के विमान शामिल हैं, जिनमें से बड़े विमानों का इस्तेमाल खासकर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में किया जाता है.

भारत के एविशेन मार्केट की क्षमता को देखते हुए विदेशी विमान कंपनियां भी अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की ओर ध्यान दे रही हैं. दिसंबर 2023 तक डीजीसीए के आंकड़ों के अनुसार, इंटरनेशनल एयर ट्रैफिक में भारत से आने-जाने वाली विदेशी विमान कंपनियों की हिस्सेदारी 55% है. सबसे ज्यादा 10त्न हिस्सेदारी एमिरेट्स की है. इसके बाद सिंगापुर एयरलाइन्स, एतिहाद, कतर एयरवेज, लुफ्तहांसा और एयर अरेबिया का नंबर है. हालांकि भारतीय विमान कंपनियां इंडिगो, एयर इंडिया, विस्तारा, एयर इंडिया एक्सप्रेस और स्पाइसजेट भी इस क्षेत्र में अपनी पैठ बना रही हैं. कुल मिलाकर 72 विदेशी विमान कंपनियों के मुकाबले सिर्फ 5 भारतीय विमान कंपनियां मिलकर भारत से आने-जाने वाली अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा का 45% हिस्सा संभालती हैं. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर के दौरान देश में इंटरनेशनल एयर ट्रैफिक 1.73 करोड़ रहा. इस डिमांड को 78 विदेशी और छह भारतीय कंपनियों ने पूरा किया.

#### क्या विदेशी विमान कंपनियां सच में भारत छोड़ने का जोखिम उठा सकती हैं?

अगर कोई विमान कंपनी फ्लाइट्स की संख्या कम कर देती है या पूरी तरह से भारत से निकल जाती है, तो उसकी जगह कोई दूसरी कंपनी ले लेगी. इससे न सिर्फ उस कंपनी का मार्केट शेयर कम हो जाएगा, बल्कि किसी दूसरी कंपनी को इस मार्केट शेयर का फायदा होगा क्योंकि कम प्रतिस्पर्धा होने से उसे उस रूट पर बेहतर दाम मिल सकेंगे. हालांकि हकीकत ये है कि विदेशी विमान कंपनियां लगातार भारत में अपना कारोबार बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं. भारत से आने-जाने वाले नए नए एयर रूट बना रही हैं और अपनी फ्लाइट्स की संख्या भी बढ़ा रही हैं.

जैसे कि जर्मन विमान कंपनी लुफ्थांसा ने हाल ही में हैदराबाद-फ्रैंकफर्ट रूट शुरू किया है. इसके बाद से उसकी क्षमता कोविड से पहले के लेवल से 14 फीसदी ज्यादा हो गई. ऐसे ही ब्रिटिश एयरवेज दिल्ली और लंदन (हीथ्रो) के बीच एक नई फ्लाइट शुरू होने जा रही है, जिसके बाद उसकी वीकली उड़ानों की संख्या 5 शहरों में 63 हो जाएगी. वहीं एतिहाद जयपुर से नई फ्लाइट शुरू कर रही है और तिरुवनंतपुरम से फ्लाइट्स की संख्या बढ़ा रही है.

# हर साल 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है



स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली** इस साल के विश्व रक्तदाता दिवस का थीम है 20 साल का जश्न- रक्तदाताओं का धन्यवाद। वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल के ब्लड बैंक और ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग ने इस अवसर पर हमारे केंद्र में नियमित स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मानित किया और साल भर उनके निस्वार्थ रक्तदान के कार्य के लिए सम्मानित किया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन एमएस डॉ. वी तलवार ने सभी एडिशनल एमएस, एचओडी डॉ. सुनील रंगा, ब्लड सेंटर इंचार्ज डॉ. रेखा तिर्की और ब्लड सेंटर टीम की मौजूदगी में किया। नियमित स्वैच्छिक रक्तदाताओं को नियमित रक्तदान के लिए दूसरों को प्रेरित करने के लिए सम्मानित किया गया। जब हम रक्तदान के महत्व पर विचार करते हैं, तो रक्तदाताओं की उदारता के कारण बचाए गए अनगिनत जीवन को पहचानना आवश्यक है।

चाहे वह वैकल्पिक सर्जरी से गुजरने वाला मरीज हो या आपातकालीन आधान की जरूरत वाले आघात पीड़ित या जानलेवा बीमारी से जूझ रहा व्यक्ति, सुरक्षित रक्त तक पहुंच अक्सर जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर होता है। रक्तदान करके, हम मूक नायक बन जाते हैं, जो अपने सबसे बुरे समय में लोगों को आशा और उपचार प्रदान करते हैं। हालांकि, रक्तदान की महत्वपूर्ण आवश्यकता के बावजूद, आपूर्ति और मांग के बीच एक निरंतर अंतर बना हुआ है - जो स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश करता है। हम VMMC और सफदरजंग ब्लड सेंटर में जागरूकता बढ़ाकर और रक्तदान के लिए समर्थन जुटाकर इस अंतर को पाटने का प्रयास करते हैं। हम रक्तदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने और जरूरतमंद लोगों के लिए सुरक्षित रक्त की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के अपने प्रयासों को दोगुना करने के लिए दृढ़ हैं। 110 रक्तदान आयोजित किए गए और 10 स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया।

# मैक्रों, सुनक, जेलेंस्की... G7 Summit ने इतर पीएम मोदी ने जमाई अलग बैठक

**● - मोदी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऊर्जा, अफ्रीका-भूमध्यसागरीय नामक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जिसकी मेजबानी इटली के प्रधान मंत्री जॉर्जिया मेलोनी करेंगे और पोप फ्रांसिस भी इसमें शामिल होंगे। पोप के मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने की भी उम्मीद है।**

स्वतंत्र प्रभात


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जी7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में भाग लेने और विश्व नेताओं के साथ विभिन्न मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता करने के लिए दक्षिणी इटली के अपुलिया पहुंचे। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने हवाई अड्डे से एक वीडियो संदेश में कहा कि भारत के प्रधान मंत्री जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली के ब्रिंडिसि हवाई अड्डे पर पहुंचे हैं। शुक्रवार उनके लिए बहुत व्यस्त दिन है। विश्व नेताओं के साथ हमारी कई द्विपक्षीय बैठकें होने वाली हैं। वह जी7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र को भी संबोधित करेंगे। अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान, मोदी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऊर्जा, अफ्रीका-भूमध्यसागरीय नामक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जिसकी मेजबानी इटली के प्रधान मंत्री जॉर्जिया मेलोनी करेंगे और पोप फ्रांसिस भी इसमें शामिल होंगे। पोप के मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने की भी उम्मीद है।

#### भारत यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए उत्सुक है- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने इटली में यूक्रेन के राष्ट्रपति से मुलाकात की। इसके बाद एक्स पर पीएम मोदी ने लिखा कि राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ बहुत ही सार्थक बैठक हुई। भारत यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है। चल रही शत्रुता के संबंध में, दोहराया कि भारत मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में विश्वास करता है और मानता है कि शांति का रास्ता बातचीत और कूटनीति के माध्यम से है।

#### भारत-ब्रिटेन संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि इटली में प्रधानमंत्री ऋषिसुनक से मिलकर खुशी हुई। मैंने एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन व्यापक





रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और जैसे क्षेत्रों में संबंधों को गहरा करने की काफी गुंजाइश है।" व्यापार। हमने रक्षा क्षेत्र में संबंधों को और मजबूत करने के बारे में भी बात की है।

#### पेरिस ओलंपिक के लिए शुभकामनाएं दीं

पीएम नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ अपनी 'शानदार' मुलाकात का जिक्र एक्स पर किया। उन्होंने कहा कि "एक साल में यह हमारी चौथी बैठक है, जो मजबूत भारत-फ्रांस संबंधों को हमारी प्राथमिकता का संकेत देती है। हमारी बातचीत में रक्षा, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, एआई, ब्लू इकोनॉमी और कई अन्य विषयों पर चर्चा हुई। हमने इस बात पर भी चर्चा की कि नवाचार को कैसे प्रोत्साहित किया जाए और युवाओं के बीच शोध। मैंने अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक की मेजबानी के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।

#### रूस को आमंत्रित नहीं किया गया

रूस को आमंत्रित नहीं किया गया है और उसने इस सभा को 'समय की बर्बादी' बताकर खारिज कर दिया है। वर्तमान में युद्ध के तीसरे वर्ष में रूस यूक्रेनी क्षेत्र के लगभग पांचवें हिस्से को नियंत्रित करता है। कीव ने कहा है कि शांति केवल रूसी सेना की पूर्ण वापसी और उसकी क्षेत्रीय अखंडता की बहाली पर आधारित हो सकती है। इससे पहले दिन में पुतिन ने कहा कि दो साल पहले कीव की ओर उनके सैनिकों के बढ़ने का उद्देश्य यूक्रेन को शांति समझौते पर सहमत होने के लिए मजबूर करना था और राजधानी पर हमले का कोई इरादा नहीं था। 8 जून को पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध जीतने के लिए परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से इनकार किया था। ÷असाधारण मामले में - देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरे की स्थिति में, इसका उपयोग संभव है। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कोई मामला आया है. ऐसी कोई आवश्यकता

# विश्व रक्त दाता दिवस पर 27 हस्तियों को दिया गया गारजियन ऑफ़ लाइफ अवार्ड

स्वतंत्र प्रभात

**विशेष संवाददाता दिल्ली**

**दिल्ली** आज विश्व रक्त दाता दिवस पर सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फ़ोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) द्वारा ब्रह्मकुमारी सेक्टर सात के साथ मिलकर व हरियाणा रोडवेज़ ड्राइविंग स्कूल के सहयोग से लगाया गया रक्तदान शिविर करनाल, 14 जून। आज विश्व रक्त दाता दिवस पर सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फ़ोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) द्वारा ब्रह्मकुमारी सेक्टर सात के साथ मिलकर व हरियाणा रोडवेज़ ड्राइविंग स्कूल के सहयोग से विशेष आयोजन साईं मंदिर के पास ब्रह्माकुमारी संस्थान में किया गया। विश्व रक्तदाता दिवस समारोह व इस अवसर पर आयोजित रक्त दान शिविर में करनाल के सिविल सर्जन कृष्ण कुमार व नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त धीरज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि ब्रह्माकुमारी संस्थान सेक्टर-7 की इनचार्ज बी के प्रेम दीदी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सिविल सर्जन डॉ अमन कंबोज, एक दैनिक अखबार के सह संपादक मोहित धूपर, हरियाणा रोडवेज़ ड्राइविंग स्कूल से फोरमैन दविंदर कुमार, प्रशासनिक अधिकारी विनोद कुमार, सरकारी ब्लड बैंक के इनचार्ज डॉ संजय वर्मा, सीजीसी को अध्यक्ष अंजू शर्मा सहित अनेक गण्यमान्य व्यक्ति विशेष रूप से शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पहुंचे रक्तदातों को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन कृष्ण कुमार ने रक्त दान से जुड़ी सभी भ्रांतियों को निर्मूल बताया और कहा कि रक्त दान से कोई कमजोरी नहीं आती। अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने रक्त दान के महत्व पर प्रकाश डाला और मानवीय जीवन बचाने के लिए रक्त दान को सबसे ज़रूरी बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही बी के प्रेम बहन ने कहा कि रक्त दाता उस ईश्वर की भेजी हुई विशेष आत्माएँ हैं जो औरों की जान बचाने के लिए आगे आते हैं। निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि वर्ष 2004 में पहली बार वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइज़ेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस फेडरेशन, रेड क्रिसेंट सोसायटी व रक्त दाताओं की अंतराष्ट्रीय फेडरेशन के साथ मिलकर रक्त दाताओं को सम्मान देते हुए इस दिवस की शुरुआत की गई। विश्व रक्त दाता दिवस को मनाने के लिए रक्त ग्रुप की खोज करने वाले नोबल पुरस्कार विजेता डॉ कार्ल लैंडस्टीनर के जन्म दिन को चुना गया। विश्व रक्त दाता दिवस के अवसर पर आज करनाल ज़िला के शतक वीर रक्त दाताओं, लगातार रक्त दान शिविर लगाने वाली सामाजिक संस्थाओं व रक्त दान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवा सामाजिक कार्यकर्ताओं को गारजियन ऑफ़ लाइफ़ यानी जीवन के संरक्षक अवार्ड से नवाजा गया व सभी चयनित लोगों को विशेष प्रशस्ति पत्र व अवार्ड मेमेंटो से नवाज़ा गया।



बॉक्स वरिष्ठ पत्रकार विकास सुखीजा को 123 बार रक्तदान करने पर गारजियन ऑफ़ लाइफ अवार्ड से किया सम्मानित करनाल। विश्व रक्त दाता दिवस पर वर्किंग जर्नालिस्ट ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव एंव हरियाणा के कार्यकारी अध्यक्ष एंव वरिष्ठ पत्रकार विकास सुखीजा को 123 बार रक्तदान करने पर गारजियन ऑफ़ लाइफ अवार्ड से सम्मानित किया गया है। ज्ञात रहे कि इस पहले भी सुखीजा का हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला द्वारा भी सम्मनित किया जा चुका है। इस कार्यक्रम का आयोजन करने वालों ने आज पत्रकार विकास सुखीजा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहां कि विकास सुखीजा पत्रकारिता के साथ-साथ समाज की सेवा में भी हमेशा तत्पर रहते है। इसके अलावा श्री सुखीजा ने पत्रकारियता के क्षेत्र में आयाम स्थापित करते हुए पत्रकारों के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहते है। इसके अलावा आज के सम्मेलन में निरन्तर रक्त दान करने, रक्त दान शिविर लगाने व रक्त दान को प्रोत्साहित करने के लिए डॉ संजय वर्मा, रामा मदान, लक्ष्य जनहित सोसायटी, कपिल किशोर, विनीत खेडा, डॉ अशोक वर्मा, दिनेश बख्शी, सतीश पंचाल, दिनेश गौकर्ण, अरुण मेहता, संदीप सचदेवा, पंकज गाबा, एम सी धीमान, अशोक कुमार, राजपाल को इस विशेष अवार्ड से सम्मानित किया गया। महिला रक्त दाताओं में से डॉ मीनाक्षी, सुमन अरोड़ा, सुदेश अरोड़ा, सुनीता मोंगिया व बिंदु को भी सम्मानित किया गया। निफा की करनाल इकाई में से निरंतर रक्त दान करने वाले व रक्त दान शिविरों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले रणजीत सिंह गरेटा, सुरेंद्र दत्त शास्त्री, हितेश गुप्ता, मुकुल गुप्ता, विवेक तोमर, अरविंद संधु, वरुण कश्यप, मनिंदर सिंह बब्बू, इंदरजीत सिंह के साथ साथ निफा की असंध, इंद्री व करनाल शाखाओं को भी सम्मानित किया गया।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com